सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-100 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 17 सितम्बर 2023
01 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com







एमएसएमई उद्यमियों को सीएम ने दिया 50 हजार करोड़ का लोन

# नए भारत का है नया उत्तर प्रदेश: योगी

- एमएसएमई ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है
- 66 हजार करोड़ का ऋण वितरित कर चुकी है सरकार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु, सूक्ष्म और मध्यम (एमएसएमई) उद्योग के उद्यमियों को 50,000 करोड़ रुपए देकर इतिहास रच दिया है।

उन्होंने विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित एक कार्यक्रम में एमएसएमई जुड़े उद्यमियों को यह सौगात दी है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने एक बार में इतने बड़े पैमाने पर उद्यमियों को ऋण दिया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। वहीं आज के 50,000 करोड़ रुपए के ऋण वितरण के साथ यह आंकड़ा 66 हजार करोड़ रुपए का हो जाता है। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का नौजवान, महिला, व्यापारी और उद्यमी आत्मनिर्भर बने।सीएम योगी ने शनिवार को 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' योजना के अंतर्गत लोकभवन में आयोजित टूल किट वितरण एवं एमएसएमई जुड़े उद्यमियों के ऋण वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रभावी ढंग से धरातल पर उतार रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2018 में हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के परंपरागत उद्यम के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना प्रारम्भ की थी, जो यूपी की अभिनव पहल थी। इसका उद्देश्य केवल प्रदेश के हुनर को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना ही नहीं था बल्कि उत्तर प्रदेश को निवेश के एक बेहतरीन गंतव्य के रूप में स्थापित करना भी था, जिसमें यह योजना सफल रही। उत्तर प्रदेश की एक जिला एक उत्पाद योजना को प्रधानमंत्री मोदी ने लोकल फॉर ग्लोबल और आत्मनिर्भर भारत योजना की आधारशिला माना है।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वकर्मा जयन्ती पर हस्तशिल्पियों, कारीगरों और अभियन्ताओं सहित सभी प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शनिवार को जारी शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश के आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर और हस्तशिल्पी पारम्परिक कार्यों से जीविकोपार्जन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह हस्तशिल्पी और कारीगर अपने काम में अत्यन्त प्रतिभाशाली हैं। इनकी प्रतिभा निखारने के लिए प्रशिक्षण और व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से 'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना और 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' योजना संचालित की जा रही हैं।

# लखनऊ के रेलवे कॉलोनी में मकान ढहा, पांच की मौत

- भरभराकर गिरी छत, मृतकों में तीन मासूम, सबसे छोटे की उम्र पांच साल



उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि पीड़ित परिवार अवैध तरीके से मकान में रह रहा था। इस बात की भी जांच हो रही है कि परिवार उस जर्जर मकान में कैसे रह रहा था। वहीं सतीश अनुकम्पा के आधार पर नौकरी पाने की कोशिश में भी लगा था।

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में देर रात एक मकान की छत ढह गई, जिससे पांच लोगों की दब जाने से मौत हो गई। बारिश के बाद मकान और कमजोर हो गया था।

सुबह सफाईकर्मियों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंची। टीम ने मलबा हटाकर पांच लोगों को बाहर निकला और उन्हें इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सुबह लोगों का तांता लग गया जिसे संभालने के लिए और पुलिस बुलानी पड़ी। मृतकों में सतीश चंद्र (40), सरोजनी देवी (35), हर्षित (13), हर्षिता (10) और अंश (5) शामिल हैं। डीसीपी पूर्व हृदेश कुमार ने बताया कि पुरानी रेलवे कॉलोनी में घर की छत ढह गई। परिवार के पांच लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पीएम मोदी आज करेंगे सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर यशोभूमि का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी द्वारका सेक्टर 21 से द्वारका सेक्टर 25 में एक नए मेट्रो स्टेशन तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का भी उद्घाटन करेंगे। द्वारका सेक्टर 25 में नए मेट्रो स्टेशन के उद्घाटन के साथ यह दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन से भी जुड़ जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली मेट्रो एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो ट्रेनों की परिचालन गति को 90 किमी/घंटा से बढ़ाकर 120 किमी/घंटा करेगी, जिससे यात्रा का समय कम हो जाएगा। नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 तक की कुल यात्रा में लगभग 21 मिनट लगेंगे।

## नितिन देसाई की पत्नी को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के एक आदेश के खिलाफ दिवंगत बॉलीवुड कला निर्देशक नितिन देसाई की पत्नी नैना देसाई की अपील को खारिज कर दिया है। एनसीएलटी ने देसाई की कंपनी के खिलाफ दिवालिया होने की कार्रवाई के आदेश दिए थे, जिसको खारिज करने के लिए नैना ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने 11 सितंबर के अपने आदेश में कहा, हमें लागू फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई अच्छा आधार और कारण नहीं मिला और इसलिए अपील खारिज की जाती है।

# आजम खां की बढ़ी मुश्किलें

## सीबीआई के बाद अब ईडी करेगा जौहर विवि की जांच

- चैरिटी के पैसों का होटल में किया गया निवेश
- अलग-अलग बही-खाते बनाए गए



**रामपुर।** रामपुर में मौलाना अली जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण में सरकारी विभागों का पैसा लगा होने के प्रमाण मिलने के बाद आयकर विभाग जल्द प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखकर जांच शुरू करने की सिफारिश करेगा। दरअसल, निजी विश्वविद्यालय में सरकारी धन खर्च होने की जांच आयकर एक्ट में संभव नहीं है। इसी वजह से ईडी को पत्र लिखकर सरकारी अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर अंजाम दिए गए इस भ्रष्टाचार की जांच करने का अनुरोध किया जाएगा। बता दें कि ईडी पूर्व मंत्री एवं सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के खिलाफ तीन मामलों की जांच पहले से कर रहा है। इनमें जौहर विश्वविद्यालय का निर्माण, जल निगम भर्ती घोटाला और रामपुर में जबरन किसानों की जांच हड़पने की जांच शामिल है। आयकर विभाग की सिफारिश पर अब सरकारी विभागों की रकम को निजी विश्वविद्यालय में खर्च करने की जांच भी जल्द शुरू हो सकती है। वहीं, आजम खां के करीबी फसीह जैदी के आवास से मिले दस्तावेजों की पड़ताल में सामने आया है कि जौहर ट्रस्ट को मिली दान की रकम को चैरिटी के काम की बजाय आजम अपने कुनबे पर खर्च कर रहे थे। बड़े पैमाने पर इस रकम को होटल, रिसॉर्ट, कॉलेज और संपत्तियों में निवेश किया गया है। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में कुल 58 इमारतों की निर्माण लागत 418.37 करोड़ रुपये आंकी गई है। इन इमारतों में बड़ी तादाद में अत्याधुनिक उपकरण, फर्नीचर इत्यादि भी मिले हैं, जिससे इसकी कीमत कई गुना ज्यादा होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## 23 को होगी एक राष्ट्र एक चुनाव समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** एक राष्ट्र एक चुनाव समिति की पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। पूर्व राष्ट्रपति और समिति के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा, पहली बैठक 23 सितंबर 2023 को होगी। एक राष्ट्र एक चुनाव की घोषणा 31 अगस्त को की गई थी। कई राजनीतिक दल, राजनेता और चुनाव विशेषज्ञ तब से संसद के विशेष सत्र को बुलाने के एजेंडे की भविष्यवाणी और अनुमान लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

## बारामूला एनकाउंटर में तीन आतंकी ढेर

**बारामूला।** पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर पीएमएस ढिल्लों ने शनिवार को कहा कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले के उरी शहर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास तीन आतंकवादियों को मारकर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। ढिल्लों ने कहा कि दो आतंकवादियों को मार गिराया गया और उनके शव बरामद कर लिए गए, तीसरा आतंकवादी मारा गया, लेकिन आसपास के क्षेत्र में एक पाकिस्तानी चौकी से गोलीबारी के कारण शव की बरामदगी में बाधा उत्पन्न हुई। विशिष्ट इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान में, आज बारामूला में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। तीन आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की और सतर्क सैनिकों ने उन्हें मार गिराया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

# 31 शहरों में एनआईए की रेड

## छापों के दौरान आपत्तिजनक सामग्री बरामद



**बेंगलुरु।** दक्षिण भारत के कई राज्यों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी में आतंक की पाठशाला को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। वैश्विक आतंकी संगठन, आईएसआईएस-प्रेरित भर्ती अभियान को विफल करने के लिए जांच एजेंसी ने तमिलनाडु और तेलंगाना में 31 स्थानों पर छापेमारी की है। छापों के दौरान जो भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है, उससे मालूम पड़ता है कि आईएसआईएस, भारत में भोले-भाले युवाओं को गुमराह कर उन्हें कट्टरपंथ के रास्ते पर लाने की कोशिश कर रहा है। युवाओं की भर्ती के लिए नए-नए तरीके खोजे जा रहे हैं। इसके लिए विभिन्न शहरों में स्टडी सेंटर खोले गए हैं। वहां पर अरबी सिखाने की आड़ में आईएसआईएस आतंकी की पाठशाला चलती है। इन पाठशालाओं में खिलाफत विचारधारा का प्रचार-प्रसार हो रहा था। बाद में इन्हीं पाठशालाओं से निकले युवा, आतंक के रास्ते पर चलते हैं। वे भारत की एकता और अखंडता को तोड़ने की कोशिश करते हैं। एनआईए के मुताबिक, आईएस आईएस के भर्ती अभियान और उसकी भावी प्लानिंग के मद्देनजर, शनिवार को तमिलनाडु व तेलंगाना में 31 स्थानों पर रेड की गई है। छापेमारी में भारतीय और विदेशी मुद्रा के साथ-साथ कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने तमिलनाडु और तेलंगाना में मोबाइल फोन, लैपटॉप और हार्ड डिस्क बरामद की है। इसमें मौजूद डाटा की जांच की जा रही है। तलाशी के दौरान भारतीय मुद्रा में 60 लाख रुपये और 18,200 अमेरिकी डॉलर के अलावा स्थानीय और अरबी भाषाओं में कई आपत्तिजनक किताबें भी जब्त की गई हैं।



# पांच दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त महाविद्यालय में नवप्रवेशित स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों को अध्ययन प्रणाली अनुशासित जीवन तथा सहपाठी छात्र/छात्राओं व शिक्षकों के मध्य सहज संवाद स्थापित कर सफलता प्राप्त करने के लिये विद्यार्थी अभिप्रेरण कार्ययोजना के तहत दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह की श्रृंखला का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने महाविद्यालय के संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। दीक्षारम्भ कार्यक्रम में चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने स्नातक एवं परास्नातक छात्र / छात्राओं को अनुशासन सम्बन्धी नियमों एवं शिक्षण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी पूर्ण निष्ठा व लगन से लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़े और एक सफल नागरिक बनकर समाज के साथ-साथ देश के विकास में योगदान दें। इसी क्रम में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति पंत ने छात्र/छात्राओं को अर्थशास्त्र की बारीकिया बताते हुए कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच सहज संवाद और अनुशासन आवश्यक है। जिससे विषय को समझने में आसानी होती है।

उन्होंने जेंडर सेंसटाइजेशन के मुद्दे पर चर्चा करते हुए बताया कि आज शिक्षा के द्वारा स्त्री-पुरुष में भेद करने वाले व्यवहारों में कमी आई है। छात्र/छात्रायें मिल-जुलकर आगे बढ़ रही है। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने शोध प्रविधि की जानकारी देकर शोध पत्र लिखने के साथ-साथ कैरियर काउंसलिंग समिति के बारे में बताते हुए छात्र / छात्राओं को रोजगार सम्बन्धी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें के बारे में भी बताया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. डी. एन. मालपानी ने बताया कि आर्थिक और सामाजिक मुद्दों की समझ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देती है। जिससे विद्यार्थी समस्याओं के निदान के प्रति प्रयत्नशील रहते हैं। उन्होने नई शिक्षा नीति से होने वाले विभिन्न सकारात्मक परिणामों की जानकारी देकर छात्र / छात्राओं को प्रेरित किया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. नीलम त्रिवेदी ने छात्र / छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे विज्ञान का ज्ञान लेते रहें साथ ही संगीत और कला इन दोनों विषयों के माध्यम से आनंद की अनुभूति भी करें क्योंकि सांस्कृतिक गतिविधियां छात्र / छात्राओं में छुपी प्रतिभा को उभारती है। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. जे.एन. सिंह, इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. नूतन सिंह व हिन्दी विभागाध्यक्ष देशराज ने क्रमशः अंग्रेजी शिक्षा, इतिहास शिक्षण व हिन्दी शिक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षक का कार्य विद्यार्थियों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। विद्यार्थी सजग व सतर्क रहकर ज्ञानार्जन करें। एण्टी रैगिंग समिति के संयोजक प्रो. डी.के. सिंह ने यूजीसी द्वारा जारी एण्टी रैगिंग नियमों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल ने कहा कि सभी विद्यार्थी आज से ही अपना लक्ष्य तय करके उसके अनुरूप तैयारी करें, उन्होंने छात्र / छात्राओं का आहवान करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के द्वारा पाठ्यक्रमों में आये बदलाव से लाभ उठाकर अपने अच्छे भविष्य की बुनियाद रखें। शिक्षक तथा महाविद्यालय प्रशासन उनके सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। संबोधन के उपरान्त प्राचार्य प्रो. पाल ने उपस्थित सभी को पंचप्रण की शपथ दिलायी। कार्यक्रम का सफल संचालन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र / छात्रायें उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 49 शिकायती आयी मात्र 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील धौरहरा सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसडीएम धीरेंद्र सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी मौजूद रहे डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 14, पुलिस 19, विकास 02, नगर पंचायत व विद्युत 03-03 एवम् अन्य के 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम धीरेंद्र सिंह, सीओ पीपी सिंह, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, तहसीलदार आदित्य विशाल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आयोजित हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**अवधनामा संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** जेसीआई लखीमपुर के द्वारा जैथरा एमरान जेसीआई जन सम्पर्क सप्ताह 2023 के अंतर्गत महान दिवस दिनांक 15 सितंबर 2023 को जेसी सौरभ गुप्ता की अध्यक्षता, शुभम टंडन सप्ताह संयोजक, योगेश जोशी सप्ताह प्रभारी, तुषार गर्ग, अमित मिश्रा सप्ताह समन्वयक, विकास टंडन कार्यक्रम प्रभारी के मार्गदर्शन एवं मीता गर्ग, डाक्टर मुदित मेहरोत्रा के कुशल निर्देशन में नन्हें मुन्ने बच्चों ने बिखेरा जलवा, फैंसी ड्रेस में विभिन्न रूप लेकर समृद्धि, गुरनूर, दर्श, अथर्व, लक्ष्य, प्रांश, विराज और शैली ने सभी का मन जीत लिया। मीता गर्ग के संचालन में आयोजित बहुरूप प्रदर्शन (फैंसी ड्रेस) प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका का निर्वहन जेसी राम मोहन गुप्त, समीक्षा टंडन ने किया। बच्चों के मनमोहक प्रदर्शन ने सभी की अपार प्रशंसा प्राप्त की। समय से आने वाले सदस्यों को ÷मैं हूं पंक्चुअल÷ उपाधि और विशेष पुरस्कार दिए गए मेधावी विद्यार्थियो को स्व मुकेश बरनवाल स्मृति में पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र दिये गये पूर्वाध्यक्ष जेसी अर्जित अग्रवाल को जेसी प्रतिभा सम्मान दिया गया जेसीरेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये! लकी ड्रा में प्रथम मुदित गुप्ता,द्वतीय दीपिका गुप्ता, तृतीय कुशाग्र अग्रवाल, सांत्वना श्रवण शर्मा, श्रद्धा मिश्रा, राम मोहन गुप्त जी को प्राप्त हुआ जेसी सप्ताह में निदेशक, प्रभारी के रूप में सक्रियतम भूमिका निभाने वाले तथा विशिष्ट सहयोग करने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में पूर्वाध्यक्ष जेसी केवल कृष्ण, राम मोहन गुप्त, दिनेश कुमार गुप्ता, तुषार गर्ग श्रवण शर्मा,अतिन गर्ग, विशाल सेठ, विकास टंडन अमर सिंह, अमित मिश्रा, अर्जित अग्रवाल, योगेश जोशी कनिष्क बरनवाल, कुमार उत्कर्ष, शुभम टंडन, अमित अग्रवाल, रितिक साहू, सचिन, कुशाग्र राहुल मुदित राम जी अंकुर डोगरा मनीष अनिल पूजा पुरी चेयरपर्सन जेजे हर्षित चेयरमैन, पूर्व चेयरपर्सन कंवलजीत, नीरजा, श्रद्धा, शिल्पी, मीता, पारुल जेसी, जेसीरेट एवं जेजे सदस्य उपस्थित रहे।

# विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुई अभियुक्तों की गिरफ्तारियां

**अवधनामा संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध वृहत स्तर पर कार्यवाही करते हुए 22 नफर NBW वारन्टी 1. पप्पू उर्फ राजेन्द्र पुत्र पूरनलाल नि0 महराजनगर ग्रन्ट न0 10 थाना मैलानी जनपद खीरी वाद सं0 5677/16 धारा 26 एफ0एक्ट ता0 पेशी 16.09.2023 2. बटरा पुत्र मिश्री नि0 देवीपुर थाना मैलानी वाद संख्या 6843/16 व 5677/16 धारा 26 एफ0एक्ट सम्वन्धित न्यायालय C.J.(S.D.) /F.T.C./ A.C.J.M. जनपद लखीमपुर खीरी 3. अनिल कुमार पुत्र राजाराम उम्र 32 वर्ष नि0 गंगापुर थाना मैलानी जनपद खीरी वाद स0 380/17 धारा 323,504 भादवि ता0पेशी 21/9/2023 4. ठाकुर पुत्र मेवाराम उम्र 38 वर्ष नि0 छेदीपुर थाना मैलानी खीरी वाद स0 3619/16 धारा 323,504 भादवि ता0 पेशी 26/9/23 5. फूल सिहं पुत्र उमराव उम्र 35 वर्ष नि0 छेदीपुर थाना मैलानी खीरी वाद स0 3619/16 धारा 323,504 भादवि ता0 पेशी 26/9/23 6. भीम उर्फ भीम्मा पुत्र फरमन उम्र 67 वर्ष नि0 राजामण्डी थाना मैलानी खीरी वाद स0 1500/16 धारा 436, 427, 352, 504, 506 भादवि ता0पेशी 20/9/23 7. मुरारी चौहान पुत्र सम्मा उम्र 48 वर्ष नि0 उजागरपुर थाना मैलानी खीरी वाद सख्या 4648/16 धारा 147/ 148/ 323/ 504/ 506/ 452/ 427/ 325 भादवि ता0 पेशी 26.09.23 सम्वन्धित न्यायालय C.J. (S.D.) /F.T.C./A.C.J.M. जनपद लखीमपुर खीरी 8. लालाराम पुत्र जगगन उम्र 59 वर्ष नि0 छेदीपुर थाना मैलानी खीरी वाद स0 3654/14 धारा 325,323,504 भादवि ता0 पेशी 16/9/23 9. जहीर पुत्र नत्थु उम्र 66 वर्ष नि0 उजागरपुर थाना मैलानी खीरी 10. जाहिद पुत्र महंगे उम्र 45 वर्ष नि0 उजागरपुर थाना मैलानी खीरी 11. फरियाद पुत्र गुलाब नबी उम्र 35 वर्ष नि0 उजागरपुर थाना मैलानी खीरी 12. नवी हसन पुत्र मेहंदी उम्र 35 वर्ष नि0 उजागरपुर थाना मैलानी खीरी समस्त वाद संख्या 4648/16 धारा 147/ 148/ 323/ 504/ 506/ 452/ 427/ 325 भादवि ता0पेशी 26.09 .2023 13. मूलचन्द पुत्र छोटेलाल नि0 फुलहिया थाना मैलानी जनपद खीरी उम्र 40 वर्ष वाद सं0 4300/21 धारा 325/323/504 भादवि ता0पेशी 22.09.23 सम्वन्धित न्यायालय C.J. (S.D.) /F.T.C./ A.C.J.M. जनपद लखीमपुर खीरी 14. बृजेश पुत्र बाबूराम नि0 ककराही उम्र करीब 40 वर्ष थाना मैलानी जनपद खीरी वाद सं0 662/17 धारा 379/411 भादवि व 26/41/42 एफ0एक्ट 15. सरताज खां पुत्र अनवर खां उम्र 34 वर्ष नि0 जंगलात वार्ड कस्बा व थाना मैलानी जनपद खीरी वादं सं0 153/17 8/18 एनडीपीएस एक्ट ता0 पेशी 21.09.2023 सम्वन्धित न्यायालय C.J.(S.D.) /F.T.C. /A.C.J.M. जनपद लखीमपुर खीरी 16. दान बहादुर पुत्र रामसूरत उम्र करीब 62 वर्ष नि0 बरौझा थाना मैलानी जनपद खीरी वाद सं0 4237/21 धारा 323/504/506 भादवि ता0पेशी 28.09.2023 सम्वन्धित न्यायालय C.J.(S.D.) /F.T.C./ A.C.J.M. जनपद लखीमपुर खीरी 17. रामसिंह पुत्र पुनई उम्र 67 वर्ष नि0 खजुहा थाना मैलानी जनपद खीरी 18. हरिराम पुत्र पुनई उम्र 65 वर्ष नि0 उपरोक्त वाद सं0 2009/23 धारा 147/ 148/ 149/ 323/ 504/ 506/ 435 भादवि ता0 पेशी 14.09.23 सम्बन्धित न्यायालय A.C.J.M कोर्ट न0 03 जनपद खीरी 19. रमेश रैदास पुत्र कोमल उम्र 40 वर्ष नि0 पहाडनगर थाना मैलानी जनपद खीरी वाद सं0 1667/16 ता0पेशी 26.09.23 सम्वन्धित न्यायालय C.J.(S.D.) /F.T.C./A.C.J.M. जनपद लखीमपुर खीरी 20. जगदीश उर्फ जग्गा पुत्र चेतराम उम्र 37 वर्ष नि0 रामपुर ढखैया थाना मैलानी खीरी वाद सं0 2265/16 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट ता0पेशी 21.09.23 21. ओम प्रकाश पुत्र बद्री उम्र 45 वर्ष नि0 लैलूननगर थाना मैलानी जनपद खीरी वाद संख्या 4065/16 धारा 457/380/411 भादवि ता0 पेशी 22.09.23 सम्वन्धित न्यायालय C.J.(S.D.)/ F.T.C./ A.C.J.M. जनपद लखीमपुर खीरी 22. सुरेश पुत्र मंगू पासी उम्र 45 वर्ष नि0 बौझिया संसारपुर थाना मैलानी जनपद खीरी सम्वन्धित न्यायालय C.J.(S.D.)/ F.T.C./ A.C.J.M. जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुयी है, अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

# नीति आयोग के तहत डीएम की अध्यक्षता में हुआ चिंतन शिविर का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**


**लखीमपुर खीरी।** विकास की दौड़ में पीछे रह गए जिले के 02 आकांक्षी ब्लॉक धौरहरा और बाकेगंज को बराबरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चल रही है। तहसील सभागार में शनिवार को भारत सरकार के नीति आयोग के तहत आकांक्षी कार्यक्रम के मानदंडों के अनुसार डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के अध्यक्षता में ब्लॉक धौरहरा व बाकेगंज का चिंतन शिविर का आयोजन हुआ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि इस शिविर में नीति आयोग के पांच थीम्स (स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, पेयजल एवं स्वच्छता, आधारभूत संरचना और सामाजिक विकास), नौ सेक्टर और 39 इंडिकेटर में काम किया जाना है, उस पर अफसर विशेष रूप से फोकस करते हुए चिंतन एवं समीक्षा करे। इसके साथ ही उक्त पैरामीटर के तहत यथाशीघ्र सुधार को लेकर ब्लॉक स्तरीय रूपरेखा तैयार की जाए। जिससे की दोनों ब्लाकों को नीति आयोग के पिछड़े मानदंडों से बाहर निकाला जा सके। डीएम ने सभी विभाग के अफसरों-कर्मचारियो को निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित कार्यो को एक मास्टर प्लान बनाते हुए समुचित रूप से ससमय कार्य निष्पादन किया जाए। जिससे कि राज्य एवं केन्द्र स्तर पर दोनो आकांक्षी ब्लॉक का प्रदर्शन बेहतर हो सके। नीति आयोग के मार्गदर्शिका के तहत ऐसे ब्लॉक जिनका प्रदर्शन बेहतर होता है उन्हें केंद्र सरकार के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने चिंतन शिविर की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। निर्देश दिए कि आज की इस शिविर में जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन करते हुए सभी इंडिकेटर में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं।बीडीओ चंदन देव पांडेय ने चिंतन शिविर में नीति आयोग के पांच थीम्स (स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, पेयजल एवं स्वच्छता, आधारभूत संरचना और सामाजिकविकास), नौ सेक्टर और 39 इंडिकेटर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। बताते चले कि आकांक्षी कार्यक्रम के तहत पूरे देश से ऐसे ब्लाक को चयनित किया गया है, जो नीति आयोग के पैरामीटर में पिछड़े हुए है। उक्त पैरामीटर के तहत जनपद खीरी के दो ब्लॉक धौरहरा और बाकेगंज को शामिल किया गया है। बैठक में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा, सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह, डीपीओ संजय कुमार निगम, डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, बीडीओ बाकेगंज, ऋषिकांत भी अपने ब्लॉक टीम सहित अन्य संबंधित विभाग मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली चोरी की घटना का हुआ सफल अनावरण

**लखीमपुर खीरी।** थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई ट्रैक्टर-ट्राली चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए ऑपरेशन दृष्टि के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की मदद से 02 नफर अभियुक्तों पवन पुत्र हीरालाल व हीरालाल पुत्र रामासरे को चोरी के 01 अदद ट्रैक्टर मय 02 अदद ट्रालियों व थाना क्षेत्र में उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा की गई अन्य चोरियों से संबंधित माल को बेचकर शेष बचे 2,700 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पवन उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध चाकू भी बरामद किया गया है, जिसके संबंध में थाना भीरा पर मु0अ0सं0 457/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## आखिर कब जागेगा प्रशासन



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर शहर के मोहल्ला बक्सा मार्केट कुष्ठ अस्पताल के ठीक सामने पुलिया का यह पत्थर पिछले कई वर्षो से जैसे का तैसा ही पड़ा हुआ है इस पर न तो नगर पालिका प्रशासन की नज़र जाती है न ही किसी अन्य जिम्मेदार व्यक्ति की आये दिन हो रहे हैं हादसे आखिर कब जागेगा प्रशासन।

## समाधान दिवस में आई 28शिकायते

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसीलदार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता व क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान दिवस में कुल 28 शिकायत पत्र आए जिसमे राजस्व 11, पुलिस 12, विकास 1, अन्य 4 एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। शिकायतओ के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस की टीमें गठित की गई है, बता दे कि आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर एस डी एम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए उन्होंने अधीनस्थों को गुणवत्ता पूर्वक समय अवधि के अंदर शिकायतों का निपटारा करने की बात कही। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी महराजगंज बालेंदु गौतम सहित राजस्व निरीक्षक हल्का लेखपाल अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जन शिकायतों का समय से हो निस्तारण: जिलाधिकारी

**सीतापुर।** आम जनमानस की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निस्तारण करने के लिए शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील महमूदाबाद में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को दिए सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं, उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। इस मौके पर 57 शिकायतें आई। जिनमें से 7 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

# कृषक जागरूकता गोष्ठी /प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।**जनपद में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इनसीटू मैनेजमेन्ट आफ काप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी/ प्रदर्शनी का आयोजन विकास खण्ड भरखनी में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मा0 विधायक सवायजपुर के प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी द्वारा गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा किसानों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा कहा किसान भाई सम्बन्धित विभागों में सम्पर्क कर योजनाओं का लाभ उठाये। डा0 नन्द किशोर, उप कृषि निदेशक, द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के बारे बताया तथा सभी किसानों से आग्रह किया कि सभी किसान भाई अपनी ई केवाईसी अवश्य करा ले जिससे उन्हें सूचारूप से पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त होता रहे। उन्होंने किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) की फसलों की जानकारी दी तथा बताया कि श्री अन्न की फसलों की खेती मृदा एवं मानव के स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। इसकी खेती में सिंचाई एवं उर्वरक की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है। किसान भाई अपनी फसलों की लाइन से बुवाई एवं रोपाई करे तथा सन्तुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें। इसके अलावा किसानों को यह भी कहा कि पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत 60 प्रतिशत अनुदान पर अपने खेत पर सोलर पम्प लगाकर सुनिश्चित सिंचाई की व्यवस्था एवं बिजली की बचत कर सकते है। उन्होने किसानों से अपील की कि वह अपने खेतो में फसल अवशेष (पराली) को न जलाये बल्कि फसल अवशेष/ पराली को नजदीकी गौशालाओं में पराली दो खाद लो योजनान्तर्गत अपनी पराली को देकर गोबर की खाद प्राप्त करे।

## राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे अमन

**सीतापुर।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा संसद में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सीतापुर जिले का नेतृत्व छात्र अमन कुमार त्रिपाठी करेंगे। जनपद स्तर पर गांधी का वैश्विक प्रभाव आधुनिक युग में गांधीवादी विचारों की प्रासंगिकता विषय पर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्राप्त 3 मिनट के वक्तव्य वीडियो प्रेषण में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी के रूप में अमन का नाम चयनित हुआ है। अमन कुमार त्रिपाठी ब्लाक मछरेहटा के बीहट बीरम यूथ क्लब के अध्यक्ष युवा स्वयं सेवक, विधि छात्र हैं। उनका चयन सर्वश्रेष्ठ के रूप में हुआ है।

# विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर टूल/ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर लोकभवन सभागार, लखनऊ में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षत लाभार्थियों को टूलकिट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसका शुभारम्भ माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है, जिसका प्रदेश के समस्त जनपदों में सजीव प्रसारण किया गया। जनपद - रायबरेली से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षत दर्जी ट्रेड में 20 बढ़ई ट्रेड 10 एवं हलवाई ट्रेड में 06 लाभार्थियों को टूलकिट के साथ उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु भेजा गया है। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद रायबरेली के कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कार्यालय में आयोजित किया गया है, कार्यक्रम में माानीय विधायक सलोन अशोक, पूजा मिश्रा अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व एवं राजेश मिश्रा परियोजना निदेशक की उपस्थित में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षण बड़ई ट्रेड के 05 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किया गया है तथा स्वरोजगार योजनाओं में लाभान्वित गरिमा श्रीवास्तव को रूपये 10.00 लाख, हरप्रीत कौर को 15.00 लाख, अखिलेश कुमार को 5.00 लाख, राम सनेही को 10.00 लाख एवं राम गोपाल अग्रहरि को रू0 25.00 लाख का को डेमो चेक वितरित किया गया है साथ ही परमहंस मौर्य, उपायुक्त उद्योग द्वारा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई और यह भी अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में कुल 63 लाभार्थियों के रूएये 838.00 लाख की धनराशि बैंको द्वारा वितरित किया गया है।

# टॉपटेन हिस्ट्रीशीटर अपराधी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**सीतापुर।** अटरिया थाना पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक वह गैंगेस्टर व थाने का टॉपटेन अपराधी है। उसके कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। अटरिया थाना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान पिन्टू पुत्र भगवानदीन निवासी बदनपुर मजरा उनई थाना अटरिया को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया। पुलिस का कहना है कि पिंटू यूपी गैंगेस्टर एक्ट का आरोपी है। वह शातिर अपराधी है। उसके ऊपर गैंगेस्टर समेत चोरी, नकबजनी, हत्या का प्रयास, लूट आदि धाराओं में केस दर्ज हैं। पिंटू अटरिया थाने का मजारिया हिस्ट्रीशीटर। वहीं टॉप टेन अपराधी है। आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

# मोटो जीपी बाइक रेस के संबन्ध में हुई गोष्ठी

**अवधनामा संवाददाता**



**गौतम बुद्ध नगर।** पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशों के क्रम में दिनांक 21.09.23 से 25 .09 .23 तक एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो तथा दिनांक 22.09.23 से 24. 09.23 तक बुद्ध अंतरराष्ट्रीय परिपथ में मोटो जीपी बाइक रेस के कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त यातायात गौतम बुद्ध नगर द्वारा सेक्टर 14 ए कार्यालय के मीटिंग हॉल में गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें गौतम बुध नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी सम्मिलित हुए अवगत कराया कि उपरोक्त दोनों कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं दोनों कार्यक्रम में अत्यधिक संख्या में विजिटर तथा दर्शकों के आने की संभावना है इसके दृष्टिगत नोएडा के मार्गो पर अत्यधिक वाहनों के आवागमन होने से यातायात का दबाव बढ़ेगा आमजन को सुचारू यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराकर उत्तर प्रदेश की अच्छी छवि को बनाया जा सके। इसके लिए गौतम बुद्ध नगर यातायात ट्रैफिक पुलिस द्वारा विस्तृत यातायात एडवाइजरी तैयार की जा रही है यातायात प्लान पर सभी अधिकारियों से व्यापक चर्चा की गई। गौतम बुद्ध नगर पुलिस के आमजन द्वारा की जाने वाली अपेक्षा को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों को नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे तथा यमुना एक्सप्रेसवे बॉर्डर पर प्रतिबंधित किया है केवल आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों को पहले से जारी नो एंट्री निर्देश के अनुसार प्रवेश की अनुमति होगी। सभी प्रकार के भारी/ मध्यम /हल्के माल वाहक वाहन नेशनल हाईवे 24 /9 का प्रयोग करेंगे। डीडीसी की बस चिल्ला डीएनडी और कालिंदी कुंज बॉर्डर से नोएडा में प्रवेश न कर मयूर विहार, कोनडली ,झुंडपुरा से होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। मार्ग पर किसी तरह का अतिक्रमण न हो के संबंध में विचार विमर्श किया गया गोष्ठी के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रथम एवं यातायात निरीक्षक उपस्थित रहे।

# 10 माह से दो गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित, ग्रामीणों ने की शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** विकास खण्ड बृजमनगंज के फुलमनहां ग्रामसभा में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के अंतर्गत 2 करोड 21 लाख रुपए की लागत से लगा पानी टंकी अनुपयोगी साबित हो रहा है। गंदा पानी निकलने के कारण ग्रामीण इसका किसी भी प्रकार लाभ नहीं उठा पा रहे है।

ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करते हुए बताया कि फुलमनहां ग्रामसभा में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 21लाख रुपए की लागत से लगा पानी टंकी अनुपयोगी साबित हो रहा है। क्योंकि जब से पानी सप्लाई शुरू हुई है। तभी से हर घरों में लगे टोटी से गंदा पानी निकल रहा है। गंदे पानी की सप्लाई की वजह से लोगों को तमाम दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। जबसे पाईप लाईन बिछाई गई है। तब से आज तक इसका लीकेज सही नही हुआ कही ना कही पानी बहता रहता है। फुलमनहां और चिरैयाकोट में लेहड़ा बाजार में पाईप फटने के कारण नवंबर 2022 से पानी सप्लाई बन्द पड़ा है। और बाकी टोलो पर जहा पानी जा रहा है। वह गंदा पानी निकल रहा है। पानी किसी बर्तन भर कर रख रहे है कुछ ही समय में पीला होने लगता है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अहम बात यह है कि यह समस्या तत्काल की नही बल्कि जबसे टंकी को चालू किया गया है तभी से यह समस्या चलती आ रही है। बावजूद प्रशासन द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। कई बार ग्रामवासियों द्वारा इस मामले की शिकायत की गई, मगर आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। शनिवार को फुलमनहां खास निवासी राम उग्रह प्रसाद, बबलू गौड़, अमित कुमार, अनिल पासवान, पिंटू पासवान, राजमन, जितेन्द्र, बबलू चैरसिया, अजय कुमार, सुभम, सूरज, राम प्रसाद, पारस, मनोज कुमार, सुग्रीव, राजेन्द्र, जितेन्द्र, अनिल, आशीष, शत्रुधन कुमार गोंड, ओमकार, गया प्रसाद, जगदीश, श्यामकरन, दिपक, अखिलेश आदि लोगों ने तहसील दिवस अधिकारी को शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

# सपा महिला सभा का मनोनयन पत्र वितरण 24 सितंबर को

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा के जिला अध्यक्ष सरोज यादव के नेतृत्व में 24 सितंबर को पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी अयोध्या,पर महिलाओं का मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसकी मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव है। बैठक का मुख्य उद्देश्य 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके एवं समाजवादी पार्टी अयोध्या लोकसभा में मजबूती के साथ चुनाव लड़े एवं महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक रहे इसी को ध्यान में रखते हुए सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने 51 सदस्य जिला की कमेटी महिला सभा अयोध्या घोषित की है पूरी कमेटी को नई ऊर्जा के साथ सक्रियता से आने वाले चुनाव में लगने समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए मनोनयन पत्र का वितरण स्वयं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रिबू श्रीवास्तव द्वारा दिया जाएगा।

# 144 मामलों में से 22 का मौके पर निस्तारण

- संपूर्ण समाधान दिवस का फरेंदा तहसील में हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन फरेंदा तहसील सभागार में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 144 मामले आये इसमें से 22 मामलों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। अवशेष मामलों के लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्रतापूर्वक और नियमानुसार वादों को निस्तारित किया करें।

जिलाधिकारी ने सिधवारी, हथिगढवा और मथुरानागर में भूमि विवाद के 03 मामलों राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय भ्रमण कर मामलों को निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत मामलों में गंभीरता दिखाते हुए मामलों को यथाशीघ्र निस्तारित करने और इस विषय मे नियमित समीक्षा हेतु सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, एसडीएम फरेंदा रमेश कुमार, पीडी रामदरश चौधरी व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला उपाध्यक्ष बीडीसी संघ के नेतृत्व में ग्रामीण देंगे धरना

**बीकापुर-अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के पातू ग्राम पंचायत में छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को किया जा रहे नुकसान से अजिज तथा ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा बीडीसी संघ के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे ग्रामीणों के साथ 18 सितंबर को सुबह 10 बजे से ब्लॉक परिसर पर धरना देंगे। इसके कुछ दिन पहले उनके द्वारा खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता से मिलकर दो सूत्रीय मांग पत्र दिया जा चुका है। तथा उप जिला अधिकारी को भी सूचित किया जा चुका है। और समस्या के निस्तारण की मांग की जा चुकी है। बताया कि ग्राम पंचायत में काफी संख्या में सार्वजनिक भूमि उपलब्ध है। ग्राम पंचायत में गौशाला का निर्माण करवाने की मांग की। आरोप लगाया कि ग्राम समाज की सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण को लेकर स्थिति यह बन गई है कि प्रस्तावित गौशाला निर्माण में खासी दिक्कत उत्पन्न हो रही है। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी का ध्यान छुट्टा जानवरों द्वारा फसल बर्बाद किए जाने की ओर आकृष्ट करते हुए मांग कि है कि इन जानवरों को तत्काल प्रभाव से कृषि हित को दृष्टिगत रखते हुए पकड़ कर गौशाला भेजे जाने की व्यवस्था की जाए।

# चिरंजीव हास्पिटल में लगाया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर



- लगभग 200 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** हृदय रोगियों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को अयोध्या नगर के नाका स्थित चिरंजीव हॉस्पिटल में निशुल्क हृदय चिकित्सा रोग शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें दिल्ली से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सत्येंद्र तिवारी ने लगभग 200 मरीजों का चेकअप कर उनका स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई। इस मौके पर डॉक्टर तिवारी ने कहा की विदेशी सभ्यताओं को देखते हुए हमारे देश में भी खानपान में परिवर्तन आया है। जो हृदय रोगों का कारक बन रहा है । इसके अलावा समाज में धूम्रपान की अधिकता हो गई है । यह सब कारण हृदय रोगों को बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं। इन सब से बचना चाहिए। जहां तक हो सके घर का बना खाना खाना चाहिए। खाने में अधिक तेल की मात्रा ना हो ।कोलेस्ट्रॉल पर कंट्रोल करना चाहिए और व्यायाम करना चाहिए। कोरोना काल के बाद से यह देखा जा रहा है कि लोगों की अचानक हृदय रोग से मौत हो रही है। तमाम लोग जोगिंग करने जाते हैं । वहां पर दवाए का अधिक सेवन करने के कारण भी हार्ट अटैक की घटनाएं हो रही है ।इन सब से बचने की आवश्यकता है। इस मौके पर चिरंजीव हॉस्पिटल के निदेशक वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर उमेश चौधरी ने कहा कि आजकल हृदय रोग की बीमारियां बहुत तेजी से बढ़ रही हैं।समाज में बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो सही समय पर सही तरीके से उपचार नहीं कर सकते हैं। ऐसे लोगों को वरिष्ठ चिकित्सकों की सेवा प्रदान करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। हमारी जनता से अपील है कि शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों और सही इलाज पर्याप्त करें। उन्होंने यह भी बताया कि डॉक्टर सत्येंद्र तिवारी प्रत्येक शनिवार को चिरंजीव हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जो लोग निशुल्क चिकित्सा शिविर में उपचार कराने आए हैं।उनको आगे भी निशुल्क उपचार किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल का पूरा स्टाफ जी जान से जुटा रहा।

# शिक्षा को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को होना पड़ेगा जागरूक



अवधनामा संवाददाता

- केडी इंटरकालेज नंदाभार में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**महराजगंज।** सिंदुरिया क्षेत्र में स्थित केडी इंटर कालेज में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान बच्चों के त्रिमासिक परीक्षा का रिजल्ट भी वितरित किया गया। प्रबंधक विपिन श्रीवास्तव ने अभिभावको से बातचीत करते हुए कहा कि सभी बच्चों में कोई ना कोई प्रतिभा होती हैं। वास्तविक शिक्षा अर्थ होता हैं कि बच्चों के उस प्रतिभा को निखारकर समाज और दुनिया के पटल पर रखने की। उन्होंने कहा कि बच्चों के पढ़ाई को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के माता पिता को भी जागरूक होना पड़ेगा और पढ़ाई को पहली प्राथमिकता देना होगा। वहीं अभिभावको से शिक्षको ने बच्चों को मोबाईल ना देने की अपील करते हुए कहा कि केवल जरूरी पड़ने पर ही अपने निगरानी में बच्चों को मोबाईल दें। इस दौरान अभिभावक अर्जून यादव, अभय विश्वकर्मा, शेरेअली, आलमगीर, शिक्षक जीपी गौतम, एसके साहनी, जितेंद्र मद्धेशिया, गिरिजेश वर्मा, अमित पाठक, राजेश शर्मा, रामेश्वर गुप्ता, हरिपाल राव, केपी, नेहा मिश्रा, ललिता चैधरी, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत की ओर से श्रीलंका में खेलेगा महराजगंज का इरफान



**महराजगंज।** अक्तूबर में श्रीलंका में होने वाले इंडो श्रीलंका इंटरनेशनल टेनिस बाल क्रिकेट सीरिज में भारत की टीम में महराजगंज का लाल भी खेलेगा। पिपरा बाबू गांव निवासी इरफान अली का भारतीय टीम में सलेक्शन हुआ है। श्रीलंका में13 अक्तूबर से17 अक्तूबर तक श्रीलंका के कोलंबो में सीरिज होगा। पिछले प्रदर्शन और यूनिट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर इरफान का चयन श्रीलंका के खिलाफ खेलने के लिए हुआ है। इरफान ने चयन में सफल होने के लिए अपने माता- पिता व गुरुजनों को श्रेय दिया है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई फरियाद

**फतेहपुर बाराबंकी।** जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों को समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने की। वहीं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस के दौरान पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी। शिकायतों को सुन इनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम ने अफसरों से कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में कोई कोताही न बरती जाए ताकि शिकायत का निपटारा ढंग से हो सके। इस दौरान सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी रहीं।

## एफएसडीए की टीम ने भरे 7 नमूने

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में शनिवार को सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय प्रियंका सिंह के निर्देशन में दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थो से बने खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु अभियान चला कर निम्न कार्यवाही सम्पादित की गयी। उक्त कार्यवाही मुख्य खाद्य सुरक्षा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार पाल, ओंकारनाथ यादव, श्रीमती अन्जू यादव, डा राकेश कुमार सिंह सम्मलित रहें। टीम द्वारा कुल 07 नमूने भरकर जांच के लिए भेज दिए गए।

## चोरी के आभूषणों समेत तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद किये है। थाना बिहारीगढ़ प्रभारी बीनू सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुंदरपुर तिराहे से मुकदमें में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों सद्दाम पुत्र रिजवान निवासी गांव शेखू मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर, सागर पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम ताल्हापुर थाना बिहारीगढ़ व विशाल उर्फ खटाई पुत्र सुक्कड सिंह निवासी ग्राम अलीपुर थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने चार जोडे छोटी बड़ी पैरों की चुकटी, एक अंगूठी, एक अंगूठी महिला, तीन जोड़े चुकटी, दो जोड़े पाजेब, एक लॉकेट व चेन बरामद की। पुलिस द्वारा अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। थानाअध्यक्ष बिहारीगढ़ बीनू सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास रहा है और उनके खिलाफविभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी कल से

**अयोध्या।** अंजुमन आशिकाने रसूल सुभाष नगर के जेरे एहतेमाम 12 रोज़ा जश्ने ईद मिलादुन्नबी का इन ईकाद 01 रबीउल अव्वल से 11 रबीउल अव्वल 17 सितंबर से 28 सितंबर तक बाद नमाज़ मगरिब मस्जिद बिलाल में हज़रत कारी मुहम्मद मारूफ साहब की सदारत में होगा जिसमे शहर इमाम हज़रत मौलाना मुफ्ती शमसुल कमर अलीमी साहब खतीब वा इमाम जामा मस्जिद टाट शाह वा क़ाज़ी ए शरीयत ज़िला अयोध्या,फाजिल ए बगदाद हज़रत मौलाना मुख्तारूल हसन साहब शेखुल हदीस दारुल उलूम नूरूलहक चिररा मुहम्मदपुर,हज़रत मौलाना मुफ्ती मोइनुद्दीन अशरफी साहब,हज़रत मौलाना नूरूल हुदा साहब,हज़रत मौलाना गुलाम अली साहब,हज़रत कारी अब्दुल जलील हबीबी साहब,हज़रत मौलाना अब्दुल मुकीत साहब,हज़रत मौलाना फजलुद्दीन साहब,हज़रत मौलाना कारी शाबान साहब खिताब फरमाएंगे।ये जानकारी डॉ0 मोहम्मद तौसीफ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# कोई बकाया नहीं पर थमा दिया बिजली बिल

अवधनामा संवाददाता

- उपभोक्ता ने परेशान होकर दी आत्मदाह की धमकी

**बाराबंकी।** हर माह बिजली का बिल जमा करने के बाद भी बकाया बताकर नया बिल एक उपभोक्ता को थमा दिया गया। अधिकारियों के चक्कर लगाते परेशान उपभोक्ता ने अब बेमियादी धरना और उस पर भी निराकरण न होने पर 25 सितम्बर को विद्युत कार्यालय पर आत्मदाह की धमकी दी है। शहर के मोहल्ला लखपेड़ाबाग, केन्द्रीय विद्यालय के पश्चिम, निकट पानी की टंकी रहने वाले विजय प्रताप सिंह ने बताया कि उनके मकान का विद्युत बिल न0-365123894754 है व मीटर नं0-66648596 खाता सं0-3654421415 है। उक्त कनेक्शन का प्रतिमाह बिल जमा किया जाता रहा है। जुलाई 2023 तक कोई बकाया नही है। इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मीटर से तीन महीने का बिल गलत तरीके से अवैध वसूली हेतु निकाल कर उसे दे दिया है। इस सम्बन्ध में बिजली आफिस घोसियाना के कई अधिकारियों से मिलकर प्रार्थना-पत्र देकर बिजली बिल ठीक करने की गुहार की और दौड़ता रहा लेकिन आज तक उसका बिजली बिल ठीक नहीं किया गया है बल्कि आश्वासन दिया जाता रहा। वह व उसका परिवार मानसिक काफी परेशान है। इसलिए वह 19 सितम्बर को घोसियाना स्थित विद्युत कार्यालय पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेगा। इसके बाद भी जिला प्रशासन व विद्युत विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही न की गयी तो 25 सितम्बर को घोसियाना बिजली कार्यालय में आत्मदाह करके जीवनलीला समाप्त कर लेगा।

## छात्र-छात्राओं को रोजगार परक कैरियर के लिए किया जागरूक

**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज में कैरियर सेल द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को रोजगार परक कैरियर के लिए मार्गदर्शन दिया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.हरिओम गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विभिन्न कम्पनियों एचआर हेड विपिन सिंह, एरिया हेड नीरज ग्रोवर, मार्केटिंग मैनेजर पुष्कर गौड, डिप्टी मैनेजर सचिन खुराना ने छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के कैरियर के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अपने नेत्रों को खोलकर आगे बढ़े और अपना पूरा तन मन उसमें लगा दे। विपिन सिंह ने छात्र-छात्राओं को वीडियो के माध्यम से डिजिटल रेवोल्यूशन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय जेवी जैन कॉलेज में सबसे पहले 5 जी की सुविधाएँ उपलब्ध होगी। आज 5 जी के क्षेत्र में भारत किसी भी देश से पीछे नहीं है।

# सीएचसी बड़ागांव में ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का सांसद ने किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**मसौली बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे शनिवार को ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शिलान्यास सांसद उपेंद्र सिंह रावत एव सीएमओ डा0 अवधेश यादव ने किया। इस दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा मनसुख मांडविया द्वारा हेल्थ यूनिट का वर्चुअल शिलान्यास का कार्यक्रम भी जारी रहा। सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। बड़े और सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में सामान्य बीमारी से पीड़ितों का दबाव कम करने की कवायद तेज की गई है। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में मरीजों को प्राथमिक स्तर का इलाज मिल सकेगा। इसमें डॉक्टर से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ होंगे जो सामान्य बीमारी से पीड़ितों को इलाज मुहैया कराएंगे। दवा, पैथोलॉजी और दूसरी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इन सेंटरों में इलाज की सुविधा पूरी तरह से मुफ्त होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अवधेश यादव ने कहा कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट से गंभीर मरीजों को सीधे हायर सेंटर रेफर किया जा सकेगा। अब तक सीएचसी-पीएचसी से गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर करने की बाध्यता रही है। कई बार ऐसे मरीज भी जिला अस्पताल रेफर होते हैं, जिनकी बीमारी का वहां भी इलाज संभव नहीं होता। कार्यक्रम मे केंद्रीय मंत्री डा मनसुख मांडविया के कार्यक्रम का वर्चुअल दिखाया गया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजीव टंडन, सीएचसी अधीक्षक डा संजीव कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद आशुतोष अवस्थी, शिवस्वामी वर्मा, संजय अवस्थी, केवल प्रसाद, दुर्गेश कुमार, प्रवीण मिश्रा, पप्पू सोनी, आशीष त्रिवेदी, पंकज कपिल, रिषी यादव, डा वी के मौर्य, डा हारून रशीद, डा प्रीति वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 44 शिकायतों में से मौके पर 05 निस्तारित

- शिकायतकर्ता को अनावश्यक पेरशान करने वालों पर होगी कार्यवाही
- वृद्ध विधवा महिला को दिलाया हक, सौंपी खतौनी



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर राजस्व विभाग की 15, पुलिस विभाग की 06, विकास विभाग की 06, विद्युत विभाग की 10, चकबन्दी की 04, आपूर्ति विभाग की 02, कृषि मण्डी की 01 कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील रामपुर मनिहारान में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन समय से अपने कार्यालय में उपस्थित होकर प्रातः 10 से 12 बजे तक जन शिकायतों को सुने और उनका गुणवत्तापरक निस्तारण करें। कार्यालयों में प्रतिदिन जनसुनवाई न करने वालों एवं शिकायतों का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। शिकायतकर्ता को अनावश्यक परेशान करने वाले कर्मियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। डॉ.दिनेश चन्द्र द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत तहसील दिवस पर हौम्योपैथिक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, एलोपैथिक चिकित्सकों को चिकित्सा कैम्प लगाने के निर्देश दिये गये थे। आज तहसील दिवस के अवसर पर केवल हौम्योपैथिक चिकित्सा कैम्प मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी से नाराजगी व्यक्त करते हुए अगले तहसील दिवसों पर आयुर्वेदिक एवं यूनानी तथा एलोपैथिक चिकित्सा कैम्प लगाने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पिछले 06 माह से दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए परेशान फरियादी पूरण सिंह ग्राम नौरंगपुर जोकि छोटे कद के है को सम्मानपूर्वक बैठाते हुए उनकी शिकायत सुनी।

# निगम ने शुरु किया एंटी लार्वा छिड़काव का महाअभियान



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** आज नगर निगम परिसर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर एंटी लारवा छिड़काव के महाअभियान की शुरुआत की। महापौर व नगरायुक्त ने कहा कि शहर में डेंगू के समाप्त होने तक वार्डो में एंटी लार्वा व फॉगिंग का अभियान जारी रहेगा। महानगर में संक्रामक रोगों डेंगू, चिकनगुनिया व टायफाइड आदि बुखारों के प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम लगातार एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग करा रहा है। उसी श्रृंखला में आज नगर निगम द्वारा एंटी लारवा छिड़काव के महाअभियान की शुरुआत की गयी। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर सभी 70 वार्डो में एक साथ हैंड मशीनों के साथ एंटी लारवा छिड़काव के लिए कर्मचारियों तथा तीन गाड़ियों को रवाना किया। तीनों गाड़ियां जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए भेजी गयी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने सफाई कर्मियों को रवाना करते हुए कहा कि शहर में बढ़ते बुखार व अन्य संक्रामक रोगों को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक वार्ड में विशेष कर उन क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव अवश्य करना है जिन क्षेत्रों में जल भराव की समस्या है। उन्होंने बाद में पत्रकारों को बताया कि पूरे प्रदेश में संक्रामक रोगों को नियंत्रित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

ग्राम पंचायत-मझवन खुर्द वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 16.09.2023 से 19.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 19.09.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

रिंकू कश्यप
सचिव
ग्रा.पं. मझवन खुर्द

नीता देवी
प्रधान
ग्रा.पं. मझवन खुर्द

# निपुण असेसमेंट टेस्ट में बच्चों के ज्ञान का हुआ मूल्यांकन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का एक साथ विज्ञान गणित विषय का निपुण असेसमेंट टेस्ट (ह्वझङ्क) की परीक्षा ओएमआर शीट के द्वारा संपन्न हुई। बच्चों के विज्ञान और गणित के ज्ञान का आंकलन किया गया। सभी बच्चों ने ओएमआर शीट पर ह्वझ की परीक्षा में पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विकास क्षेत्र बर्डपुर के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में निपुण असेसमेंट टेस्ट प्रथम की



परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से पर्यवेक्षक रश्मि वर्मा के पर्यवेक्षण में सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा के दौरान ब्लॉक समन्यवयक गुणवत्ता आशीष सिंह ने भी क्षेत्र के विद्यालयों के पर्यवेक्षण के क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी का भी पर्यवेक्षण किया। उक्त विद्यालय में शांतिपूर्वक तरीके से नकल विहीन परीक्षा को देख कर काफी प्रशंसा की। पूर्व माध्यमिक विद्यालयं के कक्षा 6,7,8 के छात्र छात्राओं को विज्ञान गणित का बहुविकल्पीय प्रश्न पत्रों के आधार पर परीक्षा हुई। सभी बच्चों ने ओएमआर शीट पर परीक्षा दी। परीक्षा में नामांकन 114 के सापेक्ष कुल 105 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। कई छात्र छात्राओं का सरल ऐप पर इनरोलमेंट नंबर न शो होने के कारण उनके आंसर शीट को स्कैन नहीं किया जा सका। और तमाम छात्र छात्राओं के आंसर शीट को स्कैन करने पर सरल ऐप से बताए गए इनरोलमेंट नंबर के अतिरिक्त नंबर शो होने पर कई जगह शिक्षकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बीजेपी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान के प्रथम आगमन पर बांसी रोडवेज पर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर भव्य तरीके से स्वागत किया गया।जनपद सिद्धार्थ नगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत होते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के लोगों ने उनका जगह-जगह स्वागत किया।इस दौरान जिला संह संयोजक लघु उद्योग प्रकोष्ठ बलराम कुलश्रेष्ठ, राजेश कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार, प्रमोद हिन्दू, कुबेर बारी, निखिल प्रताप सिंह, श्याम कुमार, महेन्द्र कुमार आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बसपा कार्यकर्ता गांव गांव जाकर बूथों पर करे कामः दिनेश गौतम



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गांव चलो अभियान के तहत विधानसभा डुमरियागंज के सेक्टर नंबर 15 सेक्टर पिपरा रामलाल के ग्राम पंचायत खोरिया गांव में बहुजन समाज पार्टी की एक दिवसीय कैडर कैंप का आयोजन विधान सभा प्रभारी विजय पाल कन्नौजिया की अध्यक्षता में किया गया व संचालन वीरेंद्र कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष ने किया। जिसमें सेक्टर व बूथ के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के मुख्य अतिथि विधान सभा प्रभारी दिनेश चंद्र गौतम ने कहा की बहन जी के शासनकाल में गरीबों के लिए किये गये जनकल्याणकारी कामों को गांव गांव जा कर बताने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि बसपा ही समतामूलक समाज की स्थापना कर सकती है ।

## अज्ञात बाईक सवारों ने कनपटी पर असलहा दिखाकर की लूट

अम्बेडकरनगर संवाददाता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े इलाज कराकर वापस घर जा रही महिला से उसके भाई के कनपटी पर पिस्टल लगाकर सोने की चैन,मंगलसूत्र और चांदी की ताबीज लुटकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात लुटेरों की तलाश शुरू कर दिया है।घटना शनिवार सुबह 10.30बजे के करीब मालीपुर नेमपुर मुख्य से श्यामपुर गांव जाने वाली संपर्क मार्ग के पास घटित हुई।शनिवार सुबह स्थानीय थाना के श्यामपुर गांव निवासी संजय कुमार तिवारी अपनी बहन बिभा शुक्ला को मालीपुर में एक डाक्टर से इलाज कराकर वापस लौट रहे थे

## जल जीवन मिशन योजना की भूमि पर बोरिंग करने पर लगायी आपत्ति



अम्बेडकरनगर संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** तहसील अंतर्गत ब्लाक बसखारी के ग्राम मोहम्मदपुर मुसलमान में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाएं जल जीवन मिशन में आज बोरिंग का कार्य चालू हुआ लेकिन जिस भूमि पर बोरिंग के लिए ग्राम सभा ने जमीन दिया था उस भूमि पर गांव के कुछ अन्य समुदाय के लोगों ने कार्य को रोक दिया और उपद्रव करने लगे। इसकी सूचना राजस्व विभाग की कर्मचारी लेखपाल एवं कानून के साथ-साथ एसडीएम टांडा को भी दिया गया लेकिन मौके पर कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा। जल जीवन मिशन के तहत कार्य करा रही करवाई संस्था विंध्या टेलीकॉम लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी ने मामले को निपटाने की कोशिश किया लेकिन कुछ अराजक तत्वों द्वारा कम को रोक दिया गया। इस काम में अब ग्राम प्रधान भी काम को रोकने में अपना योगदान दे रहे हैं। ग्राम प्रधान ने मौके पर पहुंच कर काम को रुकवा दिया और डीएम एवं एसडीएम को आने के लिए बुलाने की मांग करने लगे। अब मामला यह बनता है कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में जब बड़े-बड़े अधिकारी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के आदेश पर तुरंत पहुंचने के लिए कहा गया है तो फिर जिले के अल हकीम इस मामले को क्यों नहीं देख रहे हैं या जानकारी होने के बाद भी नहीं पहुंच रहे हैं यह चिंता का विषय बना हुआ है।

## मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद के द्वारा स्थापना दिवस

**बस्ती।** अमोड़ा चतुर्भुजी मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद के द्वारा स्थापना दिवस का कार्यक्रम एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के गोरक्ष प्रांत के मठ मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख एवं जिला अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने किया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय समरसता प्रमुख देव जी रावत का संबोधन प्राप्त हुआ उन्होंने संबोधित करते हुए कहा की जो छुआछूत एवं सामाजिक विषमता हिंदू समाज में आई वह पराधीनता कल की देन है हमारी संस्कृत में वेदों में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं था वर्तमान में भी और विदेशी ताकते हिंदुओं को तोड़ने के लिए कुचक्र रच रही है विश्व हिंदू परिषद सनातन हिंदू समाज में हर प्रकार की विसंगतियां को दूर करने के लिए कटिबंध है।

## डीएम व एसपी ने लोगों की समस्याओं को सुना



अवधनामा संवाददाता बस्ती

**बस्ती।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील हर्रैया में सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी अंद्रा वामसी तथा पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा समय से निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 86 मामलें प्राप्त हुए, जिसमें से 22 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग के 32, पुलिस के 20, विकास के 15, विद्युत के 8, शिक्षा के 6, स्वास्थ्य के 3 तथा सरयू नहर खण्ड अयोध्या के 2 मामलें आये। जिलाधिकारी ने कुल 46 अधिकारियों को तहसील हर्रैया के विभिन्न प्राईमरी स्कूलों एवं आगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। तहसील दिवस में कुल 04 अधिकारी अनुपस्थित पाये गये, जिनका वेतन रोकने के लिए उन्होने निर्देशित किया है। इसमें जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, हर्रैया के सहायक अभियन्ता विद्युत, सरयू नहर खण्ड एवं पीडब्ल्यूडी शामिल है। बैठक का संचालन उप जिलाधिकारी हर्रैया गुलाब चन्द्र ने किया। इसमें सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, सीएमओ डा. आर.पी. मिश्रा, डीडीओ निर्मल द्विवेदी, पीडी राजेश झा, अनिल कुमार, जगदीश शुक्ल, अनूप कुमार तथा विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया टूलकिट एवं चैक का वितरण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विश्वकर्मा दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को जिले के अम्बेडकर सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण संपन्न हुआ, साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से ऋण प्राप्त लाभार्थियों को चेक वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने जिले के कारीगरों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र दया शंकर सरोज, लीड बैंक प्रबंधक आर के सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददात



**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बांसी तहसील कार्यालय परिसर में किसान पंचायत का आयोजन कर किसानों की समस्याओं से संबंधित 19 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम प्रमोद कुमार को सौंपा है। किसान पंचायत में ग्राम पंचायत दनियापार में जमीन पर हुए अवैध कब्जे को तहसीलदार व उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद अवैध कब्जा को न हटाया जाना, संपूर्ण तहसील में कोटेदार द्वारा प्रति एक किलो खाद्यान्न कम दिया जाना, बिजली विभाग में अवैध धन की वसूली, मिठवल ब्लॉक के बरगदी गांव निवासी राधे श्याम सोनी का 43960 रुपए का भुगतान 30 दिन के अंदर करने का आदेश के बाद भी आज तक भुगतान नहीं किया जाना जा रहा है ,कुमारी सोनम पुत्री बच्चू लाल तिलोरा घाट की मृत्यु 3 अक्टूबर 2020 को सर्पदंश से हो गई थी जिसकी सहायता राशि तहसील प्रशासन की लापरवाही की वजह से आज तक नहीं मिला,बिजली विभाग द्वारा गलत बिल दिया जा रहा है जिसको अधिशासी अभियंता द्वारा पंचायत में बुलाकर किसानों को बतलाया जाए आदि मामलें छाए रहे।इस अवसर पर देवेन्द्र नाथ मिश्र, विश्वनाथ प्रजापति, मो रफीक, अब्दुल हई, सूर्य प्रकाश सिंह, हरिश्चंद चौधरी, अनिल मौर्य, बिंदा पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## मुस्कुराने से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में क्षय रोगियों को गोद लेने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह की पहल पर विश्वविद्यालय ने 50 क्षय रोगियों को गोद लिया। इस अवसर पर यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र में आयोजित इस प्रदेशव्यापी अभियान में शिक्षकों के सहयोग से क्षय रोगियों के स्वास्थ्यवर्धन के लिए पौष्टिक आहार वितरित किया गया। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने दो क्षय रोगियों को गोद लेते हुए कहा कि हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि हम शैक्षिक व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से संबंधित गतिविधियों में भी अपना योगदान कर पा रहे हैं। उन्होंने क्षय रोगियों के 6 माह के अंदर स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने यह अवसर प्रदान किया है। प्रोफेसर सिंह ने क्षय रोग से बचाव के लिए जागरुक करते हुए कहा कि यह रोग वायु के माध्यम से संक्रमित लोगों के संपर्क में आने से फैलता है। इसके लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को उचित पोषण युक्त खान-पान, व्यायाम तथा योग के माध्यम से बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।

## दारुल उलूम गौसिया हुज़ूरिया खान का पहाड़ी सरिया का सालाना जलसा मनाया

**अतरौलिया आजमगढ़।** उर्से मोजद्देदी के मौके पर दारुल उलूम गौसिया हजूरिया खानकाह पहाड़ी सरैया का सालाना जलसा व दस्तारे फज़ीलत मदरसा के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया ।जलसे की सदारत हज़रत अल्लामा मौलाना सैयद हामिद हसन जिलानी व सैयद अशरफ जिलानी सज्जादा नशीन खानकाह सरैया ने की। निजामत संचालनने बहुत ही अन्दाज में मौलाना शरीफुल हक सुबहानी ने किया।जलसे के खास मेहमान सैयद कामरान हसीब हजारीबाग व जफर अकील कलकत्तवी रहे। जलसे के मेहमान हज़रत मौलाना कलीमुद्दीन, हज़रत मौलाना सकीबुर्रहमान आसाम, मौलाना जुबेर साहब,सैयद मौलाना फैजुल हसन, मौलाना जुल्फेकार ,मौलाना वली मोहम्मद बलरामपुरी रहे। जलसे की शुरुआत कारी अबरार अहमद मोदर्रिस दारुल उलूम गौसिया हजूरिया के तिलावते कलाम पाक से किया गया। कलकत्ता से आए शायर ज़फ़र अकील कलकत्तवी ने दारुल उलूम गौसिया हजूरिया के तरक्की को देखते हुए अपने मजारों में आराम फरमा रहे दो सूफी संतों का दीदार करते हुए क जलसे में आए हुए तमाम ओलमाए कराम ने गौसिया हजूरिया के तरक्की को देख कर खुशी का इजहार करते हुए तरक्की की दुआ की। तथा कहा कि यह दो सूफी संतों का करम है कि दारुल उलूम गौसिया तरक्की के आसमान को छू रहा है। कहा कि दारुल उलूम गौसिया के प्रिंसिपल हजरत मौलाना अब्दुल मुबीन मिस्बाही व मैनेजर सैयद अहमद हसन एडवोकेट के मेहनत का फल है कि मदरसा तरक्की की राह पर चल रहा है। जलसे की खास मेहमान हजरत अल्लामा मौलाना सैयद कामरान हसीब ने अपनी तकरीर में कहा कि हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का मकाम हर मकाम से ऊंचा है। हमको चाहिए कि हुजूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के बताए रास्ते पर चलकर रोजे नमाज का पाबंद हों। उन्होंने जामिया दारुल उलूम गौसिया के तरक्की की दुआ की। तथा जलसा के संयोजक प्रिंसिपल हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुल मुबीन मिस्बाही वह मैनेजर सैयद अहमद हसन एडवोकेट को मुबारकबाद दी। जलसे के खास मेहमान हजरत मौलाना सैयद फैजुल हसन ने अपनी तकरीर में रोजा और नमाज की पाबंदी पर जोर देते हुए कहा कि नमाज हुजूर के आंखों की ठंडक है।

## त्रयम्बक तिवारी को भाजपा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर बधायी

अम्बेडकरनगर संवाददाता

**टाडा ( अंबेडकरनगर )।** भाजपा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति से संबंधित बहुप्रतीक्षित सूची शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने जारी कर दिया।भाजपा जिलाध्यक्ष की जारी सूची में अंबेडकर नगर जिलाध्यक्ष पद पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी की नियुक्ति की गई है।भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद में संगठन को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जिलाध्यक्ष के दायित्व पर फेर बदल किया है।नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देने वालों का तांता लग गया। वरिष्ठ भाजपा नेता गौतम उपाध्याय ने बधाई देते हुए कहा कि त्रयंबक तिवारी के नेतृत्व में जनपद में



भाजपा नई ऊंचाई को छुएगी।कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं की क्षमता के अनुसार दायित्व दिया जाता है।भाजपा संस्कारों और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है जिसमें परिवारवाद नहीं है। पूर्व सभासद जय प्रकाश यादव ने बधाई देते हुए कहा है कि त्रयंबक तिवारी की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा का संचार होगा। लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी जीत हासिल होगी। अजय सोनी ने बधाई देते हुए कहा कि भाजपा में ऊर्जावान और क्षमतावान कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है।संगठन का निर्णय सराहनीय है।त्रयंबक जी के नेतृत्व में भाजपा जनपद में नई कलेवर में स्थापित होगी। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष को जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, सुरजीत मद्धेशिया , राम कुमार मौर्य,दीपक उपाध्याय,संदीप मांझी, अमरीश गुप्ता , राजेश जायसवाल ,आदि शामिल हैं।

## राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज।** देश के नागरिकों को जागरूक और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने हेतु भारत सरकार द्वारा डिजिटल इण्डिया की शुरुआत की गयी है। जब देश का हर नागरिक जागरूक और डिजिटल होगा तो हमारा देश तेजी से विकसित होगा।

## मशरूम उत्पादन तकनीकी पर प्रशिक्षण प्रारम्भ

**आजमगढ़।** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा आजमगढ़ पर प्रभारी अधिकारी प्रोव डी के सिंह के नेतृत्व में केन्द्र पर संचालित अनुसूचित जाति उप परियोजना अंतर्गत 4 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया की मशरूम उत्पादन करके जनपद के बेरोजगार युवा व युवतियाँ आय व रोजगार का सृजन कर सकते हैं द्य प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप मशरूम उत्पादन करके किसान भाई अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं ।

## यूपीपीसीएल डीएफ की प्रबन्ध समिति में संचालक नामित किये जाने पर चन्द्रिका प्रसाद को लगा बधाई का

अम्बेडकरनगर संवाददाता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** भाजपा नेता और मौजूदा जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद को उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण और श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड की प्रबंध समिति का संचालक नामित करते हुए बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। प्रमुख सचिव कार्यालय से जारी आदेश पत्र के अनुसार जलालपुर तहसील के जमौली भड़भड़पुर निवासी चंद्रिका प्रसाद को यूपीसीएलडीएफ की प्रबंध समिति में संचालक के रूप में



नामित किया गया है। सूचना मिलने के बाद भाजपा नेता को बधाइयां और शुभकामनाएं मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,भाजपा नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, कि.मो.जिला मीडिया प्रभारी विकाश निषाद,सुरेश गुप्त,एमएलसी प्रतिनिधि कृष्ण गोपाल गुप्ता, नगर कोषाध्यक्ष अतुल जयसवाल ,नगर उपाध्यक्ष देवेश मिश्र, आशाराम मौर्य,नगर मंत्री रोशन सोनकर ,अमित मद्धेशिया, कार्यालय प्रभारी दिलीप यादव बूथ अध्यक्ष रामलाल देवर्षि,प्रेमचंद आदि ने बधाइयां दी।

## जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मंत्री, नगर विकास, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0/जनपद के प्रभारी मंत्री ए0 के0 शर्मा की अध्यक्षता एवं सांसद जगदम्बिका पाल, जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोविन्द माधव, राम जियावन मौर्य एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में ग्राम मधवापुर में ÷मेरी माटी मेरा देश÷ एवं चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल कार्यक्रम में मंत्री एके शर्मा जी ने उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने आंगन की मिट्टी व अक्षत दिया है, यह मिट्टी चन्दन बनकर दिल्ली में खुश्बू फैलायेगी। प्रधानमंत्री जी को आपकी छोटी-छोटी चीजों की चिन्ता रहती है जिनके द्वारा गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास, उज्वला गैस, सौभाग्य योजना के तहत विद्युत कनेक्शन, राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच और मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि आज जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ



सीधे पात्र लाभाथियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की सोच थी कि समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने से ही समाज और देश का वास्तवित विकास सम्भव है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार उसी सोच की अवधारणा पर गरीबों के उत्थान हेतु काम कर रही है, जिसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए विभिन्न योजनायें संचालित की गई है। जिससे पात्र व्यक्ति लाभान्वित होकर अपने जीवन स्तर में निरन्तर सुधार के प्रति अग्रसर है। चौपाल कार्यक्रम के दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी सभी पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क राशन देने का कार्य किया। कल प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन एवं विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया जायेगा। कल आयुष्मान भवः के तहत मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें छूटे हुये लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। ओडीओपी में चयनित काला नमक चावल की महक विदेशो तक फैल रही है। जनपद में सीएफसी बन गयी है। जनपद सिद्धार्थनगर प्रदेश में सबसे अधिक मछली का उत्पादन कर रहा है। चौपाल कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। ग्राम पंचायत कटकी विकास खण्ड उसका बाजार में पंचवटी वाटिका में पौधरोपण किया गया। लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाया गया। चौपाल कार्यक्रम के अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा रविशंकर पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, खण्ड विकास अधिकारी उसका बाजार व अन्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# शहादत मांगे प्रतिशोध

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग इलाके में, आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान, राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग अफसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष, राज्य पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट्ट और राइफलमैन रवि कुमार जिस तरह 'शहीद' हुए, वह अत्यंत त्रासद और मर्माहत घटना है। ऐसी शहादतों का खालीपन भरना बेहद मुश्किल होता है, क्योंकि एक सैनिक या जवान को प्रशिक्षित करने में अनथक मशक्कत और ढेरों संसाधन लगते हैं। चार परिवारों के आंगन में 'शहीदों' के पार्थिव शरीर रखे थे और परिजन न चाहते हुए भी शोक-संतप्त हैं। जिन बच्चों ने कुछ समय पहले ही अपनी आंखें खोली हैं, वे पिता के साये से अनाथ हो चुके हैं। उनकी नियति शायद यही थी! आतंकवाद और ऑपरेशन इन व्यथाओं को महसूस ही नहीं कर सकते। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का सफाया कर दिया गया है, हमारा राजनीतिक नेतृत्व बार-बार यही दावे करता है, लेकिन यह विराट अर्द्धसत्य है। आतंकवादी नई रणनीति, नई साजिश और नई चुनौतियों के साथ अचानक हमले करते हैं।

शहादत पर देश को गर्व हो सकता है, मां भारती सुरक्षित रहती है, लेकिन घरों के चिराग भी बुझते हैं। आतंकवाद को क्या हासिल होता है? क्या इसे ही जेहाद कहते हैं? बेशक कश्मीर में आतंकवाद की बुझती, आखिरी लौ हो सकती है, लेकिन पाकपरस्त लश्कर-ए-तैयबा और उसके छद्म नाम वाले आतंकी गुट 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के दहशतगर्द अपने नापाक मंसूबों में तो कामयाब रहे हैं। बेशक 95 फीसदी आतंकवाद, उनके नेटवर्क, घुसपैठ और पाकिस्तान का छाया-युद्ध समाप्त हो रहा है, लेकिन शेष 5 फीसदी के उन्मूलन में हमें न जाने कितनी शहादतें देनी पड़ेंगी? इस घटना के साथ संघ शासित क्षेत्र के 'पीर पंजाल' इलाके पर फोकस हो गया है, क्योंकि वह आतंकी गतिविधियों के नए इलाके के तौर पर उभर रहा है। 'पीर पंजाल' में ही जनवरी, 2021 से 30 मई, 2023 के बीच 24 सुरक्षाकर्मी 'शहीद' हुए और 75 नागरिक मारे जा चुके हैं। अगस्त माह तक यह आंकड़ा अधिक हो सकता है, क्योंकि कश्मीर में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ें थमी नहीं हैं। कम जरूर हुई हैं। राजौरी जिले के इस इलाके में घने जंगल और कुदरती गुफाएं हैं। वे आतंकियों के लिए 'पनाहगार' साबित हो रहे हैं। इस इलाके में सुरक्षा स्थितियां बेहतर मानी जाती थीं, लेकिन 2020 के बाद यह आतंकियों का नया गढ़ बन गया है और आतंकी गतिविधियां लगातार जारी रही हैं। पाकिस्तान की सीमा भी करीब लगती है। घने जंगलों के कारण ऑपरेशन चलाने में दिक्कतें होती हैं। चूंकि आतंकी घात लगाए बैठे रहते हैं, लिहाजा हमारे सैनिक और जवान गोलीबारी के सहज निशाने पर रहते हैं। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह का मानना है कि पाकिस्तान को पूरी तरह अलग-थलग कर देना चाहिए। कैसे किया जा सकता है? हमारे क्रिकेट, कूटनीतिक और कुछ कारोबारी संबंध तो हैं।

उन्हें खत्म करेंगे, तो पाकिस्तान अलग-थलग किया जा सकता है। लेकिन फारूक अब्दुल्ला और सैफुद्दीन सोज सरीखे कश्मीरी नेता पुराना राग अलापते रहे हैं कि पाकिस्तान से बातचीत करनी चाहिए। संवाद से ही आतंकवाद का सफाया किया जा सकता है, अमन-चैन आ सकता है, लेकिन मुठभेड़ों से आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारा मानना है कि शहादतों की प्रतिक्रिया में पलटवार किए जाने चाहिए। सेना और सुरक्षा बल प्रतिशोध लें। ऐसा वे कर भी रहे होंगे, क्योंकि हमारे सैनिकों और जवानों के हाथ पूरी तरह स्वतंत्र हैं। बेशक बीते साल में 1.88 करोड़ पर्यटक कश्मीर की सरजमीं पर आए, बेशक जी-20 देशों की बैठक भी वहीं आयोजित की गई, बेशक कश्मीर में 'तिरंगा' ऊंची इमारतों पर लहराता है, लेकिन पाकपरस्त आतंकी गुट लगातार रणनीति बदलते रहे हैं, ताकि सुरक्षा-व्यवस्था को चकमा दिया जा सके। वैसे सेना के ही जनरलों का कहना है कि पंजाब और नेपाल के रास्ते भी आतंकी कश्मीर में घुस रहे हैं। हालांकि स्थानीय स्तर पर आतंकी गुटों में भर्तियां, पत्थरबाजी, गिरोह बहुत कम हुए हैं, लेकिन अब भी हैं और उन्हीं से आतंकवाद जिंदा है।

# किशोरियों के लिए भी खेलना जरूरी है


मीना लिंगड़िया

खेल खेलना आम तौर पर आपकी फिटनेस और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है। इससे न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मन और मानसिक स्वास्थ्य भी फिट रहता है। दरअसल, खेल जैसे गतिविधियां आपके ब्लड सर्कुलेशन, मूड और मानसिक स्वास्थ्य को सही रखती है। एक तरफ खेल जहां आपके फिटनेस के लिए बेहतर है तो वहीं इसमें कैरियर बनाकर खिलाड़ी देश का नाम भी रौशन करते हैं। यही कारण है कि सरकार भी अब खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों और खिलाड़ियों को अधिक से अधिक प्रमोट कर रही है। उन्हें प्रैक्टिस के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विदेशी कोचों को अनुबंधित किया जा रहा है। इसका सुखद परिणाम भी देखने को मिल रहा है। पहले की अपेक्षा अब एथलेटिक्स में ज़्यादा खिलाड़ी पदक जीत रहे हैं।

लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। आज के समय में भी खेल को खेल न समझते हुए इसमें भी लैंगिंक भेदभाव नजर आता है। लड़कों की तुलना में लड़कियों को खेल में आगे आने के लिए कम प्रमोट किया जाता है। देश के कुछ ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां लड़कियों को खेलने से मना भी किया जाता है। ऐसा एक उदाहरण हमें उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक के गनीगांव में देखने को मिलता है जहां लड़कियां आज भी खेल से वंचित रह रही हैं। स्कूल में भी उन्हें खेलने से हतोत्साहित किया जाता है। खेल में रुचि होने के बावजूद भी उससे वंचित रह रही गांव की एक किशोरी और 12 वीं कक्षा की छात्रा कविता का कहना है कि लड़कियों के लिए खेलना बहुत जरूरी है। पहले जब मैं दसवीं कक्षा में पढ़ती थी तब मुझे खेलने का बहुत शौक था। लेकिन हमारे घर के लोग हमें बाहर नहीं जाने देते थे। बोलते थे कि खेलकर क्या करना है? पढ़ाई पर ध्यान दो। लेकिन मेरा मानना है कि खेल तो अब पढ़ाई के अंतर्गत आने वाली विषय हो गई है। स्कूल और कॉलेज में अब खेल को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाने लगा है। जिसमें लड़कियां अपना भविष्य बना सकती हैं। परंतु हमारे गांव में आज भी लड़कियों को खेलकूद से वंचित रखा जाता है। 18 वर्षीय गांव की एक अन्य किशोरी हेमा रावल का कहना है कि गनीगांव में लड़कियों को खेलने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। अगर कोई लड़की खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना भी चाहे और वह खेलने में अच्छी भी है फिर भी उसे खेलने नहीं दिया जाता है। इस मामले में घरवाले बोलते हैं कि शादी के बाद खेल नहीं, घर का कामकाज ही काम आएगा। यही कारण है कि कहीं न कहीं हमारी क्षमता, पहचान और सोच दबी रह जाती है क्योंकि हमें मौके नहीं मिलते हैं। इस संबंध में गांव की एक 25 वर्षीय महिला गीता देवी का कहना है कि यह बात सच है कि जैसे लड़कों के लिए खेलना जरूरी है, ऐसे ही लड़कियों के लिए भी खेलना आवश्यक है क्योंकि जो आजादी लड़कों की होती है वही लड़कियों की भी होनी चाहिए। उन्हें भी अपनी जिंदगी अपने हिसाब से जीने का हक़ है। यदि कोई लड़की खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती है तो उसे वह हक मिलनी चाहिए। हमारे गांव में लड़कियों को खेलने के लिए आवाज उठाने की ज़रूरत है, क्योंकि लोगों की सोच है कि लड़कियां खेल कर क्या करेंगी? आखिर में उन्हें शादी और घर का काम ही संभालनी है। वहीं 45 वर्षीय रजनी देवी का कहना है कि बचपन में हम भी खूब खेला करते थे। जब हम गुल्ली डंडा खेला करते थे तो लोग हमारी हंसी उड़ाते थे। लड़कों के जैसे खेल रही है। ये लड़कों का खेल है। हम लड़कियां अपनी पसंद के खिलौने से भी नहीं खेल सकती थी। मुझे ऐसा लगता था कि हमारे लिए ही ऐसी पाबंदी क्यों? हम तो सीधे-साधे गांव के लोग है हमें तो पता भी नहीं कि दुनिया में और भी बड़े-बड़े खेलकूद होते हैं जिसमें लड़कियां अपना भविष्य बना सकती हैं।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**


**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**



नरेन्द्र मोदी के प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हमने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए कभी हम मोदी के मुख से स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्हें देखते हैं।

# नये भारत के निर्माता हैं कर्मयोद्धा नरेन्द्र मोदी


ललित गर्ग

एक महान् कर्मयोद्धा के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, सामरिक और आर्थिक सशक्तता की छाप छोड़ते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने को तत्पर है, यह इतिहास के निर्माण का भाव है। निश्चित ही उनकी दृष्टि एवं दिशा भारत के नवशिल्प का आधार है। उन्होंने अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम वर्ष 2014 में शुरू की। वे राजनीति में शुचिता के प्रतीक, अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक, कुशल राजनेता, प्रभावी प्रशासक, विलक्षण व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके 73वें जन्म दिवस पर सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, जिनमें नये भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के अमृतमय स्वर गूंज रहे हैं। हमने हाल ही में उनके नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में हुई जी-20 के समिट में विश्व मंच पर भारत की अमिट छाप छोड़ी है। उनका करिश्माई व्यक्तित्व एवं कृतित्व ही है कि नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर आम सहमति बनी। वैश्विक विश्वास की कमी को पाटने तथा दुनिया में भरोसा विकसित करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उनके जीवन का प्रत्येक पल नये आयाम एवं नयी दिशाएं उद्घाटित करता रहा है, हमने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मन्दिर के शिलान्यास का दृश्य देखा तो भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनने की ओर अग्रसर होते हुए देख रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गए। इस दौरान उनके अनेकों यशस्वी कीर्तिमानों एवं उपलब्धियों में जो दो विशेष उपलब्धियां भारत के हर नागरिक के मन को अधिक छूती हैं, उनमें पहली है दुनिया में 'भारत का इकबाल' स्थापित होना। दूसरी-देश के भीतर 'भारत भी कर सकता है' भावना का संचार होना। अर्थात 'सब चलता है' वाला दृष्टिकोण अब भूतकाल के गर्त में है।

नरेन्द्र मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां एवं उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां मोदी जैसे महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर उसे महान् बनाते हैं। उम्र के जिस मोड़ पर व्यक्ति पूर्ण विश्राम की बात सोचता है, उस स्थिति में मोदी जैसे राष्ट्रनायक नव-निर्माण, नव-सृजन करने एवं दूसरों को प्रेरणा देने में अहर्निश लगे हैं। विरोध को समभाव से सहकर वे जिस प्रकार उसे विनोद के रूप में बदलते रहते हैं। निश्चित ही एक प्रेरक पृष्ठ है नरेन्द्र मोदी।



नरेन्द्र मोदी के प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हमने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए कभी हम मोदी के मुख से स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्हें देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी मेक इन इंडिया का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों सपनों को आकार देकर सचमुच मोदीजी लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दे रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी एक कर्मयोद्धा है, विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं उनके नेतृत्व में सरकार और सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक/एयर स्ट्राइक कर जबरदस्त पराक्रम का प्रदर्शन कर दिखाया है कि भारत की रक्षा शक्ति दुनिया के किसी विकसित देश से कम नहीं है। भारत पारंपरिक लड़ाई के साथ-साथ मार्डन लड़ाई में दुनिया की पेशेवर सेनाओं में से एक है। भारतीय जवानों द्वारा पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर देना भारत की बड़ी शक्ति एवं सामर्थ्य का परिचायक है। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में सबसे बड़ा एवं साहसिक ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर को लेकर लिया जो जनसंघ के जमाने से उसकी प्राथमिकता रहा है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने का कदम उठाने के साथ-साथ राज्य को दो हिस्सों में बांटने का काम भी इसी कार्यकाल में हुआ। मोदी सरकार के फैसले के बाद कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान लागू हो गया है। मोदी की विकास की योजनाएं, नीतियां, सिद्धान्त और संकल्प सही परिणामों के साथ सही लोगों तक पहुंच रहे हैं।

श्री मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के एक छोटे से शहर में हुआ था। वे 'अति पिछड़ा वर्ग' परिवार से आते हैं, जो समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों में से है। वह बेहद गरीब, लेकिन प्यार देने वाले परिवार में पले बड़े। जीवन की शुरुआती कठिनाइयों ने न केवल उन्हें कड़ी मेहनत के मूल्य को सिखाया बल्कि उन्हें आम लोगों के कष्टों से भी अवगत कराया। आम जन की गरीबी ने उन्हें बहुत कम उम्र में ही लोगों और राष्ट्र की सेवा में डूबने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ काम किया, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक राष्ट्रवादी संगठन है और बाद में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन में काम करने के लिए खुद को राजनीति में समर्पित किया।

नरेंद्र मोदी विश्व के चर्चित एवं शिखर नेता होकर भी जन-जन के एवं जमीनी नेता हैं और वे आमजन के बीच जाने, उनकी समस्याओं को हल करने और उनके जीवन स्तर में सुधार करने के लिए समर्पित हैं। लोगों के बीच रहने, उनके साथ खुशियाँ साझा करने और उनके दुखों को दूर करने से ज्यादा कुछ भी उनके लिए संतोषजनक नहीं है। जमीनी स्तर पर तो उनका लोगों के साथ एक मजबूत व्यक्तिगत जुड़ाव तो है ही साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भी उनकी मजबूत उपस्थिति है। राजनीति से परे नरेंद्र मोदी को लिखना पसंद है। उन्होंने कई कविता और कई किताबें लिखी हैं। उनके विचारों में राष्ट्रवादी, सामाजिक एवं व्यक्तिगत उन्नयन के क्रांति-बीज मिलते हैं। मन की बात कार्यक्रम में वे राष्ट्र उन्नयन, सामाजिक-क्रांति, आडम्बरप्रधान विकृत प्रवृत्तियों को बदलने एवं समाज-राष्ट्र-निर्माण में उल्लेखनीय कार्य करने के उपाय निर्दिष्ट करते हैं। वे अपने दिन की शुरुआत योग से करते हैं। योग उसके शरीर और दिमाग को मजबूत बनाता है और तेज गति चलने वाली दिनचर्या में शांति का भाव पैदा करता है। वे प्रकृति प्रेमी हैं।


# एक देश एक चुनाव पर खुले दिल से हो विचार

एक देश एक चुनाव के पक्ष में यह भी तर्क दिया जाता है कि इससे बार-बार चुनावों में होने वाले भारी खर्च में कमी आएगी। रिपोर्टों के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनावों में 60,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इस राशि में चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों द्वारा खर्च की गई राशि और चुनाव आयोग ऑफइंडिया द्वारा चुनाव कराने में खर्च की गई राशि शामिल है।


राजेश माहेश्वरी

देश में एकसाथ लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव कराये जाने के बारे में पिछले काफी लंबे समय से विमर्श का दौर जारी है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस विचार का समर्थन कर इसे आगे बढ़ाने का काम किया है। जिस समय देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक हो रही थी, ठीक उसी दिन केंद्र सरकार ने एक देश, एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने की घोषणा की। इससे एक दिन पहले केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान किया। केंद्र सरकार की ओर से हुई इन घोषणाओं को लेकर और राजनीतिक हलकों में सरकार के अगले कदम को लेकर कयासबाजी भी शुरू हो गई है। इसी साल नवंबर-दिसंबर में मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसके बाद अगले साल मई-जून में लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में वन नेशन वन इलेक्शन की बात अभी क्यों उठाई जा रही है? केंद्र सरकार की घोषणा के बाद से देश में एक देश एक चुनाव का मुद्दा दोबारा चर्चा का केंद्र बिंदु बन गया हे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल से पूर्व भी इस मामले पर चुनाव आयोग, नीति आयोग, विधि आयोग और संविधान समीक्षा आयोग विचार कर चुके हैं। अभी हाल ही में विधि आयोग ने देश में एक साथ चुनाव कराये जाने के मुद्दे पर विभिन्न राजनीतिक दलों, क्षेत्रीय पार्टियों और प्रशासनिक अधिकारियों की राय जानने के लिये तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया था। इस कॉन्फ्रेंस में कुछ राजनीतिक दलों ने इस विचार से सहमति जताई, जबकि ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया। उनका कहना है कि यह विचार लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। जाहिर है कि जब तक इस विचार पर आम राय नहीं बनती तब तक इसे धरातल पर उतारना संभव नहीं होगा।

इतिहास के पन्ने पलटे तो एक देश एक चुनाव कोई नया प्रयोग नहीं है, क्योंकि 1952, 1957, 1962, 1967 में ऐसा हो चुका है, जब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गए थे। यह क्रम तब टूटा जब 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभाएं विभिन्न कारणों से समय से पहले भंग कर दी गई। साल 1971 में लोकसभा चुनाव भी समय से पहले हो गए थे। जाहिर है जब इस प्रकार चुनाव पहले भी करवाए जा चुके हैं तो अब करवाने में क्या समस्या है। जानकार के मुताबिक, वन नेशन, वन इलेक्शन को लागू करना इतना आसान नहीं है। एक साथ चुनाव कराने के कई चुनौतियां भी हैं। इसके लिए राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को लोकसभा के साथ जोड़ने के लिए संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के साथ-साथ अन्य



संसदीय प्रक्रियाओं में भी संशोधन करने की आवश्यकता होगी।

अगर हम देश में होने चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। चुनावों की इस निरंतरता के कारण देश हमेशा चुनावी मोड में रहता है। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है। इस सबसे बचने के लिये नीति निर्माताओं ने लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का विचार बनाया। देश में इनके अलावा पंचायत और नगरपालिकाओं के चुनाव भी होते हैं किन्तु एक देश एक चुनाव में इन्हें शामिल नहीं किया जाता।

एक देश एक चुनाव के पक्ष में कहा जाता है कि यह विकासोन्मुखी विचार है। जाहिर है लगातार चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती है। इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने समस्या आती है। इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। आपको बता दें कि आदर्श आचार संहिता या मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट चुनावों की निष्पक्षता बरकरार रखने के लिये बनाया गया है।

एक देश एक चुनाव के पक्ष में यह भी तर्क दिया जाता है कि इससे बार-बार चुनावों में होने वाले भारी खर्च में कमी आएगी। रिपोर्टों के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनावों में 60,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इस राशि में चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों द्वारा खर्च की गई राशि और चुनाव आयोग ऑफइंडिया द्वारा चुनाव कराने में खर्च की गई राशि शामिल है। वहीं, 1951-1952 में हुए लोकसभा चुनाव में 11 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस संबंध में लॉ कमीशन का कहना था कि अगर 2019 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाते हैं तो 4,500 करोड़ का खर्चा बढ़ेगा। ये खर्चा ईवीएम की खरीद पर होगा लेकिन 2024 में साथ चुनाव कराने पर 1,751 करोड़ का खर्चा बढ़ेगा। इस तरह धीरे-धीरे ये अतिरिक्त खर्च भी कम होता जाएगा। वहीं देश में लगातार चुनाव होते रहने से राजनेताओं और पार्टियों को सामजिक समरसता भंग करने का मौका मिल जाता है,जिसकी वजह से अनावश्यक तनाव की परिस्थितियां बन जाती हैं। एक साथ चुनाव कराये जाने से इस प्रकार की समस्याओं से निजात पाई जा सकती है। वहीं इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने के समर्थकों का तर्क है कि इससे पूरे देश में प्रशासनिक व्यवस्था में दक्षता बढ़ेगी। इस संबंध में कहा जाता है कि अलग-अलग मतदान के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था की गति काफी धीमी हो जाती है। सामान्य प्रशासनिक कर्तव्य चुनाव से प्रभावित होते हैं क्योंकि अधिकारी मतदान कर्तव्यों में संलग्न होते हैं। इसके समर्थन में यह भी कहा जाता है कि इससे केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों और कार्यक्रमों में निरंतरता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

एक देश एक चुनाव के विरोध में ये विशेष तौर पर कहा जाता है कि संविधान ने हमें संसदीय मॉडल प्रदान किया है जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाएं पांच वर्षों के लिये चुनी जाती हैं, लेकिन एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर हमारा संविधान मौन है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो इस विचार के बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। मसलन अनुच्छेद 2 के तहत संसद द्वारा किसी नये राज्य को भारतीय संघ में शामिल किया जा सकता है और अनुच्छेद 3 के तहत संसद कोई नया राज्य राज्य बना सकती है, जहां अलग से चुनाव कराने पड़ सकते हैं। एक साथ चुनाव कराने को लेकर क्षेत्रीय दलों का प्रमुख डर यह है कि वे अपने स्थानीय मुद्दों को मजबूती से नहीं उठा पाएंगे क्योंकि राष्ट्रीय मुद्दे केंद्र में हैं। इसके साथ ही वे चुनाव खर्च और चुनाव रणनीति के मामले में राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में भी असमर्थ होंगे। साल 2015 में आईडीएफसी संस्थान की तरफ से की गई स्टडी में पाया गया कि यदि लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ होते हैं तो 77 प्रतिशत संभावना है कि मतदाता एक ही राजनीतिक दल या गठबंधन को चुनेंगे।

# बुनियादी ढांचे की पहचान है पीएचसी


**जयश्री स्वामी और गंगा सिद्ध**

आर्थिक रूप से पिछड़े इस गांव के लोगों को लूणकरणसर जाना भी काफी महंगा साबित होता है। गर्भवती और बुज़ुर्ग मरीज़ के लिए इमरजेंसी में निजी वाहन बुक करना उनके लिए बहुत मुश्किल होता है। ग्रामीणों के अनुसार किसी भी प्रकार की ज़रूरत पड़ने पर अगर एंबुलेंस बुलानी भी पड़ती है तो उसे आने में भी काफी देरी हो जाती है, क्योंकि गांव में केवल स्वास्थ्य सुविधाओं का ही अभाव नहीं है बल्कि यहां की सड़कें भी खस्ताहाल हैं। जिससे निजी वाहन भी यहां आने के लिए काफी पैसा वसूलते हैं।

भारत की एक बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। यही कारण है कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक गांव के विकास पर मुख्य फोकस करती है। देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मज़बूत बनाने का प्रयास किया जाता है। इसके लिए समय समय पर कई योजनाएं और परियोजनाएं चलाई जाती हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो सके और पलायन को रोका जा सके। विशेषकर स्वास्थ्य के ढांचे पर ख़ास ध्यान दिया जाता है क्योंकि स्वस्थ समाज से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव हो सकता है। हालांकि सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश के कई ऐसे राज्यों के ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां आज भी स्वास्थ्य का ढांचा बहुत मज़बूत नहीं बन सका है। यहां तक कि उसके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी कोई खास सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती हैं, जिससे ग्रामीणों खासकर गर्भवती महिलाओं, बुज़ुर्गों और बच्चों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इन्हीं में एक राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का ढाणी भोपालाराम गांव की पीएचसी है। जहां सुविधाएं नहीं होने की वजह से गांव वाले परेशान हैं। इस गांव में स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करीब 5 साल पहले किया गया था। परंतु निर्माण के इतने सालों बाद भी यहां ताला लगा हुआ है। किसी डॉक्टर का यहां आना जाना नही होता है। जिससे गांव वालों की परेशानी बरक़रार है। यह गांव राजस्थान के बहुत ही पिछड़े गांवों में एक है। ऐसे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा न होने की वजह से स्थानीय ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव के लोग जब बीमार होते हैं तो उन्हें दवाइयां लेने दूर जाना पड़ता है। इस संबंध में गांव के एक निवासी 40 वर्षीय मदन लाल शर्मा कहते हैं कि पीएचसी के निर्माण के बाद भी यहां कोई डॉक्टर नहीं आया है। सप्ताह में केवल एक दिन एएनएम आती हैं और लोगों को कुछ दवाइयां देकर चली जाती हैं। इस बीच अगर किसी व्यक्ति को इलाज की आवश्यकता होती है तो उसे तत्काल डॉक्टर की सुविधा नहीं मिल पाती है और गांव से 9 किमी दूर लूणकरणसर ले जाना पड़ता है। उचित समय पर इलाज की सुविधा नहीं मिलने के कारण कई बार रास्ते में ही मरीज़ की मौत भी हो जाती है।

आर्थिक रूप से पिछड़े इस गांव के लोगों को लूणकरणसर जाना भी काफी महंगा साबित होता है। गर्भवती और बुज़ुर्ग मरीज़ के लिए इमरजेंसी में निजी वाहन बुक करना उनके लिए बहुत मुश्किल होता है। ग्रामीणों के अनुसार किसी भी प्रकार की ज़रूरत पड़ने पर अगर एंबुलेंस बुलानी भी पड़ती है तो उसे आने में भी काफी देरी हो जाती है, क्योंकि गांव में केवल स्वास्थ्य सुविधाओं का ही अभाव नहीं है बल्कि यहां




की सड़कें भी खस्ताहाल हैं। जिससे निजी वाहन भी यहां आने के लिए काफी पैसा वसूलते हैं। गांवों में सुविधा न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गांव की एक महिला चंपा देवी की शिकायत है कि यहां लड़कियों और महिलाओं के लिए कोई विशेष सुविधा नहीं है, क्योंकि अस्पताल में डॉक्टर और नर्स ही नहीं आती है। ऐसे में दूसरे गांव जाने पर ख़र्चा और समय अधिक खर्च होता है। जिसका खामियाज़ा महिलाओं की सेहत पर पड़ता है।

गांव में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण दिव्यांगों को भी काफी कठिनाइयां होती हैं। उन्हें कोई सुविधा नहीं है। सरकार द्वारा 700 रुपये पेंशन दी जाती है। लेकिन रोजगार का इंतज़ाम नहीं होने के कारण उन्हें कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी उनके लिए कोई विशेष सुविधा उपलब्ध नहीं होती है। ऐसे में उन्हें अपने इलाज के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जर्जर सड़कें उनकी परेशानी को और भी अधिक बढ़ा देता है। एक दशक से ज्यादा समय से गांव के सामाजिक सरोकारों से जुड़ें महावीर का कहना है कि पिछले कई वर्षों से गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केवल एक भवन से अधिक कुछ नहीं है। यहां न ही समय पर एएनएम या डॉक्टर आते हैं और ना ही पूर्ण रूप से गांव वालों के लिए दवाइयां उपलब्ध होती हैं। ऐसे में इसका होना नहीं के बराबर है। कागज़ों पर भले ही यह केंद्र संचालित हो रहा हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि इससे ग्रामीणों को कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा है।

वहीं गांव की किशोरियों की शिकायत है कि पूर्ववर्ती एएनएम दीदी जब तक गांव में थी तो वह अपना काम काफी ईमानदारी से करती थी। वह न केवल घर-घर जाकर किशोरियों और महिलाओं को आयरन की गोलियां, पेट में कीड़े की दवा तथा अन्य जरूरी दवाइयां देती थी बल्कि उन्हें कुपोषण, माहवारी और स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य जानकारियों से अवगत कराकर जागरूक करती रहती थी। किशोरियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बहुत ही किफायती दामों पर सैनिटरी पैड भी मिल जाया करता था। किंतु अब हालत यह है कि किसी हल्की सी बीमारी के लिए भी गांव वालों को लूणकरणसर ब्लॉक जाना पड़ता है। जहां जाने और आने के लिए गाड़ियों का खर्च बहुत ज्यादा हो जाता है।

चूंकि गांव में सड़क की हालत भी बहुत खस्ता है, ऐसे में इमरजेंसी की हालत जैसे प्रसव या एक्सीडेंट के समय लोगों को एंबुलेंस बुलाना पड़ता है, जो जर्जर सड़क के कारण काफी देर से पहुंचते हैं। वहीं निजी वाहन मनमाना किराया वसूलते हैं। ऐसे में किसी गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अनिवार्यता को भली भांति समझा जा सकता है। एक ऐसा स्वास्थ्य केंद्र जो केवल पूरे समय खुला रहे बल्कि वहां दवाइयां और अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हों, ताकि आर्थिक रूप से कमज़ोर गांव वालों को सही समय पर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्वनी चौबे द्वारा सितंबर 2020 में संसद में दिए एक वक्तव्य के अनुसार देश में कुल 30,045 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, जिनमें राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 2,082 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हैं। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या केवल पीएचसी स्थापित कर देने से सरकार की ज़िम्मेदारी पूरी हो जाती है? वास्तव में, किसी भी गांव के बुनियादी ढांचे में न केवल स्वास्थ्य केंद्र पहली प्राथमिकता होनी चाहिए बल्कि इसके सफल संचालन के लिए भी नीतियां बनानी ज़रूरी है। (चरखा फीचर)

# अंगदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं: डॉ. मनसुख

## 2024 के अंत तक देश के हर मेडिकल कालेज में होगी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के आगरा में देश में पहली बार अंगदान संकल्प कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने 23 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 87 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की आधारशिला रखी तथा सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का उद्घाटन और अंगदान रजिस्ट्री का अनावरण किया। आगरा के जीआईसी ग्राउंड में आयोजित अंगदान संकल्प कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि अंगदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नही है। जीते जी देश के नागरिकों को रक्तदान करना चाहिये और मृत्यु के उपरान्त अंगदान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि अंगदान के माध्यम से किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद दूसरे व्यक्ति को नया जन्म मिलता है । श्री मांडविया ने कहा कि 2024 के अंत तक देश के हर मेडिकल कालेज में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा मिल सके, इसके लिये मशीनों की खरीद, डाक्टरों की उपलब्धता और ट्रेनिंग सुनिश्चित की जायेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जो भी अस्पताल अंग प्रत्यारोपण की सुविधा अपने यहां खोलना चाहेंगे उन्हें भारत सरकार की तरफ से सवा करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अंगदान के दौरान मरीज को जीवन भर दवाईयां खानी पड़ती है कई टेस्ट कराने पड़ते हैं इसके लिये उस मरीज को केंद्र सरकार की तरफ से प्रतिमाह 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जायेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है

- सरकार की तरफ से अंग प्रत्यारोपण के लिये अस्पतालों को सवा करोड़ और मरीजों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह की मिलेगी आर्थिक मदद

कि अंगदान को 2 प्रतिशत से बढाकर 60 फीसदी करना है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की गारंटी दे रही है मोदी सरकार. उन्होंने कहा कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलेगा जिसमें अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहिये। श्री मांडविया ने कहा कि पहले देश के युवाओं को एमबीबीएस की पढाई के लिये विदेश जाना पड़ता था लेकिन मोदी सरकार में पिछले नौ साल में एमबीबीएस की सीटों की संख्या दो गुनी हो गयी है।पहले 54000 सीटें थे जो कि अब बढ़कर 1 लाख 7 हजार हो गयी है। अंत में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भव अभियान का लक्ष्य सभी स्वास्थ्य योजनाओं की पर्याप्त कवरेज सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सरकारी क्षेत्रों, नागरिक समाज संगठनों और समुदायों को एक साझा मिशन के तहत एकजुट करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी असमानता या बहिष्कार के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। वीडियो संदेश के माध्यम से, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा नागरिकों के स्वास्थ्य और भलाई को सर्वोच्च महत्व दिया है। अंग दान प्रतिज्ञा पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अंग दान करने से दूसरे व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है।

# इस्लाम गदीर मे मुकम्मल और कर्बला में महफूज हुआ: मौलाना किरतास

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शहीदाने कर्बला की याद में अताए जहरा हादी लैन सरफराजगंज में मजलिस को मौलाना किरतास कर्बलाई ने विलायत और इमाम हसन शीर्शक से खिताब किया। उन्होंने विलायत मौला अली का जिक्र करते हुए कहा कि इस्लाम गदीर मे मुकम्मल और कर्बला में महफूज हुआ। मौलाना ने जब इमाम हसन (अ.स.) की शहादत बयान की तो अजादारों की आंखों से आंसू जारी हो गये। मजलिस के बाद अंजुमन नासिराने हुसैन ने नौहाख्वानी की। मुफ्तीगंज स्थित अजाखाना हैदर हुसैन काले की गली में अंजुमन जाफरिया की दो दिवसीय शब्बेदारी का आगाज हो गया। शब्बेदारी की पहली मजलिस को मौलाना मोजिज अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। रविवार को मौलाना मुशाहिद आलम रात 9 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। अलविदाई मजलिस सोमवार को दोपहर 2 बजे होगी। अजादाराने इमामे मजलूम की ओर से जहरा कालोनी बड़ा बाग में मजलिस के बाद परचम-ए-गुम्बद-ए-रौजाए इमाम हुसैन (अ.स.) कर्बला (ईराक) की जियारत कराई गयी। इसके बाद अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन मुहाफिजे पैगामे कर्बला ने किया था। जिन्नातों वाली मस्जिद सरफराजगंज में मजलिस को मौलाना रजा हैदर ने खिताब किया। इसके बाद अजादारों ने दहकती आग पर मातम किया। इस मौके पर शबीहों की जियारत कराई गयी और अंजुमनें ने नौहाख्वानी भी की। इसी तरह कर्बला अजीमउल्लाह खां, तालकटोरा रोड में मगरिब की नमाज के बाद इमाम अली रजा (अ.स.) के रौजे (ईरान) के परचम की जियारत कराई गयी। इमामबाड़ा दुलारे मिर्जा नूरबाड़ी में मजलिस को मौलाना कारी यूसुफ ने किया। इसी तरह नूरबाड़ी में अंजुमन मेराजुल इस्लाम की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना अली रिजवान जैदपुरी ने खिताब किया। कर्बला अजमत उत दौला मेंहदीगंज में अंजुमन गुलदस्ते कासिम ने शब्बेदारी का आयोजन किया। यहां मजलिस को मौलाना रहमत हुसैन नकवी ने मजलिस को खिताब किया।

# सुरक्षित बुलेट प्रुफ जैकेट उपलब्ध न करा पाना अत्यंत शर्मनाक

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों के हमले में शहीद हुए सेना के वीर जवानों की शहादत को राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पण का गौरवशाली अमर बलिदान बताते हुये कहा है कि भारतीय सेना के शौर्य पर सदैव देश को गर्व की अनुभूति होती रही है।

श्री तिवारी ने कहा है कि अनंतनाग में शहीद मेजर आशीष धौंचक की मां कमला ने अपने बेटे सहित जवानों को बुलेट प्रुफ जैकेट बड़ी न मिलने को लेकर मोदी सरकार पर हमला भी बोला है। उन्होनें कहा कि भारतीय सेना के जवानों को आतंकवाद के खात्मे के मिशन में मोदी सरकार द्वारा सुरक्षित बुलेट प्रुफ जैकेट उपलब्ध न करा पाना अत्यंत शर्मनाक है। श्री तिवारी ने कहा कि आतंकी हमले में शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह तथा आशीष धौंचक समेत चार जवानों के बलिदान ने एक बार फिर मौजूदा मोदी सरकार की रक्षानीति को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने मणिपुर के हालात को भी चिन्ताजनक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की गैर जबाबदेही के चलते वहां हिंसा थम नहीं पा रही है। प्रधानमंत्री को देश की जनता के प्रति कश्मीरी हालात तथा मणिपुर की गंभीर बनी हुई स्थिति पर जबावदेह होना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि देश में व्यापार घाटा 10 माह के शीर्ष पर आ गया है। अर्थव्यवस्था इस तरह चैपट होती जा रही है कि विदेशी मुद्रा भण्डार में भी गिरावट थम नही रही है।

# जागरूकता से ही सही पोषण देश रोशन का नारा होगा साकार

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** सही पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता बढाकर ही कुपोषण की चुनौती से निपटा जा सकता है। तभी सही पोषण देश रोशन का नारा साकार होगा। यह उदगार हितधारकों की आयोजित बैठक में अतिथियों ने कही।

बाल विकास एंव पुष्टाहार विभाग की अलीगंज परियोजना द्वारा चल रहे पोषण माह के अंतर्गत बाबा पुरवा के कल्याण मंडप हाल में सही पोषण देश रोशन के स्लोगन के साथ हितधारकों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कुपोषण से निपटने और पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि क्षेत्रीय पार्षद राजेश सिंह बब्बर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ वीके सक्सेना, समाज सेविका माया गुप्ता, समाज सेविका रजनी सिंह और प्राथमिक स्वास्थ केंद्र की चिकित्सक डॉ0पल्लवी श्रीवास्तव ने शिरकत की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिसके बाद परियोजना की मुख्यसेविकाओ द्वारा पोषण सम्बंधित लगाए गए स्टालों का अतिथियों ने अवलोकन किया। इसके बाद मुख्य सेविका तरुलता सिंह की अगुवाई में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कठपुतली नाटक के माध्यम से पोषण सन्देश प्रस्तुत किया। जिसे काफी सराहा गया। कार्यक्रम में आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। अंत में पोषण संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम स्थल की साज सज्जा, रंगोली, स्टाल आदि के माध्यम से भी पोषण संदेश देने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम के बीच मे ही जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर खड़ी पोषण संदेश से सजी साईकिल को क्षेत्र में कुछ दूर चलाकर आयोजकों की हौसला अफजाई की। मुख्यअतिथि क्षेत्रीय पार्षद राजेश सिंह बब्बर ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से निश्चित ही समुदाय मे कुपोषण दूर करने के लिए जागरूकता बढ़ेगी। जिस तरह एक मकान बनाने में मज़बूती के लिए गुणवत्ता व अन्य सामग्रीयो का ध्यान रखते हैं। उसी तरह स्वस्थ शरीर के लिए गुणवत्तापरक पोषण का ध्यान रखना अतिआवश्यक है। विष्ट अतिथि सीएचसी की चिकित्सक डॉ0पल्लवी श्रीवास्तव ने समय पर टीकाकरण कराने के लिये जागरूक किया। इसके बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ज़िला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने सबसे पहले सफल आयोजन के लिये अलीगंज परियोजना की प्रभारी एंव मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में जागरूकता का संदेश ज़रूर जाएगा। उन्होंने कहा कि सही पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता बढाकर ही कुपोषण की चुनौती से निपटा जा

- डीपीओ ने क्षेत्र में चलाई पोषण साईकिल

सकता है। तभी सही पोषण देश रोशन का नारा साकार होगा। उन्होंने कहा कि सितंबर माह को पोषण माह के रूप मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सुपोषित भारत, साक्षर भारत और सशक्त भारत पर केंद्रित विषयों के माध्यम से पोषण सम्बंधी समझ को बढ़ावा देना है। पोषण अभियान ने गर्भवती महिलाओं स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिये पोषण सम्बंधी परिणामों को व्यापक रूप से आगे बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान ज़िला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि पोषण जागरूकता अभियान में आंगनबाड़ी वर्कर एक रीढ़ की तरह हैं। केंद्रों के समय पर संचालन और फीडिंग का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा कार्यक्रम को समाज सेवी डॉ0 वी0 के0 सक्सेना, माया गुप्ता और रजनी सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

# सीनियर रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राजुल रस्तोगी जाएंगे कोरिया

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोलॉजी के सीनियर प्रोफेसर प्रो. राजुल रस्तोगी को कोरियन कॉन्फ्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी-केसीआर-2023 में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। 79 वीं तीन दिनी यह केसीआर कॉन्फ्रेंस 20 सितम्बर से 23 सितम्बर के बीच दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित होगी। इस बार कान्फ्रेंस की थीम- एक्सप्लोरिंग बियॉन्ड द हराइज़न है। कॉन्फ्रेंस में न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी, ग्रॉसमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन के डॉ. लिंडा मॉय, द यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग, सेंटर फॉर क्लीनिकल ब्रेन साइंसेज के डॉ. जोआना वार्डलॉ, मेयो क्लीनिकल कॉलेज ऑफ मेडिसिन एंड साइंस के श्री जोएल जी फ्लेचर और सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के जिन वूक चुंग भी केसीआर-2023 में अपना-अपना लेक्चर देंगे।

# कौशांबी में तिहरे दलित हत्याकांड के लिए योगी सरकार जिम्मेदार : माले

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने कौशांबी में तिहरे दलित हत्याकांड पर आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना के लिए योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने कहा है कि यदि पीड़ित दलित परिवार को न्याय मिला होता और सरकार के अधिकारी भूमि विवाद को लटकाए न रखते, तो हृदयविदारक हत्याकांड न होता।

माले राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री योगी के शासन में दलित समुदाय सर्वाधिक उपेक्षित है। दलितों पर हर ओर से हमले हो रहे हैं। उनकी हत्याएं हो रही हैं। उनकी जान की कोई कीमत नहीं है। कौशांबी हत्याकांड से पहले सुल्तानपुर जिले में बकाया मजदूरी मांगने पर 18 वर्षीय दलित युवक की हाल ही में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। बलात्कार की सर्वाधिक घटनाएं दलित महिलाओं के साथ हो रही हैं। योगी सरकार में दलित उत्पीड़न की कोई इंतहा नहीं है।

माले नेता ने कहा कि भाजपा शासन में दबंगों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे दलित परिवार का सफाया कर रहे हैं। कौशांबी में संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गांव में शुक्रवार को रात में सोते समय एक ही परिवार के तीन सदस्यों - होरीलाल (62), उनकी गर्भवती बेटी बृजकली (22) और दामाद शिवसागर (26) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के पीछे पट्टे की जमीन का विवाद सामने आया है।

माले राज्य सचिव ने कहा कि दलित परिवार को यदि पट्टे की जमीन दी गई, तो प्रशासन को उसपर कब्जा भी दिलाना चाहिए था, क्योंकि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे दबंगों के अवैध कब्जे से खुद के बल पर अपनी जमीनों को मुक्त करा सकें। यदि सरकार कमजोर वर्ग के हितों की रक्षा करने वाली होती, तो ऐसा जरुर करती।

# जी-20 की सफलता ने प्रधानमंत्री को स्पष्ट रूप से एक विजेता बना दिया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ब्रिटिश अर्थशास्त्री जिम ओ नील, जिन्हें 'ब्रिक्स' का संक्षिप्त नाम देने का श्रेय दिया जाता है, का कहना है कि नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'स्पष्ट रूप से एक विजेता' बनाती है।

ओ नील ने प्रोजेक्ट सिंडिकेट के लिए लिखे अपने लेख में इस तथ्य का उल्लेख किया है कि नई दिल्ली में जारी की गई 'संयुक्त घोषणा' एक बार फिर से इस बात की पुष्टि करती है कि जी20 ही एकमात्र ऐसा निकाय है जिसके पास सही मायने में वैश्विक स्तर पर वैश्विक चुनौतियों का जवाब देने का अधिकार और व्यापकता है। न तो 'ब्रिक्स' और न ही 'जी7' के पास वैश्विक समस्याओं को हल करने की क्षमता है। सभी सदस्य देश व्यापक मुद्दों के समाधान के लिए आम सहमति पर पहुंचे। स्पष्ट चुनौतियों के बावजूद, विचार-विमर्श के लंबे दौर के बाद वे जी20 की प्रासंगिकता को फिर से स्थापित करने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों - संभवतः भारत और अमेरिका - की सराहना करनी चाहिए, जिन्होंने इस विज्ञप्ति को अंतिम रूप देने में सबसे अहम भूमिका निभाई। प्रोजेक्ट सिंडिकेट में उन्होंने लिखा, नई दिल्ली घोषणा जलवायु परिवर्तन, एक पुनर्गठित विश्व बैंक की आवश्यकता, संक्रामक रोगों पर नियंत्रण, आर्थिक स्थिरता और यूक्रेन में युद्ध जैसे विभिन्न वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए एक ठोस व समन्वित प्रयास की दिशा में पहला कदम साबित हो सकती है। भले ही इस एजेंडे पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुपस्थिति में सहमति हुई, लेकिन इसमें भाग लेने वाले रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी सरकारों से मंजूरी लिए बिना किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए होंगे।

# ईवी इन्नोवेटिव आइडियाज के लिए टीएमयू को न्यौता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** इंटरनेशनल सेंटर फॉर एंटरप्रिन्योरशिप एंड टेक्नोलॉजी-आईक्रिएट के मार्केटिंग एंड कोलेबोरेशन हेड श्री शांतनु पोद्दार ने छात्रों को स्टार्टअप के लिए मोटिवेट करते हुए कहा, मौजूदा वक्त इन्नोवेटिव आइडियाज का है। यदि आपके पास इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को लेकर कोई इन्नोवेटिव आइडियाज़ हैं तो हमें आपकी आवश्यकता है। मसलन, वाहन की लागत को कम कैसे करे? बैटरी के बैकअप और सेफ्टी को कैसे बढ़ाएं? इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में नए फीचर्स और क्या एड किए जा सकते हैं? आकर्षक नए डिजाइन कैसे हों? श्री पोद्दार तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर-सीआरसी और फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से ईवेंजेलिस-23 इलेक्ट्रिकल व्हीकल इन्नोवेशन चैलेंज पर संयुक्त रूप से आयोजित विशेषज्ञता व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व आईक्रिएट के मार्केटिंग एंड कोलेबोरेशन हेड श्री शांतनु पोद्दार ने बतौर मुख्य अतिथि, सीआरसी के निदेशक श्री विनीत नेहरा, सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, सीसीआईसी के वाइस प्रिंसिपल डॉ. पंकज गोस्वामी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। श्री पोद्दार के अलावा आईक्रिएट की ओर से एग्जिक्यूटिव डिजीटल मार्केटिंग श्री शुवतल सिंह की बतौर विशिष्ट अतिथि, टेक्नोलॉजी एनालिस्ट श्री आदित्य प्रधान आदि की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। व्याख्यान के अंत में इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने सवाल भी पूछे। संचालन मिस प्रिशाली चौधरी ने किया। उल्लेखनीय है, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की सबसे बड़ी नवाचार चुनौती के लिए अभिनव विचारों का पता लगाना है।

# हिन्दू समाज पार्टी ने की जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** हिन्दू समाज पार्टी ने आज यहां प्रेस क्लब में आयोजित समस्त इकाईयों के पदाधिकारियों की बैठक में केन्द्र सरकार से जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं लोकसभा चुनाव प्रभारी गौरव वर्मा की अध्यक्षता में हुयी बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा करते हुये हिन्दू समाज पार्टी को मजबूत करने के लिये हिन्दू जोड़ो यात्रा निकाल कर हर घर को पार्टी से जोड़ने का निर्णय लिया गया, इस यात्रा के जरिये हिन्दु समाज को जागरूक भी किया जायेगा। इस मौके पर मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन कमलेष तिवारी ने मौजूदा केन्द्र और राज्य सरकार पर मुस्लिम तुश्टिकरण करने का आरोप लगाते हुये कहा कि भाजपा सरकार हिन्दुओं को हिन्दुत्व के नाम पर छलने का काम कर रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रेम स्वरूप

- प्रेस क्लब में आयोजित हुयी पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक

शुक्ला ने कहा कि हिन्दू समाज पार्टी जल्द ही पूरे प्रदेश में हिन्दू जोड़ो यात्रा के माध्यम से हर घर को हिन्दू समाज पार्टी से जोड़ने का कार्य एवं जागरूक करेगी। किस प्रकार में सरकार में लगातार लवजिहाद जैसे घृणित कृत्य हो रहे है, जिसको रोकने के लिये सख्त से सख्त कानून बनाये जाने की जरूरत है। राष्ट्री महासचिव विजय कौशिक ने कहा कि विगत 18 अक्टूबर 2019 को जिस प्रकार से घर में घुसकर मुस्लिमों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गयी थी जिसमें 13 नामजद आरोपी थे, जिसमें से एक आरोपी तनवीर अभी भी फरार है। इतिहास में पहली बार आरोपियों के कहने पर कमलेश तिवारी हत्याकांड का केस लखनऊ उच्च न्यायालय पीठ से प्रयागराज स्थानान्तरण किया गया जो कि नियम विरूद्ध है।

# शैक्षिक समारोह बच्चों के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण

## सीएमएस 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह में छात्रों का कला-कौशल देखने को मिला

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह का भव्य आयोजन सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि श्री अमित श्रीवास्तव, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिसर्च, इण्डियन रेलवे, ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक समारोह बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह समारोह सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं अपितु बड़ों के लिए भी प्रेरणादायी है, जिससे हम सभी एक स्वस्थ, समृद्ध व खुशहाल विश्व समाज के नव-निर्माण में योगदान दे सकें।

समारोह का शुभारम्भ सर्व-धर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ, जिसने सभी के हृदयों को प्रभु प्रेम से भर दिया। विश्व एकता प्रार्थना में बच्चों ने विभिन्न देशों के राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर 'सारे विश्व में शान्ति हो' का जयघोष बड़े ही प्रभावशाली ढंग से किया। इसके अलावा, विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रमों जैसे प्रार्थना नृत्य, स्वागत गान, नर्सरी राइम्स, भांगड़ा, लघु नाटिका 'लेट्स नर्सर ऑर नेचर', संगीत प्रस्तुति 'द स्लीपिंग ब्यूटी' आदि को अभिभावकों ने खूब सराहा। समारोह का खास आकर्षण रहा कि इसमें अभिभावकों ने भी जोरदार ढंग से भागीदारी की एवं नन्हें-मुन्हें बच्चों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों की माताओं द्वारा प्रस्तुत गीत 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' की भावपूर्ण प्रस्तुति ने खूब वाहवाही लूटी, वहीं दूसरी ओर 'विश्व संसद' के शानदार प्रदर्शन को भी सभी ने सराहा। कुल मिलाकर यह शानदार समारोह 21वीं सदी के अनुरूप सी.एम.एस. की 'ब्राडर एवं बोल्डर शिक्षा पद्धति' से अवगत कराने में सफल साबित हुआ।

सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के समारोह द्वारा अभिभावकों को इस बात के लिए प्रेरित करना है कि बालक की प्रथम पाठशाला घर है। घर में बच्चों को नैतिकता एवं आध्यात्मिकता का वातावरण उपलब्ध कराकर आदर्श समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. में ऐसे प्रयास किये जा रहे है जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। अन्त में, सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली गौतम ने बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पधारे अभिभावकों व गणमान्य अतिथियों को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरिता यादव हिन्दू महासभा की लखनऊ जिलाध्यक्ष बनीं

**लखनऊ।** अखिल भारत हिंदू महासभा की महिला इकाई ने सरिता यादव को लखनऊ जिला इकाई का अध्यक्ष एवं डॉ कुमुद लेखा सिंह को लखनऊ जिला का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि शहर के बख्शी का तालाब बीकेटी ब्लाक की अध्यक्ष किरन को बनाया गया है। यह नियुक्तियां प्रदेश महिला इकाई की अध्यक्ष बबिता यादव ने हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की सहमति से की है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी और महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष बबिता यादव ने भरोसा जताया कि पार्टी की नीतियों पर चलते हुए संगठन को मजबूत करेंगी। वहीं दूसरी ओर संगठन में मिली जिम्मेदारी पर प्रदेश नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि हिन्दू महासभा की मजबूती के लिए पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने में तत्पर रहेंगे।

# एमएलसी ने अधिकारियों संग बैठक कर सुनी जनसमस्याएं



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। जसवंतनगर विधानसभा के वैदपुरा एवं खरदुली में जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए निस्तारण किया गया।एमएलसी एवं भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने जन चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनता के प्रति कटिबद्ध है जनता की समस्याओं का समाधान करना ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहां कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने प्रथम बार त्र20 की अध्यक्षता करते हुए भारत के मान को बढ़ाया है।मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।उत्तर प्रदेश अब भ्रष्टाचार मुक्त हुआ है।वर्तमान एवं आने वाले समय में शिक्षा माफियाओं गुंडागर्दी रंगदारी करने वालों पर सरकार ने शिकंजा कसा है।आज रात के समय में भी हमारी घर की बहु बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है।सपा सरकार पर निशान साधते हुए उन्होंने कहां कि इस बार 2024 में जसवंतनगर विधान सभा में कमल खिलेगा और भारतीय जनता पार्टी अपना सांसद बनाएगी। जन चौपाल कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विवेक चौधरी (संजू) एमएलसी प्रतिनिधि अंकुर यादव भाजपा नेता अजय यादव सचिन यादव श्रेयश मिश्रा अर्पित तिवारी जसवंतनगर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष और मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण स्थगित करें जिला प्रशासन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें जिला प्रशासन से मांग की है कि गणेश उत्सव, बारहवीं शरीफ आदि त्यौहारों के दृष्टिगत सोमवार से प्रस्तावित अतिक्रमण अभियान को स्थगित कर दिया जाये, अतिक्रमण अभियान से बाजारों में अराजकता का महौल उत्पन्न हो जाता है, बहुत से शरारती तत्व इस अवसर का फायदा उठाते हैं,जिससे शान्ति व्यवस्था बिगड़ जाती है,उन्होंने व्यापारीयों से भी अनुरोध किया है कि अपनीं दुकानों के आगे का अतिक्रमण स्वयं हटा लें,नालियों को खोल कर रक्खें जिससे सफाई कर्मचारियों को सफाई में दिक्कत न हो,ज्यादातर देखा जाता है कि दुकानदार एक दूसरे को देखकर दुकान आगे बड़ाये हैं,व्यापारी इस प्रवृत्ति से बचें मांग करनें वालों में प्रमुख रूप से जिलामहामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा,शहर महामंत्री अवनीश वर्मा,लाइन पार अध्यक्ष योगेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष शेख आफताब,पावेन्द शर्मा, अशोक जाटव, बंटी मंसूरी युवा जिलाध्यक्ष रियाज पवन अग्रवाल, नमित अग्रवाल, अंकित यादव आदि पदाधिकारी प्रमुख हैं।

# शहर फाउंडेशन शवों का दाह संस्कार करेगा



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** समाज सेवा के लिए तत्पर तैयार शहर फाउंडेशन और रक्तदाता समूह जनपद में आए दिन अज्ञात शवों का मिलना होता रहता है जिसके कारण कई दिनों तक उन अज्ञात शवों का दाह संस्कार नहीं हो पता है।जिसके लिए इटावा जनपद में शहर फाउंडेशन व रक्त दाता समूह द्वारा अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है।लगातार शहर फाउंडेशन और रक्त दाता समूह के द्वारा अब तक 181 अज्ञात शवों का दाह संस्कार कराया जा चुका है।शहर फाउंडेशन के संस्थापक आदेश यादव ने बताया जनपद में दुर्घटनाओं तथा अन्य प्रकार से अज्ञात लोगों की मृत्यु हो जाती जिनके परिजनों का अता पता न होने के कारण शवों की शिनाख्त होने तक शव ग्रह में रखा जाता जिसके बाद उन अज्ञात लावारिस शवों का दाह संस्कार करने के लिए हम लोग उनका दाह संस्कार विधि अनुसार कराते हैं।साथ ही अगर कोई गरीब परिवार जो दाह संस्कार करने में असमर्थ है उन लोगों के भी दाह संस्कार करवाएंगे।दाह संस्कार करवाने वालों में शहर फाउंडेशन के संस्थापक आदेश यादव,शरद तिवारी,पंकज भदौरिया, सौरभ परिहार,अमित भदौरिया,दीपक तोमर, देवेश चौहान,अर्पित चौहान, श्रीमती निधि यादव,रूपा यादव शामिल रही।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का पनीर प्लांट पर छापा

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सहायक आयुक्त डॉ गौरी शंकर के निर्देशन में कोसीकला क्षेत्र के गोपाल बाग स्थित पनीर प्लांटो पर कार्रवाई की गई । टीम द्वारा गोपाल बाग स्थित प्रधान डेयरी का सघन निरीक्षण कर पनीर तथा रखे हुए अपमिश्रक पाम आयल का सैंपल संग्रहित कर संबंधित डेरी को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। टीम द्वारा कल्लू डेयरी तथा श्याम डेयरी का निरीक्षण कर दूध का एक-एक नमूना संग्रहित किया डेयरी प्लांट पर मानक अनुसार लाइसेंस प्राप्त न होने के कारण संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किया जा रहा है। उसके बाद टीम कोसीकला क्षेत्र के पैगाम पहुंची जहां धर्म डेरी तथा कलुआ डेयरी का सघन निरीक्षण कर मिलावट का संदेह होने पर दूध का एक-एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया है ।

# 18 सितंबर से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि उनके द्वारा नगर इटावा का पैदल भ्रमण किया गया था जिसमें यह पाया गया था कि दुकानदारों द्वारा जगह-जगह नगर पालिका की नाली को बन्द कर नाली व सड़क की पटरी पर सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा तो हो ही रही है वहीं दूसरी ओर नाली की सफाई आदि में भी व्यवधाान उत्पन्न हो रहा है,जिसके कारण नगर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।उन्होंने बताया कि आम नागरिकों को जाम की समस्या व दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान दिनांक 18 सितम्बर,2023 से 29 सितम्बर, 2023 तक चलाया जायेगा। उन्होंने इस के लिए नगर मजिस्ट्रेट को सम्पूर्ण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर को पुलिस विभाग का नोडल अधिकारी एवं सम्बन्धित थाना क्षेत्र के प्रभारियों की टीम गठित की है।उन्होंने बताया कि दिनांक 18 सितम्बर,2023 को नगर पालिका चौराहे से नौरंगाबाद चौराहे तक दिनांक 19 सितम्बर,2023 को नगर पालिका चौराहे से गाड़ीपुरा चौराहा तहसील चौराहे तक,दिनांक 20 सितम्बर, 2023 को नगर पालिका चौराहे से बल्देव चौराहे तक,दिनांक 21 सितम्बर, 2023 को नौरंगाबाद चौराहे से रोडवेज बस स्टैण्ड तक,दिनांक 22 सितम्बर, 2023 को नगर पालिका चौराहे से टिक्सी टेम्पिल तक,दिनांक 23 सितम्बर, 2023 को शास्त्री चौराहे से मालगोदाम होते हुए नया बस स्टैण्ड तक,दिनांक 25 सितम्बर, 2023 को पक्का बाग तिराहे से नेशनल हाइवे तक,दिनांक 26 सितम्बर, 2023 को पक्का बाग तिराहे से सांई उत्सव गार्डन तक,दिनांक 27 सितम्बर,2023 को भरथना चौराहे से मण्डी परिसर की ओर जाने वाली सड़क के दोनों ओर तक,दिनांक 29 सितम्बर, 2023 को भरथना चौराहे से लक्ष्मणवाटिका की ओर जाने वाली सड़क के दोनों ओर अभियान चलाया जायेगा उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन नगर में व्याप्त अतिक्रमण को नियमानुसार हटवाकर उसकी फोटोग्राफ तथा सूचना उपलब्ध करायेंगे।

## जिला बदर असलाह सहित गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना बलदेव पुलिस ने न्यायालय द्वारा जिला बदर किए गए आरोपी को असलाह सहित गिरफ्तार का जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्यागी अतिरिक्त निरीक्षक सत्यवीर सिंह और कस्बा इंचार्ज मुनेंद्र सिंह ने मुख्य वीर की सूचना पर एस के एस पब्लिक स्कूल के सामने हथकोली रोड से चंद्रसेन उर्फ लाला पुत्र राजकुमार निवासी छिवरउ थाना बलदेव मथुरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवेध तमंचा और कारतूस बरामद किए है ।

## धौलीप्याऊ गुरुद्वारे में मनाया गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व

**मथुरा।** श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार धौली प्याऊ पर बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। पालकी में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अनुयाईयों व संगत ने माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। अखण्ड पाठ व कीर्तन का भी आयोजन किया। अन्त में अरदास के उपरान्त प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। सिखों के पांचमें गुरु गुरु अर्जुन देव जी ने 2004 में दरबार साहिब में जी गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था। तव से लेकर अब तक हर वर्ष जी गुरु ग्रंभ साहिब का प्रकाश पर्व मनाया जाता है। शनिवार को धोली प्याऊ स्थित गुरुद्वारा की गुरु नानक दरबार साहिब में प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे को आकर्षक सजावटों से सजाया गया।

# राम बारह तो कृष्ण सोलह कलाओं में थे पारंगत- शिवपाल

वहाज अली निहाल

**इटावा।** त्रेता में अवतार लिए भगवान राम बारह कलाओं में तो द्वापर में अवतार लिए योगिराज भगवान कृष्ण सोलह कलाओं में पारंगत थे।उपरोक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सदर के ग्राम मानिकपुर बिसू में रासलीला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वयक्त किए।शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि हम समाजवादी लोग राम और कृष्ण को मानने वाले लोग है।राम ने त्रेता में तो कृष्ण ने द्वापर में समाज में समरसता एवम सत्य की मिसाल कायम करते हुए राज्य चलाया।दोनो अवतारों ने हमेशा गरीबों एवम कमजोर लोगो का साथ दिया त्रेता में भगवान राम के बारे में इस संबंध में कई जानकारियां है।साथ ही योगिराज कृष्ण ने द्वापर में कमजोर पांडवों का साथ।राजा के रूप में कभी भी झूठ नही बोला।राजा से आशय वर्तमान में सत्ता से है।यानी जिसकी सरकार वही राजा।कितना झूठ बोलते है भाजपा वाले।ये सरकार में बैठे लोग।15 लाख रुपए खाते में आया?नौकरियां मिली?महंगाई कम हुई?किसानों को फसल का उचित मूल्य मिला?थाने ,तहसील,सरकारी कार्यालय लूट के अड्डे बन गए है।सरकारी कार्यालय में बिना रिश्वत के कोई काम नही हो रहे।थानों में रिश्वत लेकर झूठी रिपोर्ट लिखी जा रही है।पहले झूठी रिपोर्ट लिखने के रुपए लिए जा रहे फिर झूठी रिपोर्ट खत्म करने के भी रुपए लिए जा रहे है।दोनो ओर से लूट की जा रही है।बिजली के छापे डाले जा रहे।कटिया पकड़ जाय तो सेटिंग कर रुपए लेकर छोड़ दिया जाता है।प्रदेश में आए दिन लूट,चोरी,हत्याएं की घटनाएं आम हो गई है।।भ्रष्टाचार,लूट,झूठ चरम पर है।24 के लोकसभा चुनाव में इन झूठों को हटाने का संकल्प लेना है।सपा नेता धर्मवीर यादव बिट्टू ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस ग्राम में ये रासलीला कई वर्षो से हो रही है।ऐसे कार्यक्रम समाजिक समरसता एवम एकता को भी प्रोत्साहित करते है।इन पौराणिक कार्यक्रमों से हम अपने बुजुर्गो के सम्मान के ओर भी प्रेरित होते है।कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद आशीष पटेल ने किया।इससे पूर्व शिवपाल सिंह यादव का बजनी माला,शाल ओढ़ाकर एवम प्रतीक चिन्ह देकर रासलीला समिति के अध्यक्ष ध्रुव सिंह यादव,ग्राम प्रधान गोपाल यादव,राहुल यादव शेरा,विपिन यादव,शिवम यादव,राहुल,मधुर द्वारा अभिनंदन किया गया।शिवपाल सिंह यादव ने कृष्ण एवम राधा की आरती उतार एवम फीता काटकर रासलीला का शुभारंभ किया।



# ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये
- कुल 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये,11 प्रार्थना पत्रों का टीम गठित कर मौके पर निस्तारित कराया गया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील चकरनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।तहसील चकरनगर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये,जिसमें 11 प्रार्थना पत्रों का टीम गठित कर मौके पर निस्तारित कराया गया शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने पिछले संपूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये,साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये।संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थिनी रामवेटी पत्नी स्व0 विश्राम सिंह निवासी सोने का पुरा तहसील चकरनगर ने शिकायत की मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना बीमा का धन प्राप्त न होने के संबंध में,प्रार्थिनी के पति विश्राम सिंह की 1 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी,प्रार्थिनी के दो पुत्र हैं प्रार्थिनी ने अपने पति की मृत्यु के एक माह बाद मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत प्रार्थना पत्र दिया था,जिस पर अभी तक प्रार्थिनी को किसी प्रकार का कोई धन प्राप्त नहीं हुआ है,प्रार्थिनी बहुत परेशान है ग्रहणी संचालन के लिए प्रार्थनी अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पा रही है प्रार्थनी को मुख्यमंत्री किसान बीमा धन शीघ्र दिलाया जाए,जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चकरनगर को नियमानुसार जांच कर योजना का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए।प्रार्थी रमेश चंद्र पुत्र श्रीधर पाल निवासी चंद्रपुरा तहसील चकरनगर की कृषि भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने के संबंध में शिकायत की,प्रार्थी की कृषि भूमि ग्राम चंद्रपुरा की घाटा संख्या 392 रखवा 0.1170 हे0व गाटा संख्या 408 रखवा 0.1250 हे0 में विपक्षीगण मेघ सिंह,रामदास,प्रमोद सिंह व कामराज पुत्र स्वर्गीय मेवाराम ने कब्जा कर लिया है,जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को जांच कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। प्रार्थी रामराज पुत्र कालका प्रसाद निवासी भजनपुरा मौजा बिठौली तहसील चकरनगर ने शिकायत की प्रार्थी के गाटा संख्या 1005/1 व 1005/2 की नई टीम गठित कर पुनः पैमाइश कराई जाने के संबंध में,जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाने के निर्देश दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की।उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये।उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है।

इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी चकरनगर विजय शंकर तिवारी,प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुलकान्त शुक्ला,मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 गीता राम,तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध तस्करी की शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना माँट पुलिस और आबकारी टीम की सयुंक्त कार्यवाही करते हुए यमुना एक्सप्रेस से एक ट्रक को पकड़ कर उसमें तस्करी कर ले जाई शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना माँट के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार और आबकारी विभाग के निरीक्षक गौरव मिश्रा ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए जमुना एक्सप्रेस वे पर की सूचना के आधार पर ट्रक नंबर पीवी 03 ए डब्लू 4565 को घेरा बंदी का रोक लिया । उसमें सवार चालक और परिचालक आजाद अली पुत्र हबीब हुसेन निवासी ग्राम बर्मा थाना सरमाला जिला लुधियाना और गुरजीत सिंह पुत्र जोरासिंह निवासी ग्राम दिवाला थाना सरमाला जिला लुधियाना पंजाब को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई उन्होंने बताया पंजाब प्रांत बिकने वाली सस्ती अंग्रेजी शराब को बिहार झारखंड और अन्य राज्यों में मेरे दामों पर सप्लाई का काम करते हैं दोनों आरोपियों से ट्रक को कब्जे में करते हुए उसमें 625 अंग्रेजी अवैध तस्करी की शराब की पेटी बरामद की गई है।

# राधा अष्टमीः डीएम और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा ।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने राधाष्टमी के पावन पर्व के दृष्टिगत होने वाले मेले की तैयारियों के संबम्द में पार्किंगों का स्थलीय निरीक्षण किया। पार्किंग स्थलों के लिए निरंतर साइन बोर्ड लगाए। बैरियर एवं बैरिकेडिंग के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए। पार्किंग में रैंप, लाइटिंग, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने पार्किंग स्थलों को जेसीबी से समतल करने तथा बरसात के दृष्टिगत पार्किंगों पर चेकर्ड प्लेट की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए। पार्किंग निरीक्षण के बाद डीएम व एसएसपी ने राधाष्टमी पर्व के दृष्टिगत श्री राधा रानी मंदिर व आयोजकों के साथ स्थलों का निरीक्षण भी किया। इसके बाद मंदिर परिसर में अधीनस्थों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राधाष्टमी पर्व की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने तैयारियों की स्थिति जानी। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर में अभिषेक के दौरान व बाद में यातायात वन-वे रहेगा। प्रिया कुंड, वृषभानु कुंड व राधा सरोवर में बेरीकेडिंग की जाएगी। साथ ही नौका व गोताखोर का इंतजाम किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा फूड चेकिंग की जायेगी। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने लाडली जी मंदिर, परिक्रमा मार्ग, गह्वर वन आदि स्थानों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने श्री राधा रानी जी मंदिर हेतु निर्माणाधीन रोप वे के कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, उप जिलाधिकारी गोवर्धन दीपिका मेहर, सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा, तहसीलदार अजीत कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी बरसाना पूजा, चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# विधायक करेंगे रक्त दान शिविर का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा ।**बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के तत्वधान में लाइफ केयर ब्लड बैंक के सहयोग से 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इस शिविर का शुभारंभ समिति के प्रदेश संरक्षक विधायक पूरन प्रकाश करेंगे । संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया युवा करेंगे अपना रक्त देश के नाम, हमारी समिति राष्ट्रीय पर्वो के साथ समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजित करती रही है, 12 सालों में अब 6203 तक जरूरतमंद लोगों को रक्त से रक्तवीरों के रक्त मदद कर चुके हैं । महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा ने कहा इस रक्तदान शिविर में महिला बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर में रक्तदान करेंगी । लाइफ केयर ब्लड बैंक के निर्देशक बृजेश शर्मा ने बताया शिविर में प्रत्येक रक्तदाता प्रशस्ति पत्र के साथ दिया जाएगा सुरक्षा के लिए हेलमेट दिया जाएगा , भावना लाइब्रेरी के निर्देशक गगन अग्रवाल ने कहा हमारी लाइब्रेरी सामाजिक कार्यों में अग्रिम भूमिका में रहती है। इसलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है ! उन्होंने सभी युवाओं के अधिक से अधिक रक्तदान की अपील की है।

## अभियुक्त पर लगा रासुका

**आजमगढ़।** थाना- निजामाबाद लोक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर साम्प्रादायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अभियुक्त के विरूद्ध रा0सु0का0 की कार्यवाही श्रावण मास व मोहर्रम त्यौहार के दौरान 22.07.2023 को रात्रि 21.00 बजे अमित सोनकर अपने अन्य साथियों के साथ दुकान बन्द करके अपने घर जा रहा था कि साम्प्रदायिक सौहार्द भंग करने के उद्देश्य से अभियुक्त मो0 शाहआलम अन्य साथीयों के साथ तिग्गीपुर इमाम बाडा के पास अमित सोनकर व उसके साथियों को योजनाबद्ध तरीके से गाड़ाबन्दी करके जान से मारने की नियत से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये लाठी डंण्डा व पंच से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिये।

## निशुल्क हेल्थ कैंप का शुभारंभ पूरन प्रकाश विधायक ने किया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा ।**समाज को स्वस्थ रखने के लिए सामाजिक संस्था ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद के द्वारा एक दिवसीय निशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सर्वोदय हेल्थ क्लिनिक कृष्ण नगर मथुरा पर लगाया गया । हेल्थ कैंप का शुभारंभ विधायक पूरन प्रकाश ने फीता काटकर किया। शुभारंभ के अवसर पर विधायक पूरन प्रकाश ने कहा यह एक समाज के लिए सार्थक काम है। इस माध्यम से गरीब लोगों को उनके इलाज में मदद मिलती है । उसके लिए ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश की महिमा की सराहना की आगे भी कैंप लगाने के लिए उन्होंने प्रेरित किया । इस कैंप में डॉ ललित दीक्षित ,डॉक्टर अनुभव चौहान डॉक्टर रविंद्र ने हृदय रोग, सामान रोग ,डायबिटीज, महिला संबंधी बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने निशुल्क अपनी सेवाएं दी । संस्था संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया इस कैंप में 87 मरीज को परामर्श के साथ बीमारियों की जांचें निशुल्क की गयी । विनोद दीक्षित ने बताया आगे भी इस तरह के जनता की सहायता के लिए निशुल्क लगाए जाएंगे ।

## रोकने के लिए सचल दस्ता गठित करेंगे कार्यवाही

**मथुरा ।** उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर ने अवगत कराया है कि मुख्य सचिव महोदय उत्तर प्रदेश शासन द्वारा फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के निर्देश दिये गये हैं, जिसके क्रम में पराली को जलाये जाने से रोकने हेतु जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड स्तर सचल दस्ता/समिति गठित की गयी है तथा राजस्व गॉव एवं न्याय पंचायत स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा-24 एवं 26 के अन्तर्गत खेत में फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है। पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु दण्ड के प्राविधान निम्नयत् है, जिसमे 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रू 2500 प्रति घटना। 2 से 5 एकड के लिए रु 5000 प्रति घटना, 5 एकड से अधिक क्षेत्र के लिए रू 15000 प्रति घटना। अपराध की पुनरावृत्ति होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध अर्थदण्ड इत्यादि की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी फराल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर रट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम तथा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रवन्धन यन्त्र का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।

# सड़क हादसे में चार की मौत, दो की हालत गंभीर



- दिल्ली आगरा हाईवे पर जैंत क्षेत्र में हुआ भीषण सड़क हादसा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए मथुरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। सडक हादसा दिल्ली आगरा हाइवे पर रात को करीब दो बजे जैंत क्षेत्र में हाइवे किनारे स्थित चौधरी ढाबा के पास हुआ। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखचे उड़ गए। कार सवार 5 दोस्त अलीगढ़ से कोकिलावन शनिदेव के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कार सवार अलीगढ़ जिले के थाना बन्ना देवी के गांव सारसुल निवासी निविध बंसल पुत्र अरुण बंसल, आलोक दयाल पुत्र सुनील दयाल व आकाश की मौत हो गई। वहीं घटना में घायल ट्रक चालक बिहार के छपरा थाना आमनौर गांव सोनोह निवासी अजीत कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। कार सवार कमल व विशाल निवासी इगलास का मथुरा निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जैंत के अंतर्गत हाईवे स्थित चौधरी ढाबा के सामने सड़क पार कर खाना खाने जा रहे ट्रक चालक को कार ने टक्कर मार दी। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर आगे खड़े ट्रक में जा घुसी। घटना के बाद जिस ट्रक में कार घुसी थी उसका चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया। मौके पर ही कार सवार पांच लोगों में से तीन लोगों की मौत सहित दो लोग घायल हो गए। कार की टक्कर लगने के बाद ट्रक चालक उछट कर दूर जा गिरा। ट्रक चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तीन मृतक अलीगढ़ के रहने वाले हैं, जबकि मृतक ट्रक ड्राइवर बिहार के छपरा का रहने वाला है। फिलहाल, पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## आजमगढ़ महोत्सव में रैंप पर कैटवाक करेंगी मॉडल्स बेटियां

**आजमगढ़।** स्थान हरिऔध कला केंद्र आडिटोरियम व सभागार में संगीत की धुन पर जनपद के विभिन्न स्थानों से आए दर्जनों डिजाइनर्स की मौजूदगी में लगभग 100 से ज्यादा मॉडल्स प्रतिभागियों ने लाईट साउंड की धुनरैंप पर प्रोफेशनल अंदाज में रैंप पर कैटवाक किया। ये आयोजन पूर्णतः आजमगढ़ के लोगों के लिए आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों मॉडल्स प्रतिभागियों ने भाग लिया, मॉडल्स को रैंप पर कैटवॉक करते देख उपस्थिति जज निर्णायक मंडल प्रभावित हुए। इस दौरान निर्णायक जजों के द्वारा डिजाइनर्स मेकप आर्टिस्ट तथा मॉडल्स से संवाद किया, जिसमें डिजाइनर्स के थीम और उनके द्वारा निर्मित वस्त्रों के बाबत विस्तृत जानकारी ली, खासकर मुबारकपुर हथकर्घा निर्मित कपड़ो के उपयोग पर बात की और उसे बढ़ावा देने पर बल दियास आजमगढ़ महोत्सव में 20-21 सितंबर को चयनित मॉडल्स एवं डिजाइनर्स मेकप आर्टिस्ट मॉडल्स को अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलेगा।

# 343 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उपहार देंगे सीएम योगी

गोरखपुर संवाददाता



■ 35 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व 41 परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**गोरखपुर।** आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती के पावन अवसर पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को 343 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उपहार देंगे। वह 35 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 41 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में 27.53 करोड़ रुपये की लागत से घंटाघर में बनने वाले बंधू सिंह कामर्शियल कॉम्प्लेक्स व मल्टीलेवल पार्किंग और 20.43 करोड़ रुपये से बनने वाले गौरव संग्रहालय का शिलान्यास भी शामिल है। लोकार्पण व शिलान्यास का यह समारोह रविवार दोपहर बाद मानसरोवर स्थित रामलीला मैदान में होगा। मुख्यमंत्री निर्माण इकाई जल निगम नगरीय की 193 करोड़ 69 लाख 70 हजार रुपये की 2, यूपीआरएनएस प्रथम की 4 करोड़ 32 लाख 68 हजार रुपये की 3 और नगर निगम की 19 करोड़ 8 लाख 19 हजार रुपये की 30 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। जबकि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की 24 करोड़ 40 हजार रुपये की 5, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन की 20 करोड़ 43 लाख की 1, यूपीआरएनएस प्रथम की 22 करोड़ 58 लाख की 4, नगर निकाय की 4 करोड़ 23 लाख 45 हजार की 8, लोक निर्माण विभाग खंड तीन की 19 करोड़ 77 लाख 53 हजार की 1, डूडा की 2 करोड़ 43 लाख 44 हजार रुपये की 19, और सीएण्डडीएस यूनिट 19 की 31 करोड़ 94 लाख 95 हजार रुपये की 3 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन सभी परियोजनाओं में सड़क, नाली, सीवरेज मैनेजमेंट, जलनिकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ विरासत के सम्मान के लिए गौरव संग्रहालय, ट्रामा सेंटर, और शहर के व्यस्त इलाके में जाम से निजात दिलाने वाले महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।**सीएम के हाथों लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं-** अमृत कार्यक्रम के तहत गोरखपुर सीवरेज योजना जोन ए-1 दक्षिणी भाग (लोवर पार्ट), लागत 192 करोड़ 2 लाख 21 हजार रुपये, अमृत कार्यक्रम के तहत गोरखपुर सेप्टेज मैनेजमेंट सॉल्यूशन (को-ट्रीटमेंट), लागत 1 करोड़ 67 लाख 49 हजार रुपये, राजकीय आईटीआई रेलवे कॉलोनी में स्मार्ट क्लास व भवन मरम्मत, लागत 1 करोड़ 69 लाख 6 हजार रुपये, जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर, लागत 1 करोड़ 19 लाख 42 हजार रुपये **सीएम इन प्रमुख परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास-** घंटाघर में बंधू सिंह कामर्शियल कॉम्प्लेक्स व मल्टीलेवल पार्किंग, 27 करोड़ 53 लाख 13 हजार रुपये, गौरव संग्रहालय का निर्माण, लागत 20 करोड़ 43 लाख रुपये, अंधियारी बाग रामलीला मैदान के समीप हरियाली अतिथि भवन से निरंकारी भवन मोड़ होते हुए सूरजकुंड कॉलोनी तक मार्ग का 2/4 लेन चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य है।

## ग्राम प्रधान 18 सितम्बर को मुख्यमंत्री से मिलेंगे

**सहारनपुर।** नव दृष्टि नव युग प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया ने कहा कि ग्राम प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल 17 सितम्बर को लखनऊ कूच करेगा और 18 सितम्बर सूबे के मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर अपनी समस्याओं का एक ज्ञापन प्रेषित कर ग्राम प्रधानों की समस्याओं का निराकरण कराने की मांग करेगा।संजय वालिया आज यहां हकीकत नगर के रामलीला ग्राउण्ड पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानो की स्वीकृति के बिना अन्य विभागों के कार्य गांव में नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर ग्राम प्रधानों की कोई सुनवाई न होने के कारण मजबूर होकर उन्हें लखनऊ कूच करना पड़ रहा है। श्री वालिया ने यह भी बताया कि ग्राम प्रधानों को लखनऊ कूच न करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो जिला प्रशासन का घृणित व दबाव बनाने वाला कार्य है।

## पुरानी पेंशन कर्मचारी का हक: धर्मेंद्र

सहारनपुर संवाददाता

**सहारनपुर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज सिंचाई विभाग संघ कार्यालय में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न संघ के कर्मचारी व प्रतिनिधियों ने एक राय होकर सदस्यता ग्रहण की और पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन में सहयोग का आश्वासन दिया। आज सिंचाई विभाग के कार्यालय स्थित संघ भवन में आयोजित पुरानी पेंशन बहाली सयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत विभिन्न कर्मचारी संघो के कर्मचारियों ने एक मत होकर सदस्यता ग्रहण की और पुरानी पेंशन की बहाली की आवाज बुलंद करते हुए सभी ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने का आग्रह किया। मण्डल उपाध्यक्ष शमीम अहमद और जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र कटारिया ने बताया कि जब एक व्यक्ति अपना पूरा जीवन सरकारी सेवा देकर रिटायर होता है, तो उसके बुढ़ापे का सहारा मात्र पेंशन ही होती है। सरकार को यह सामाजिक सुरक्षा सभी शिक्षकों व कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रदान करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि मांगों के निस्तारण को लेकर 27 सितम्बर को हकीकत नगर मैदान में रैली की जायेगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से भारी संख्या में पहुंचने का आहवान किया। सयोंजक सदस्य धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि अर्द्धसैनिक बल, कर्मचारी और शिक्षक सरकार की रीढ़ होते है, लेकिन उनको ही पेंशन से वंचित कर रखा है, जबकि जनप्रतिनिधि स्वयं पुरानी पेंशन ग्रहण कर रहे है, नई पेंशन में डी.ए. के साथ-साथ रीबर्समेंट भी नही है और पेंशन भी मात्र दो से 3 हजार ही मिल रही है।

## संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**अयोध्या ।** जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में माह के प्रथम व द्वितीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सबसे महत्वपूर्ण है इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए।

# पंच प्यारों की अगुवाई में निकाला नगर कीर्तन

सहारनपुर संवाददाता

**सहारनपुर।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश पूरब पर आज पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया, जिसका विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। आज देहरादून रोड स्थित गुरूद्वारा संत भागमल से पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन आरंभ हुआ, जो गुरुद्वारा संत भागमल से प्रारंभ होकर घंटाघर, गुरु तेग बहादुर मार्ग, अंबाला रोड, सुभाष नगर, पटेल नगर, गली माघो प्रसाद से होता हुआ श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा रोड पर संपन्न हुआ। जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर प्रसाद वितरित किया। नगर कीर्तन में सबसे आगे की जीप पर नगाड़ा रखा हुआ था। इसके बाद पंजाब से आया बैगपाईपर बैंड, छोटे बच्चे प्रारम्परिक वेशभूषा थे, पांच पंच प्यारे साहब जी के बाद बात सुंदर सजी पालकी साहेब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी सुशोभित थी। जिसकी सेवा भाई अमरपाल सिंघ कर रहे थे। इसके बाद स्त्री सत्संग का जाथा गुरबानी के बाद गायन कर रहा था। प्रभात फेरी श्री गुरु सिंह सभा का शब्दी जत्था गुरबाणी कीर्तनगायन कर रहे थे। प्रभातफेरी संत भागमल जी, प्रभातफेरी गुरुद्वारा नुमाइश कैंप, प्रभातफेरी पंजाबी गुरुद्वारा के जत्थे गायन करते हुए नगर कीर्तन की शान बढ़ा रहे थे। गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के बच्चे भी शब्द कीर्तन कर रहे थे। गुरु नानक बॉयज इंटर कॉलेज से एनसीसी के क्रेडिट भी अपना योगदान दे रहे थे। सबसे बाद में सेवादार सड़क की सफाई करते हुए चल रहे थे। गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचने पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी संगत ने गुरु का लंगर छका। इस अवसर पर प्रधान सरदार बलबीर सिंह धीर, सीनियर मीत प्रधान दलजीत सिंह कोचर, महासचिव गुरविंदर सिंह कालड़ा, कोषाध्यक्ष सुजसवीर सिंह, गुरु पुरम कनवीनर दीदार सिंह शेठी, जसपाल सिंह बतरा, सुरेंद्रपाल सिंह, तरनजीत सिंह बग्गा, प्रभजोत सिंह, इंद्रजीत सिंह खालसा, अरविंदपाल सिंह चावला, जसविंदर सिंह बग्गा, छवप्रीत सिंह, डॉ.स्वर्णजीत सिंह, अमरजीत सिंह, परविंदर सिंह कोहली, डॉ.चरणजीत सिंह आनंद, परमवीर सिंह, आईपी सिंह, आदि शामिल रहे।

## संजीव सिंह की ताजपोशी पर खुशी की लहर

**बीकापुर -अयोध्या।** भाजपा जिलाध्यक्ष के पद पर संजीव सिंह के दोबारा ताजपोशी होने पर उनके गृह क्षेत्र बीकापुर में भी समर्थकों में खुशी का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी में संजीव सिंह को लगातार दूसरी बार अयोध्या जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

## विभिन्न समस्याओं के निराकरण को सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** विभिन्न जनसमस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग को लेकर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी फिशरमैन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सोमपाल कश्यप के नेतृत्व में समाज के लोग जिलाधिकारी से मिले और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। आज सोमपाल कश्यप के नेतृत्व में समाज के लोगों ने डीएम से भेंट की और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि संसद के विशेष सत्र एवं जे.रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को पेश किया जाये, जातिगत जनगणना कराने, पिछड़ों का आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने, पिछड़ों, अति पिछड़ो व अत्यंत पिछड़ों के आरक्षण का वर्गीकरण करने एवं मछुआ समुदाय को नदी के समस्त अधिकार दिलाया जाये। ज्ञापन में बताया गया की आजादी के क्षेत्र वर्ष के पश्चात भी पिछड़े वर्ग की अधिकतर जातियों की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है।

# सड़क पर रखे टायरे निगम ने किये जब्त

■ दो ट्रैक्टर ट्रालियों व दो टैम्पुओं में भरकर लाये गए निगम

■ छत्ता जम्मूदास में अवैध रुप से चल रही मीट की दुकान करायी बंद

सहारनपुर संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज संक्रामक रोगों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सड़कों पर खुले स्थान में टायर आदि डालकर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया। अनेक दुकानों से भारी तादाद में टायर जब्त कर नगर निगम लाये गए। इसके अलावा छत्ता जम्मूदास में अवैध रुप से चल रही मीट की एक दुकान को भी बंद कराया गया। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर आज नगर निगम द्वारा राघड़ों का पुल और बूढ़ी माई चौक पर ऐसे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया जिन्होंने सड़क पर खुले स्थान में टायर आदि डाल कर न केवल अतिक्रमण कर रखा था बल्कि खाली पड़े टायरों में पानी भी जमा हो रखा था। इन टायरों में पानी एकत्रित होने के कारण डेंगू का लार्वा पनपने की संभावनाएं थी। प्रवर्तन दल द्वारा ऐसे दुकानदारों को पिछले तीन दिन से लगातार एनाउंस कर अपने टायर दुकानों के भीतर रखने को कहा जा रहा था, लेकिन उसके बाद भी जब कोई असर नहीं हुआ तो आज नगर निगम द्वारा अभियान चलाते हुए भारी तादाद में सड़क पर बाहर रखे टायर जब्त कर लिए गए। इन टायरों को दो ट्रैक्टर ट्राली व दो टैम्पुओं में भरकर नगर निगम लाया गया। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर खुले में टायर, डब्बे आदि ऐसा सामान न रखे जिसमें पानी जमा हो सकता है। इसके अलावा छत्ता जम्मूदास में अवैध रुप से चल रही मीट की एक दुकान को भी बंद कराया गया। क्षेत्र के अनेक लोगों ने महापौर व नगरायुक्त को भी अवैध रुप से चल रही इस मीट की दुकान के सम्बंध में शिकायत की थी। राघड़ों का पुल पर एक दुकान से प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद कर एक हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। इस दौरान निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल बी एस नेगी, पार्षद रविसेन जैन, निगम के सफाई निरीक्षक मनोज कुमार, महेश राणा के अलावा प्रवर्तन दल के प्यार सिंह, हेमराज, शिवकुमार, विक्रम, जगपाल, प्रवीण, नवाबुद्दीन, प्रदीप व पवन आदि मौजूद रहे।

## गड्ढों व नालियों से चलना दुश्वार

**अयोध्या।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन डालने के लिए भेलसर गांव में खोदी गई सड़को से ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

# युवक का शव व बाइक छोड़ भागे हत्यारे

अयोध्या संवाददाता

**अयोध्या ।** खन्डासा थाना क्षेत्र के घटौली गांव स्थित स्पीड ब्रेकर के पास पालीथीन में बंधा अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। 35 वर्षीय युवक की हत्या कर हत्यारे बाइक से शव को ठिकाने लगाने के फिराक में थे। किंतु वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और वह सड़क के ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर गिर गये।बाइक सवार हत्यारे ग्रामीणों के दौड़ने पर बाइक व शव छोड़ मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों खंडासा कुमारगंज और इनायत नगर से भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और पॉलिथीन में बंधे युवक का शव कब्जे में लेकर पहले शव की शिनाख्त में पुलिस जुट गई।मृतक की जेब से मिले पर्स से उसकी पहचान शाकिब (35) पुत्र अजीज निवासी परसौली कोतवाली रुदौली के रुप में हुई। युवक के शव की पहचान हो जाने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार की भोर करीब 3=30 बजे हीरो स्प्लेंडर सुपर बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर यू पी 41 ए वाई 3546 से पॉलिथीन में बांधकर 35 वर्षीय युवक का शव लेकर दो व्यक्ति कहीं ठिकाने लगाने के फिराक में जा रहे थे। वह खंडासा थाना क्षेत्र के आजाद नगर घटौली चौराहे पर चितौरा गोयड़ी संपर्क मार्ग पर घटौली गांव के पास स्थित स्पीड ब्रेकर पर पहुंचे ही थे कि अनियंत्रित होकर बाइक सड़क के किनारे पड़े गिट्टी और मिट्टी के ढेर से जा टकराए। जिसके चलते वह गिर गए।उधर आवाज सुनकर चौराहे और गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पहले दोनों युवकों को उठाना चाहा कि इतने में पॉलिथीन से बाहर हाथ निकला देख लोगों ने गुहार लगा दी। माजरा भांप दोनों युवक मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने पॉलिथीन खोलकर देखा तो उसमें 35 वर्षीय युवक का बिस्तर समेत लहूलुहान शव बंधा हुआ था।

## साधन सहकारी समिति पर चलाया गया सदस्यता का महाभियान

**बीकापुर -अयोध्या ।** बीकापुर के मजरुद्दीनपुर साधन सहकारी समिति पर सदस्यता महाभियान चलाया गया सचिव जगदेव ने बताया कि सरकार आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के समितियों को समृद्ध बना रही है इसे लेकर समितियों को हाईटेक किया जा रहा है भविष्य में ऋृण वितरण खाद और बीज वितरण को लेकर दिक्कत न हो इसलिए बी पैक्स अभियान केतहत 30 सितंबर तक अभियान चलाकर सदस्य जोड़े जा रहे हैं भविष्य में ज्यादातर किसानों की सुविधा समितियों के माध्यम से मिलेगी इसलिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ा जा रहा है। सदस्य बनाने के बाद उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र समिति के ओर से दिया जायेगा।

# मोदी का जन्मदिन सेवा सत्कार दिवस के रूप में मनाया

सहारनपुर संवाददाता

**सहारनपुर।** योग गुरू पदमश्री भारत भूषण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहचान एक ऐसे योगी के रूप में है, जिसने योग के विविध आयामों को छुआ है और अपनी योग शक्ति से देश और धरा को योगमय जीवन पद्धति से सींचा है। जिनका रविवार को जन्म दिन सेवा सत्कार दिवस के रूप में मनाया जायेगा। योग गुरू पदमश्री भारत भूषण बेरीबाग स्थित मोक्षायतन संस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन की पूर्व संध्या पर सेवा सतकार दिवस के रूप में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। संस्थान की निदेशक व पूर्व राजनयिक आचार्या प्रतिष्ठा व मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय साधक संघ के सचिव नंद किशोर शर्मा ने बताया कि आज समूचे विश्व को भारत के आध्यात्मिक सांस्कृतिक वैज्ञानिक आभामंडल का कायल बना देने वाले मोदी जी के जीवन में जिज्ञासुओं को देने के लिए बहुत कुछ है। आचार्या प्रतिष्ठा ने कहा कि मोदी जी की योग व संस्कृति निष्ठा का सबसे बड़ा उदाहरण ये है कि गुरुदेव स्वामी भारत भूषण से प्रधानमंत्री के रूप में पहली भेंट में ही उन्होंने भारत के योग को बहुत ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प जताया था और आज भारत में दुनिया के विश्वास का आधार ये योगदर्शन और वसुधैव कुटुंबकम् का भाव ही है। नरेंद्र मोदी के सेवा भाव और प्रतिभाओं के प्रति सत्कार भाव के कारण ही संस्थान ने उनका जन्मदिन सेवा सत्कार दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है जिससे कि नागरिकों विशेषकर नई पीढ़ी में अपनी प्रतिभा से देश व समाज की सेवा में लगे निर्लेप सेवकों के प्रति सम्मान का भाव बढ़े। इस उपलक्ष में मोक्षायतन साधक परिवार रविवार की सुबह पांच बजे से गौ सेवा, सामूहिक ध्यान व योगाभ्यास के साथ शुभकामना यज्ञ के उपरांत सांकेतिक रूप से राष्ट्र एवं मानवता की मौन मुखर सेवा करने वाली कुछ विभूतियों का सत्कार किया जाएगा।

## महालक्ष्मी की यात्रा का स्वागत

**रूदौली- अयोध्या।**अग्र समाज की कुल देवी आद्य महालक्ष्मी की रथ यात्रा अग्रोहा हरियाणा से प्राराम्भ होकर नेपाल भूटान से होकर गोरखपुर के रास्ते आज रूदौली नगर पहुँची रामलीला मैदान रूदौली में यात्रा का स्वागत किया गया तथा वहां से निकली यात्रा ने विशाल शोभायात्रा का रूप ले लिया जिसमे महिलाओं , बच्चों और अग्रवाल समाज के सैकड़ो लोगो ने हिस्सा लिया और कोठी चौराहे पर भब्य सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि अग्रोहा में निर्माणाधीन विशाल लक्ष्मी के मंदिर के प्रचार प्रसार के लिए ये यात्रा संचालित है ।

## अवध विवि की कुलपति ने नोडल अधिकारी नामित किया

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने अयोध्या के प्रान्तीयकृत दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए तैयारियां शुरू की। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशक्रम में आगामी 11 नवम्बर को होने वाले अयोध्या दिव्य दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन रूपरेखा पर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो. संत शरण मिश्र को दीपोत्सव नोडल अधिकारी नामित किया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या की राम की पैड़ी पर 21 लाख दीए जलाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 25 हजार वालंटियर्स तैनात करने की योजना है।

# बीडीओ ने बच्चों को किया सम्मानित

■ भारत सरकार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम एक से 15 सितंबर तक गया मनाया

■ डलमऊ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हींगा मऊ में बच्चों को किया गया सम्मानित

रायबरेली संवाददाता

**रायबरेली।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्राथमिक विद्यालय हींगा मऊ में बेहतर काम करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डलमऊ के खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक आलोक रमन मौर्य ने की। विद्यालय में प्रधानाध्यापक के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम एक से 15 सितंबर तक मनाया गया। इस मौके पर बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की साज सज्जा, स्वच्छता संबंधित विभिन्न कार्यक्रम व एमडीएम की गुणवत्ता को देखकर आदरणीय खंड विकास अधिकारी, डलमऊ ने प्रधानाध्यापक को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । बच्चों व अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विद्यालय परिवार की बीनू सिह व प्रज्ञा श्रीवास्तव को, विद्यालय परिसर व विद्यालय क्रियाकलापों में सक्रिय सहयोग करने के लिए अभिनव सिंह , सुष्मिता ,आदेश (पूर्व छात्र) और विद्यालय के छात्र पुष्मिता,निहाल सिद्धार्थ, शिवकरण अजीत, रेशमा आदि को भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रधानाध्यापक ने ÷करेला सफाई हो, तन से मन से, गीत गाकर सभी को सफाई व स्वच्छता से स्वस्थ रहने के तरीके बताए । बीनू सिंह ने सभी बच्चों को÷ध्यान से कर पढ़ाई रे÷ के माध्यम से बच्चो को पढ़ाई व सफाई के बारे में बताया। सुष्मिता व प्रज्ञा ने सभी से नारों के जरिए साफ सफाई करने के लिए अनुरोध किया। मुख्य अतिथि ने सभी से अपील की कि,÷स्वच्छ रहेगा गांव हमारा, तभी स्वस्थ रहेगा गांव हमारा,÷ संदेश देकर सभी को स्वच्छता के गुण बताए। इस मौके पर तारा देवी, आयुष्मिता ,मिथिलेश, लवकुश सिंह ,राधा रमन, विक्रमादित्य सिंह ,अनिल, रामफेर,सुनीता आदि अभिभावक व अन्य लोग उपस्थित थे।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**हैदरगंज -अयोध्या।** रात्रि में बुआ के घर कह कर निकले 22 वर्षीय युवक का गांव के पास बैग में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ शव मिला है । वहीं सूचना पर पहुंची तारुन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है । खबर अयोध्या जनपद के तारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पेड़रा के सराय रघुनाथ की है । जहां निवासी 22 वर्षीय अतुल उर्फ गोलू पुत्र ओमप्रकाश वर्मा शुक्रवार की रात लगभग 11=00 बजे के आसपास घर से बाहर निकाला । कुछ देर बाद घर पर फोन कर बताया कि वह हैदरगंज थाना क्षेत्र के कटौना स्थित अपनी बुआ के घर जा रहा है । परंतु सुबह जब परिजनों ने जानकारी लिया तो पता चला कि वह बुआ के घर भी नहीं पहुंचा है ।

# कार्यकर्ताओं के हित में उठेगा हर कदम: कमलेश

अयोध्या संवाददाता

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अयोध्या महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव को घोषित करते ही कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार हो गया है। अपने बीच के कार्यकर्ता को महानगर अध्यक्ष के रूप में पाकर अयोध्या के कार्यकर्ता मंत्रमुग्ध हैं।शनिवार को अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान के साथ नगर के प्रमुख व्यापारी वा पार्टी जनों ने महानगर के हृदय स्थल चौक में नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष को फूल मालाओं से लाद दिया। अपनी सादगी से कार्यकर्ताओं में अलग छाप छोड़ने वाले महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि उनका हर कदम कार्यकर्ताओं के हित में उठेगा। कार्यकर्ता संगठन की पूंजी है और इस पूंजी को संजोए रखना ही हमारा पहला दायित्व है। उन्होंने साफ किया कि कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए वह हमेशा खड़े रहेंगे। यही नहीं उन्होंने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता की भांति कार्य करके पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारी प्राथमिक मे है। पार्टी के कार्यक्रमो को सौ प्रतिशत पूरा करना होगा। सी एम श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का सकारात्मक सहयोग महानगर अध्यक्ष के साथ रहेगा। वहीं दूसरी तरफ संस्थान के उपाध्यक्ष व मंडल उपाध्यक्ष भाजपा जयप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि महानगर अध्यक्ष कार्यकर्ताओं की नब्ज को बखूबी पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जिस सूझबूझ के साथ महानगर अध्यक्ष के रूप में कमलेश श्रीवास्तव को अयोध्या में दिया है पार्टी कार्यकर्ता पूरी लगन और निष्ठा के साथ उनके कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। इस मौके पर अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान के उपाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, सभासद फिरौनी सभासद खिरौनी आशीष श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तव, दीपक जौहरी, अमित श्रीवास्तव, संग्राम सिन्हा, आलोक श्रीवास्तव,चंद्र मोहन श्रीवास्तव, शिखर श्रीवास्तव जय,वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर श्रीवास्तव , पूर्व पार्षद अन्नू जयसवाल, पार्षद अनिल सिंह, शिवकुमार गुप्ता, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी शुभकामनाएं दी।

## अंजुमन गुंचाए मजलूमिया की शब्बेदारी आज से

**लखनऊ।** इमामबाड़ा अबुतालिब हसनपुरिया में अंजुमन गुंचा-ए-मजलूमिया की तीन दिवसीय सालाना शब्बेदारी का आगाज रविवार से होगा। अंजुमन के सचिव इमरान अखतर ने बताया कि शब्बेदारी की पहली मजलिस मौलाना सदफ जौनपुरी रात 8 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद शहर की मातमी अंजुमने, अंजुमन के शायर एजाज जैदी द्वारा दी गयी तरह की पंक्ति %मातमे शब्बीर का सूरज कभी डूबा नहीं के आधार पर अपने सलाम पेश करेंगी। शब्बेदारी की दूसरी मजलिस सोमवार को मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास रात 8 बजे खिताब करेंगे। मंगलवार को अलविदायी मजलिस मौलाना बाकर अली जैदी मगरिब की नमाज के बाद खिताब करेंगे।

# दो अक्टूबर तक सेवा थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया

**लखनऊ ।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में शनिवार को मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर, बादशाहनगर, ऐशबाग के अलावा बादशाहनगर रेलवे चिकित्सालय, ऐशबाग पॉलीक्लीनिक, अनुरक्षण कोचिंग डिपो ऐशबाग तथा रेलवे कालोनियों में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही गोरखपुर जंक्शन, बस्ती, गोण्डा, मनकापुर में भी गहन अभियान के तहत स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छ जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। उन्होंने रेल अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं उसके लिए प्रत्येक वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प दिलाया। डीआरएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छता पखवाड़ के पर हमें रेलवे स्टेशनों, रेल परिसर, रेलवे प्रसाधन, रेलवे गाडियां एवं रेल की पटरियों को स्वच्छ रखना है।

## प्रेरणादायक आईएएस अधिकारी की दिलचस्प कहानी

**लखनऊ ।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए लेकर आया एक प्रेरणादायक आईएएस अधिकारी की दिलचस्प कहानी काव्या एक जज़्बा एक जुनून। यह शो लखनऊ के परिवेश पर आधारित है और अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान और मिश्कत वर्मा एक मजबूत महिला की इस प्रगतिशील कहानी और उसके आईएएस अधिकारी बनने के मकसद से दर्शकों को परिचित कराने के लिए नवाबों के शहर पहुंचे। शो दमदार किरदारों के जरिये देश में प्रचलित रूढ़िवादिता को चुनौती देगा। सुम्बुल तौकीर खान ने बताया कि उन्होंने इस शो में मुख्य भूमिका निभाई है जो एक दृढ़ और भावुक महिला है और एक आईएएस अधिकारी होने के अपने उद्देश्य के प्रति सच्चे रहने के लिए निडर होकर कठिन विकल्प चुनती है।

# उदीयमान अभिनेता- अभिनेत्रियों ने सीखे अभिनय के गुर



लखनऊ संवाददाता

**लखनऊ।** एक चुटकी सिन्दूर की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू ... यह वह संवाद थे, जिनको आज अभिनय के साथ उदीयमान अभिनेता-अभिनेत्रियों ने बोल कर अभिनय के गुर को सीखा। यह खुबसूरत मौका था होटल आशियाना रेजीडेंसी लखनऊ में जे पी एस स्टार 11के तत्वावधान में चल रहे इंडियाज टैलेंट स्टार समागम के आज छठे दिन का। समारोह में फिल्म अभिनेता और रंगकर्मी डॉ अनिल रस्तोगी, नवल शुक्ला, गौरव कुमार, माधुरी सिंह, विनोद प्रसाद, इंजमाम वाहिदी, लखन चौधरी, प्रदीप श्रीवास्तव, डी एम त्रिपाठी, प्रेम चन्द्र सिंह, राजेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी और मुस्कान पाठक ने उदीयमान अभिनेता- अभिनेत्रियों को अभिनय के गुर के अन्तर्गत संवाद अदायगी, शब्दों का उच्चारण, भाव-भंगिमा, लहजा, शरीर के हाव-भाव जैसी अन्य चीजों को सिखाया गया। इस अवसर पर रश्मि पाठक, यशवीर सिंह, आलिया खान, शिव गुप्ता, दीपक ओझा जैसे अन्य प्रतिभागियों ने अभिनय के दौरान किन किन बातों का ध्यान रखा जाये जैसी अन्य चीजों के बारें में अभिनय विशेषज्ञों से संवाद भी किये। कार्यक्रम संयोजक अरविंद सक्सेना ने बताया कि 17 सितम्बर को इण्डियाज टैलेंट स्टार समागम के अंतिम दिन हस्तशिल्प, हस्तकला, लोककला और कोमल कोपलों को नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया जायेगा।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी का जीएम गिरफ्तार अन्य की गिरफ्तारी को पुलिस की दबिश जारी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बिसरख कोतवाली क्षेत्र की आम्रपाली ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में हुए हादसे में पुलिस ने गिरधारी लाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के जीएम देवेंद्र सिंह उर्फ देवेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। मामले में कुल 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। बता दें कि शुक्रवार को हुए इस हादसे में अब तक आठ कामगारों की मौत हो चुकी है। निर्माणाधीन आम्रपाली ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में 14वीं मंजिल पर झटका लगने से पैसेंजर लिफ्ट गिर गई, जिसके चलते चार कामगारों की मौत हो गई। वहीं पांच घायल हो गए थे, जिनमें से चार की शनिवार (16 सितंबर) सुबह मौत हो गई। एक कामगार का इलाज आईसीयू में चल रहा है। शुक्रवार सुबह पीओपी का काम करने के लिए साढ़े आठ बजे 24वीं मंजिल पर जाने के लिए नौ कामगार लिफ्ट में सवार हुए।

**लिफ्ट**

**लिफ्ट 14वें फ्लोर पर पहुंची तो अचानक तार टूट गया। लिफ्ट नीचे गिरी और कामगार लिफ्ट में फंस गए।**

लिफ्ट 14वें फ्लोर पर पहुंची तो अचानक तार टूट गया। लिफ्ट नीचे गिरी और कामगार लिफ्ट में फंस गए।

दूसरे कामगारों ने लिफ्ट का गेट तोड़कर उन्हें बाहर निकाला। सभी को अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान बिहार के कटिहार के इस्ताक अली, विपोत मंडल, बांका के अरुण तांती और अमरोहा, उप्र के आरिश खान की मौत हो गई। पुलिस ने नौ लोगों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज



किया है। अधिकारियों ने प्रोजेक्ट को सील कर वहां पर काम करने वाले कामगारों को बाहर निकालने का आदेश दिया है। आरोप है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी की जा रही थी। आम्रपाली बिल्डर दिवालिया घोषित हुआ तो न्यायालय के आदेश पर प्रोजेक्ट एनबीसीसी (नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी) के अधीन आ गया। सी-12 टावर में निर्माण कार्य गिरधारी कंस्ट्रक्शन कंपनी करा रही थी। असुल मुस्तकीम, अब्दुल मुस्तकीम, कुलदीप पाल, कैफ व अरबाज घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार ने गिरधारी लाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के जीएम हरीश शर्मा, जीएम ऋषभ अरोड़ा व जीएम लवजीत, एनबीसीसी के जीएम आदित्य चंद्रा व विकास, मैकेनिकल इंचार्ज राहुल, साइट इंचार्ज देवेंद्र शर्मा, लिफ्ट स्पेकन कंपनी के शैलेंद्र, सुनील व अन्य अज्ञात अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### सिलचर में छात्र की आत्महत्या से मौत, विरोध प्रदर्शन के हिंसक होने पर पुलिस लाठीचार्ज में 40 लोग घायल

**गुवाहाटी।** सिलचर के तीसरे वर्ष के एक छात्र की कथित तौर पर परिसर में आत्महत्या से मौत हो गई। इस घटना के बाद उसके सहपाठियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जो अंततः हिंसक हो गया, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसमें 40 लोग घायल हो गए। इसकी जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। अरुणाचल प्रदेश के मूल निवासी छात्र का शव शुक्रवार शाम उसके छात्रावास के कमरे में लटका हुआ मिला था। छात्र का शव मिलने के बाद उसके सहपाठियों ने पुलिस को शव उतारने से रोक दिया। सहपाठियों ने आरोप लगाते हुए कि कहा कि कॉलेज प्रशासन के कार्यों के कारण उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दो घंटे बाद, जैसे ही पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने में कामयाब रही, छात्रों ने परिसर में शिक्षाविदों के डीन बीके रॉय के आधिकारिक आवास के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# संसद के विशेष सत्र की पूर्व संध्या पर होगी सर्वदलीय बैठक, सभी दलों के नेताओं से विचार-विमर्श करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** संसद के आगामी विशेष सत्र से पहले सरकार ने रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में पांच दिवसीय विशेष सत्र के बारे में सरकार सभी दलों के नेताओं को जानकारी देगी और उनके साथ विचार-विमर्श करेगी।

बता दें कि विशेष सत्र के एजेंडे को लेकर सियासत गर्मायी हुई है और इस बात पर जमकर चर्चा हो रही है कि सरकार कोई चौंका देने वाला प्रस्ताव पेश कर सकती है। हालांकि, सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पांच दिवसीय सत्र में कौन-कौन से विधेयकों पर चर्चा होगी। सोमवार से शुरू होने वाले सत्र ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है, भले ही सूचीबद्ध एजेंडे में संविधान सभा से शुरू होने वाली संसद की 75 वर्षों की यात्रा पर एक विशेष चर्चा होगी। सरकार के एजेंडे में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर विधेयक को भी सूचीबद्ध किया गया है। यह विधेयक पिछले मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पेश किया गया था। हालांकि, सरकार को संसद में कुछ नए कानून या अन्य आइटम पेश करने का विशेषाधिकार भी प्राप्त है और यह सूचीबद्ध एजेंडे का हिस्सा नहीं हो सकते हैं, लेकिन किसी भी संभावित नए कानून पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान



सामने नहीं आया है। परंतु लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण सुनिश्चित करने वाले विधेयक पर थोड़ी बहुत चर्चा जरूर हुई है। भारत की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में जी-20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। ऐसे में सत्ता पक्ष के बीच जी-20 शिखर सम्मेलन का मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहने वाला है।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सत्र का एलान करते हुए इसे विशेष सत्र बताया था, लेकिन सरकार ने बाद में इसे नियमित सत्र करार दिया था। आमतौर पर संसद का हर साल बजट, मानसून और शीतकालीन सत्र आयोजित होता है। जुलाई-अगस्त में मानसून सत्र, जबकि नवंबर-दिसंबर में शीतकालीन सत्र का आयोजन होता है। वहीं, हर साल जनवरी के अंत में बजट सत्र की शुरुआत होती है।

# कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को मिलनी चाहिए सहायता कोविड-19 योजनाओं को लेकर सुप्रीम कोट का केंद्र को अहम

**नई दिल्ली।** कोविड कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को मिलनी चाहिए सहायता कोविड-19 योजनाओं को लेकर स्ट का केंद्र को अहम सुझाव के

**कोविड**

**पीठ ने केंद्र से कहा, आपने अनाथ बच्चों के लिए बिल्कुल सही नीति बनाई है, जिनके माता-पिता की कोविड के कारण मृत्यु हो गई थी।**

दौरान बहुत से लोगों ने अपनी जान गंवाई थी, उस दौरान न जाने कितने ही बच्चे भी अनाथ हो गए थे। इसी तरह के एक मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एक अनाथ अनाथ होता है, भले ही उसके माता-पिता की मृत्यु कैसे भी हुई हो। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या पीएम केयर्स फंड सहित योजनाओं का लाभ देने का कोई तरीका है, जो कि कोविड के दौरान अनाथ हुए बच्चों समेत अन्य बच्चों को भी दिया जा सके। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने



शुक्रवार को केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से मामले में केंद्र से निर्देश लेने को कहा।

पीठ ने केंद्र से कहा, ÷आपने अनाथ बच्चों के लिए बिल्कुल सही नीति बनाई है, जिनके माता-पिता की कोविड के कारण मृत्यु हो गई थी। लेकिन एक अनाथ हमेशा अनाथ ही रहता है, भले ही उसके माता-पिता की मृत्यु किसी दुर्घटना या बीमारी में हुई हो। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल बनर्जी से कहा, आप यह निर्देश लेकर आएं कि क्या कोविड -19 महामारी के दौरान अनाथ बच्चों के लिए बनाई गई पीएम केयर्स फंड सहित योजनाओं का लाभ अनाथ बच्चों को दिया जा सकता है। एएसजी ने कहा कि उन्हें हाल ही में इस मामले में पेश होने के लिए एक ब्रीफ दिया गया था और वह चार सप्ताह के समय में अदालत के सवाल का जवाब देंगे। याचिकाकर्ता पॉलोमी पाविनी शुक्ला ने कहा कि महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत लाभ प्रदान किया गया था और अदालत के निर्देश पर अन्य अनाथ बच्चों को भी इसी तरह का लाभ दिया जा सकता है। शुक्ला ने पीठ को बताया, दो राज्य दिल्ली और गुजरात शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 2 (डी) के तहत एक सरल सरकारी आदेश जारी करके शिक्षा का अधिकार अधिनियम का लाभ प्रदान कर रहे हैं और यह अन्य राज्यों में भी किया जा सकता है।

# सनातन धर्म शाश्वत कर्तव्यों का समूह है...फ्री स्पीच घृणास्पद भाषण नहीं हो सकताः मद्रास HC के न्यायाधीश

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** DMK मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों पर राजनीतिक विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच, मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि सनातन धर्म शाश्वत कर्तव्यों का एक समूह है जिसे हिंदू धर्म या हिंदू जीवन शैली का पालन करने वालों से संबंधित कई स्रोतों से एकत्र किया जा सकता है और इसमें शामिल हैं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, राजा के प्रति कर्तव्य, राजा का अपनी प्रजा के प्रति कर्तव्य, अपने माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्तव्य, गरीबों की देखभाल और अन्य कई कर्तव्य शामिल हैं। न्यायमूर्ति एन. शेषशायी ने 15 सितंबर को अपने आदेश में कहा कि अदालत सनातन धर्म के पक्ष और विपक्ष में बहुत मुखर और समय-समय पर होने वाली शोर-शराबे वाली बहसों के प्रति सचेत है और अदालत चारों ओर जो कुछ भी हो रहा है, उस पर वास्तविक चिंता के साथ विचार करने से खुद को रोक नहीं सकती है।अदालत ने यह भी कहा कि जब धर्म से संबंधित मामलों में स्वतंत्र भाषण का प्रयोग किया जाता है, तो किसी के लिए यह सुनिश्चित करना



आवश्यक है कि कोई भी परेशान न हो और स्वतंत्र भाषण घृणास्पद भाषण नहीं हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि कहीं न कहीं इस विचार ने जोर पकड़ लिया है कि सनातन धर्म केवल और केवल जातिवाद और छुआछूत को बढ़ावा देने वाला है। समान नागरिकों के देश में छुआछूत को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है और भले ही इसे सनातन धर्म के सिद्धांतों के भीतर कहीं न कहीं अनुमति के रूप में देखा जाता है, फिर भी इसमें रहने के लिए जगह नहीं हो सकती है, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता की घोषणा की गई है ख़त्म कर दिया गया। कोर्ट ने कहा, यह मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इसमें कहा गया है कि अनुच्छेद 51ए(ए) के तहत, संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों और संस्थानों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है... इसलिए, सनातन धर्म के भीतर या बाहर, छुआछूत अब संवैधानिक नहीं हो सकती है। हालाँकि दुख की बात है कि यह अभी भी है। अदालत ने याचिकाकर्ता एलंगोवन की ओर से दलीलों का उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने कहा है कि कहीं भी सनातन धर्म न तो छुआछूत को मंजूरी देता है या बढ़ावा देता है और यह केवल हिंदू धर्म के अनुयायियों पर सभी के साथ समान व्यवहार करने पर जोर देता है। अदालत ने कहा, जैसे-जैसे धार्मिक प्रथाएं समय के साथ आगे बढ़ती हैं, कुछ बुरी प्रथाएं अनजाने में ही इसमें शामिल हो सकती हैं। वे खरपतवार हैं जिन्हें हटाना आवश्यक है। लेकिन फसल क्यों काटी जाए? - यह संक्षेप में विद्वान वकील की दलीलों का सार है।

### निपाह वायरस को लेकर अलर्ट मोड पर केरल सरकार, 19 टीमों का किया गठन; नेगेटिव मिले 11 सैंपल

**कोझिकोड (केरल)।** केरल में निपाह वायरस के मामले सामने आने के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। ऐसे में केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने निपाह वायरस को लेकर जानकारी दी है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि 11 नमूनों को जांच के लिए भेजा गया था, जिसके नतीजे नेगेटिव आए हैं।स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने निपाह वायरस से संबंधित मामलों की जानकारी देते हुए बताया कि 11 सैंपल को जांच के लिए भेजा गया जो नेगेटिव हैं। इसके अलावा अब तक 6 सैंपल पॉजिटिव मिले हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में कल तक ही निपाह वायरस से संबंधित मामले आए थे। हालांकि, अभी कोई नया मामला सामने नहीं आया है। वीना जॉर्ज के मुताबिक, मेडिकल कॉलेजों में 21 लोगों को आइसोलेट किया गया है।

# जाह्नवी कंडुला को मरणोपरांत मास्टर डिग्री से सम्मानित करेगी यूनिवर्सिटी, पुलिस की कार ने मारी थी टक्कर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशी युवती जाह्नवी कंडुला को एक कार ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। इस मामले की जांच में जुटी काफी गहनता से जांच कर रही है। इसी

**घोषणा**

**नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के चांसलर ने घोषणा की है कि भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला को मरणोपरांत मास्टर डिग्री से सम्मानित किया जाएगा।**

बीच, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के चांसलर ने घोषणा की है कि भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला को मरणोपरांत मास्टर डिग्री से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, चांसलर ने उम्मीद जताई कि चल रही जांच से कुछ न कुछ निष्कर्ष जरूर निकलेगा। वाशिंगटन राज्य के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के 23 वर्षीय छात्रा कंडुला को 23 जनवरी की रात को एक पैदल यात्री क्रॉसिंग पर कार टक्कर मार दी थी। कंडुला को आगामी दिसंबर में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के सिएटल परिसर से सूचना प्रणाली में मास्टर डिग्री के साथ ग्रेजुएट होना था।



जब कंडुला सड़क पार कर रही थी, तो अधिकारी केविन डेव ने एक पुलिस वाहन से उन्हें टक्कर मार दी। जांच के दौरान पता चला कि वह ड्रग ओवरडोज होने की वजह से 119 किमी प्रति घंटे से अधिक की स्पीड में गाड़ी चला रहा था। सिएटल पुलिस विभाग द्वारा सोमवार को जारी किए गए बॉडीकैम फुटेज में, अधिकारी डेनियल ऑडरर ने घातक दुर्घटना के बारे में हंसते हुए बयान दिया कि कहा कि डेव की गलती हो सकती है। वीडियो में, ऑडरर को यह कहते हुए सुना जा सकता है, हां, बस एक 11 हजार डॉलर का चेक लिखो। वैसे भी उसकी उम्र 26 साल थी, तो इसके मुताबिक यही कीमत होगी। कंडुला की मौत से दुखी होकर, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के चांसलर केनेथ डब्ल्यू हेंडरसन ने शुक्रवार को यूनिवर्सिटी के आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि उनकी क्षति को छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों को काफी दुख है। विश्वविद्यालय ने जाह्नवी को पुरस्कार देने का विचार किया है। उसकी डिग्री मरणोपरांत और उसके परिवार को प्रस्तुत की जाएगी।

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, हमारे परिसर में सभी को जाह्नवी काफी पसंद थी, वह काफी चुलबुली थी और हमेशा सबको खुश रखती थी। हेंडरसन ने लिखा, ÷सिएटल के एक पुलिस अधिकारी की संवेदनहीन टिप्पणी सामने आई है, जिसने जख्मों को फिर से हरा कर दिया है और हमारे दुख को गहरा कर दिया है। नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के चांसलर ने बयान में कहा, ÷हम आपके साथ एकजुटता से खड़े हैं और पूरी उम्मीद है कि चल रही जांच न्याय और जवाबदेही लाएगी। भारत ने कंडुला का मामला अमेरिकी सरकार के साथ-साथ वाशिंगटन राज्य के स्थानीय अधिकारियों के समक्ष भी उठाया गया है। हालांकि, इस मामले में भरोसा जताया गया है कि वाशिंगटन राज्य के स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ वाशिंगटन डीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस मामले को दृढ़ता से उठाया है।÷ इसमें कहा गया है कि वाणिज्य दूतावास और दूतावास सभी संबंधित अधिकारियों के साथ इस मामले पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे।

### ब्रिटेन अगले महीने से छात्र वीजा करेगा महंगा, विजिट वीजा के शुल्क में भी होगा बदलाव

**लंदन।** भारत से बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई के लिए ब्रिटेन जाते हैं। अगले महीने से अब उनकी जेब पर बोझ बढ़ने वाला है। ब्रिटिश संसद में लाए गए विधेयक के अनुसार छात्र वीजा के लिए आवेदन फीस अगले महीने से 127 पाउंड (13 हजार से अधिक) बढ़ने वाली है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि देश के बाहर से छात्र वीजा के लिए आवेदन करने का शुल्क 127 पाउंड बढ़ाकर 490 पाउंड कर दिया जाएगा, जो देश में आवेदन के लिए ली जाने वाली राशि के बराबर होगा। छह महीने से कम अवधि के लिए विजिट वीजा के शुल्क में भी बदलाव किया गया है, जो 15 से बढ़ाकर 115 पाउंड कर दिया गया है। संसदीय अनुमोदन के अधीन, इमिग्रेशन और राष्ट्रीयता शुल्क चार अक्टूबर से बढ़ जाएगा। आंकड़ों के अनुसार 2021-2022 में 120,000 से अधिक भारतीय छात्र ब्रिटेन में पढ़ रहे हैं।

# रूसी परमाणु-सक्षम बम पर उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की नजर, हाइपरसोनिक मिसाइलों का लिया जायजा

**रूस।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रक्षा मंत्री के साथ शनिवार को रूसी परमाणु-सक्षम रणनीतिक बमवर्षकों, हाइपरसोनिक मिसाइलों और युद्धपोतों का निरीक्षण किया। प्रशांत शहर व्लादिवोस्तोक से लगभग 50 किमी (30) मील दूर रूस के कनेविची हवाई क्षेत्र में रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने किम को सलामी देते हुए उनका स्वागत किया।

इसके बाद उत्तर कोरियाई नेता ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया को काफी चिंता है अगर प्योंगयांग के साथ मास्को की दोस्ती होती है तो फिर किम को रूस की कुछ संवेदनशील मिसाइल और अन्य प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिल सकती है, जबकि यूक्रेन में युद्ध में रूस को मदद मिल सकती है। शोइगु ने उन्हें किंझल हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस मिग-31आई सुपरसोनिक इंटरसेप्टर विमान दिखाया। शोइगु ने किम को एक विमान के बारे में बताया, ÷यह मॉस्को से जापान तक उड़ान भर सकता है और फिर वापस आ सकता है।÷ 480 किलोग्राम (1,100 पाउंड) का पेलोड ले जाने के दौरान इसकी रेंज 1,500



से 2,000 किमी (930-1,240 मील) बताई गई है।

इस विमान की गति, ध्वनि की गति से 10 गुना अधिक (12,000 किलोमीटर प्रति घंटे) तक यात्रा कर सकता है। विमान और मिसाइलों के बाद, किम ने व्लादिवोस्तोक में रूस के प्रशांत बेड़े के युद्धपोत का निरीक्षण किया, जहां उन्हें रूसी नौसेना का प्रदर्शन देखना था। वाशिंगटन ने उत्तर कोरिया पर रूस को हथियार मुहैया कराने का आरोप लगाया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि किसी हथियार की डिलीवरी की गई है या नहीं। किम ने शुक्रवार को एक रूसी फाइटर जेट फैक्ट्री का निरीक्षण किया। बुधवार को मुलाकात के दौरान उन्होंने और पुतिन ने सैन्य मामलों, यूक्रेन में युद्ध और सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की। पुतिन ने मीडिया से कहा कि रूस किसी भी चीज का उल्लंघन नहीं करेगा, लेकिन उत्तर कोरिया के साथ संबंध विकसित करता रहेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यात्रा के दौरान किसी औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर करने की कोई योजना नहीं थी।

# पाकिस्तान में जनता पर महंगाई की मार, 330 रुपये लीटर हुआ पेट्रोल; कितने बढ़े डीजल के दाम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जनता को महंगाई से राहत नहीं मिल रही है। हालत ये है कि खान-पीने के




सामान के दामों में बढोत्तरी के बाद अब पेट्रोल-डीजल के दामों ने भी पाकिस्तान की आम जनता की जेब को खाली करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का एलान किया है। दरअसल, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतों में 26.02 रुपये और डीजल के दामों में 17.34 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसी के साथ ही पाकिस्तान में पेट्रोल के दाम 330 रुपये प्रति लीटर पहुंच गए हैं। जबकि डीजल की कीमत लगभग 329 रुपये हो गई है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार देर रात पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। डॉन अखबार ने बताया कि पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार पेट्रोल के दामों में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी की गई है। अखबार के अनुसार, पाकिस्तान में पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल की कीमत 330 रुपये से अधिक हो गई है। वित्त मंत्रालय ने पेट्रोल-डीजल के दामों पर बयान जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इसके कारण सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों की मौजूदा कीमतों में बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया।

बता दें कि पाकिस्तान में अगस्त में मुद्रास्फीति की दर में 27.4 फीसद की वृद्धि हुई थी, जिसके बाद पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने जनता को बड़ा झटका दिया और पेट्रोल-डीजल के दामों में इजाफा किया। इससे पहले 1 सितंबर को पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 14 रुपये की बढ़ोतरी की थी। अनवर उल हक काकर ने अगस्त में अंतरिम प्रधानमंत्री की शपथ ली।

# अब नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में फोटो खींचना पड़ेगा भारी

**काठमांडू।** नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में फोटो खींचना और वीडियो बनाना अब लोगों को भारी पड़ेगा। मंदिर के अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को मुख्य मंदिर परिसर के अंदर तस्वीरें और वीडियो शूट करने के प्रति सख्ती

**दर्शन**

**बागमती नदी के तट पर बना है। भारत और दुनिया भर से हजारों तीर्थयात्री प्रतिदिन इस मंदिर के दर्शन करते हैं।**

से आगाह किया है। पशुपतिनाथ मंदिर के अधिकारियों द्वारा जारी ताजा चेतावनी तीज त्योहार से पहले आई है। तीज पर तीन दिवसीय उत्सव रविवार से शुरू होने जा रहा है, उससे पहले नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है कि मुख्य मंदिर परिसर के अंदर वीडियो बनाने और तस्वीरें लेने वालों पर 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। बता दें कि पशुपतिनाथ मंदिर एक विश्व प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है, जो नेपाल की राजधानी काठमांडू में बना है। ये मंदिर भगवान पशुपति को समर्पित है और बागमती नदी के तट पर बना है। भारत और दुनिया भर से



हजारों तीर्थयात्री प्रतिदिन इस मंदिर के दर्शन करते हैं। यहां बताते चलें कि पशुपतिनाथ मंदिर परिसर के अंदर तस्वीरें खींचने पर पहले से ही प्रतिबंध है। पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट (पीएडीटी) की प्रवक्ता रेवती रमन ने बताया कि तीज त्योहार से पहले कुछ युवा लड़के और लड़कियां ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद वीडियो और तस्वीरें लीं और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शिवलिंग की कई वीडियो डाली गई है, जिसके बाद जुर्माने का फैसला लिया गया।

अधिकारी ने कहा कि मंदिर परिसर के अंदर वीडियो या तस्वीरें लेने वालों पर 500 रुपये से 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। जो लोग सोशल मीडिया पर ये वीडियो पोस्ट करते हुए पाए जाएंगे, उन्हें इन्हें हटाने के लिए कहा जाएगा और अगर वे नहीं मानते हैं, तो हम उनके खिलाफ साइबर अपराध के तहत कार्रवाई भी कर सकते हैं।

### यूरोपीय संघ से अलग हो सकते हैं हम, अमेरिकी दौरे से पहले बोले राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन

**इस्तांबुल।** तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने शनिवार को यूरोपीय संघ से अलग होने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हुई तो अंकारा यूरोपीय संघ से अलग हो सकता है। दरअसल, तुर्किये का लक्ष्य यूरोपीय संघ में शामिल होने का है, लेकिन मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोपों के चलते ऐसा नहीं हो पा रहा है और तुर्किये अब इंतजार करने के मूड में नजर नहीं आ रहा है,



क्योंकि वह वर्षों से इंतजार कर रहा है।

बता दें कि तुर्किये लंबे समय से यूरोपीय संघ में शामिल होने का इंतजार कर रहा है, लेकिन मानवाधिकारों के उल्लंघन की वजह से हाल के वर्षों में एक्सेशन वार्ता रुकी हुई है। कई मौकों पर तैयर एर्दोगन ने इसका जिक्र भी किया है। अमेरिका की यात्रा से पहले उन्होंने इस मसले पर पत्रकारों के साथ बातचीत भी की।

तैयप एर्दोगन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यूरोपीय संघ तुर्किये से अलग होने की कोशिश कर रहा है। हम इन घटनाक्रमों के आधार पर अपना मूल्यांकन करेंगे और जरूरी हुआ तो हम यूरोपीय संघ से अलग हो सकते हैं। सनद रहे कि तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि यूरोपीय संसद की रिपोर्ट में निराधार आरोप शामिल हैं और इस रिपोर्ट में यूरोपीय संघ के साथ तुर्कियों के संबंधों के लिए गैर-दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया है।

# मेडिकल कॉलेज में ब्लड जांच के नाम पर धन उगाही

अवधनामा संवाददाता

- मेडिकल कॉलेज में मरीजों ने किया हंगामा
- पैथोलॉजी विभाग के कर्मचारियों ने पैसा वसूलकर प्राइवेट सेंटर पर भेजा
- पुलिस व प्राचार्य के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ

**जौनपुर (करंजाकला)** उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सिद्धिकपुर में पैथोलॉजी विभाग में धन उगाही को लेकर मरीजो ने हंगामा शुरू कर दिया और सूचना पर पुलिस व प्राचार्य पहुंच गए ।किसी तरह बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।

जानकारी के अनुसार पैथोलॉजी विभाग में ब्लड जाच कराने सिद्धीकपुर की महिला सुभावती गुड़िया मंगतपुर के मैरीअजीत सिंह पाले गौतम मेडिकल कॉलेज में पहुचे। पैथोलॉजी सेंटर पर पर्चा लेने के बाद पहुंचे और ब्लड जांच करने के लिए कहने लगे। इस दौरान ब्लड जांच करने के नाम पर पैथोलॉजी में कर्मचारियों ने अच्छी जांच के नाम पर उन लोगों से पैसे की डिमांड किया इतना ही नहीं उसके बाद कहा कि कुछ जांच यहा नहीं होंगे यह प्राइवेट पैथोलॉजी पर बाहर होंगे और इसके लिए पैसा भी जमा कर दीजिए। तीन तीन सौ रुपए जांच के नाम पर वसूली कर लिए और प्राइवेट पैथोलॉजी पर उन्हें जाने को कहा। इस दौरान यह मामला परिजनों को मालूम हुआ उसके बाद मरीजों के परिजन पहुंच गए और मेडिकल कॉलेज हंगामा शुरू कर दिए। नारेबाजी शुरू कर दिए और हंगामा बढ़ता गया। मामला प्राचार्य डॉक्टर शिवकुमार को मालूम हुआ। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर सराय ख्वाजा पुलिस पहुंच गई और मरीजो का गुस्सा देखकर पुलिस व प्राचार्य ने बीच बचाव किया। किसी तरह भीड़ को समझाया बुझाकर शांत कराया। इस दौरान डाक्टर शिवकुमार ने कहा कि जो पैसा लिया उसके साथ उचित कार्रवाई होगी ।इसके बाद पैथोलॉजी सेंटर के पैसा लेने वाले कर्मचारियों ने मरीजों का पैसा वापस किया और इसके बाद मामला शांत हुआ । यह चर्चा है कि मेडिकल कॉलेज में ब्लड जांच व दवाओं के नाम पर पैसा वसूली की जाती है। बाहर एक निजी मेडिकल स्टोर पर दवाओ के लिए पर्ची लिखी जाती है। मरीज को उसे मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने के लिए मजबूर किए जाते हैं जिसकी शिकायत ऑनलाइन मरीज ने कर दिया था।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरीयाद

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** संपूर्ण समाधान तहसील में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्य द्वारा तहसील निजामाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता के समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर व भवन के विभिन्न पटलों पर जाकर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ई-डिस्ट्रिक मैनेजर कक्ष में इक्जास्ट फैन लगवाने का निर्देश दिया। नजारत कक्ष में रजिस्टर्ड नंबर 04, कर्मचारियों का डिटेल, उपस्थिति पंजिका, सर्विस बुक, जीपीएस पासबुक का निरीक्षण किया। उन्होंने अवकाश रजिस्टर नहीं पूरे होने पर तत्काल पूर्ण करने के निर्देश पटल सहायक को दिए। उन्होंने जीपीएफ पासबुक को अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने न्यायिक अभिलेखागार 107/16/45 की पुरानी फाइलों का अवलोकन किया। उन्होंने खिड़की में जाली लगाने एवं अग्नि यंत्र की वैधता का भी निरीक्षण किया। अग्नि यंत्र की वैधता अवधि समाप्त पाए जाने पर तत्काल बदलने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक कमरे के बाहर अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर एवं संबंधित कामों का बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय में अलमारी बदलवाने, बैठने के लिए नई बेंच लगवाने एवं टूटी बेंच को बदलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्विस बुक, उपस्थिति पंजिका, जीपीएफपासबुक, सीएल रजिस्टर, गार्ड फाइल, मुवायना की गार्ड फाइल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडलायुक्त द्वारा की गई अंतिम मुवायने की अनुपालन आख्या का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने आंग्ल अभिलेखागार में इग्जास्ट फैन लगवाने एवं गजेटियर का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला गजेटियर ऑफिस के गजेटियर मंगवाने का निर्देश दिया तथा वीडिंग रजिस्टर में बस्ता सूची का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। अभिलेखागार में फायर सिस्टम की एक्सपायरी डेट, डीवीआर एवं नकल की स्थिति का निरीक्षण किया।

# सनातन पर कटाक्ष करने वालों को सद्बुद्धी जरूर आएगी: स्वतंत्र देव



अवधनामा संवाददाता

- तीर्थ पुरोहितों के राष्ट्रीय अधिवेशन में पहुंचे थे मंत्री
- देश भर के तीर्थ पुरोहित जुटे

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शिरकत करने पहुंचे देश भर के तीर्थ पुरोहितों ने सनातन धर्म पर लगातार हो रहे लगातार हमले के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया है।

इसके साथ ही सनातन धर्म के खिलाफ अमर्यादित, अभद्र टिप्पणी और बयानबाजी करने वाले नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ उनके बहिष्कार का भी ऐलान किया है?। यहां अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कुछ साल पहले लोग माथे पर टीका लगाने से डरते थे लेकिन आज ऐसा नहीं है। उन्होंने सनातन धर्म पर टिप्पणी करने वालों को जवाब देते हुए कहा, कि सनातन आज से नहीं है बल्कि हमारी पहचान है। इस पर कटाक्ष करने वालों को सद् बुद्धि जरूर आएगी।

तीर्थ पुरोहितों ने कहा है कि अगर सनातन धर्म को अपमानित और नीचा दिखाने वाले लोग सनातन धर्म के धार्मिक स्थलों पर आएंगे तो तीर्थ पुरोहित उनका भी बहिष्कार करेंगे। हालांकि अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक चतुर्वेदी ने कहा है कि ऐसे लोग सनातन धर्म के धार्मिक स्थलों में नहीं जाते हैं। इसके साथ ही तीर्थ पुरोहितों के राष्ट्रीय अधिवेशन में धार्मिक स्थलों को सरकारी कब्जे में लिए जाने का भी विरोध किया गया है।

अधिवेशन में तीर्थ पुरोहितों ने साफतौर पर कहा है कि तीर्थ पुरोहित सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों के विकास के कतई खिलाफ नहीं है। लेकिन धार्मिक स्थलों को विकसित कर वहां पर सरकारी अधिकारियों की तैनाती किए जाने का विरोध करेंगे। तीर्थ पुरोहितों ने सनातन धर्म के धार्मिक स्थलों के अधिग्रहण के खिलाफ भी प्रस्ताव पारित किया है। इसके अलावा तीर्थ पुरोहितों ने एक स्वर में धार्मिक स्थलों को सरकारी अधिग्रहण से मुक्त कराए जाने की भी मांग की है।

इसके पहले अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और बीजेपी सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने किया। इस अधिवेशन में रामेश्वरम से लेकर कन्याकुमारी तक और जम्मू कश्मीर से लेकर पश्चिम बंगाल तक के 90 से अधिक धार्मिक स्थलों के तीर्थ पुरोहित शिरकत कर रहे हैं। इस अधिवेशन में देश भर के शक्तिपीठों, पुरियों, 12 ज्योतिर्लिंगों और चारों धामों के 650 से अधिक तीर्थ पुरोहित पहुंचे।

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में यह अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इस अधिवेशन में तीर्थ पुरोहित महासभा का चुनाव भी होगा। जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन की भी घोषणा की जाएगी।

## दबंग ने तोड़ डाला समोपुर में बन रहा कूड़ा घर

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के समोपुर गांव में बनाये जा रहे कूड़ा घर को एक दबंग ने तोड़ डाला। यह मामला काफी चर्चित है तथा लोग काफी आक्रोश में है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में हर गांव में ऊक्त कूड़ा घर का निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। समोपुर गांव में ऊक्त कूड़ा घर बनकर लगभग तैयार हो गया था। उस पर केवल पतरा डाले जाने का काम बचा हुआ था। उस कूड़ा घर को जफराबाद कस्बे के एक दबंग व्यक्ति ने जाकर तोड़ डाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक काफी मनबढ़ है। दूसरे गांव में सरकार द्वारा बनवाये गए उक्त काम को तोड़ना काफी दबंगई भरा है। घटना के बारे में प्रधान दौलत सिंह चौहान ने बताया कि उक्त कूड़ा घर के लिए लेखपाल ने पैमाइश करके जमीन बताया था। उसी पर यह बन रहा था। हालांकि थाने में उसके विरुद्ध तहरीर दी गई है। सेक्रेटरी राजेश चौधरी ने बताया कि यह कूड़ा घर 66 हजार रुपये की लागत से बन रहा था। लगभग कार्य पूर्ण हो चुका था।

# प्रो. शंभूराम को कुलपति ने रोवर्स रेंजर्स का अधिकार पत्र सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड लखनऊ की तरफ से जिला संस्था का दर्जा प्रदान किया गया है । विश्वविद्यालय रोवर्स रेंजर्स संयोजक डॉक्टर जगदेव ने जिला संस्था का प्रमाण पत्र कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह को हस्तगत कराया। विश्वविद्यालय जिला संस्था के प्रथम मुख्य आयुक्त प्रोफेसर शंभू राम, प्राचार्य राजा कृष्ण दत्त पीजी कॉलेज जौनपुर बनाए गए। जिला आयुक्त रोवर डॉ शिवकुमार, एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर तथा जिला आयुक्त रेंजर प्रोफेसर मुक्ता राजे, सहकारी पीजी कॉलेज मेहरावा को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड लखनऊ द्वारा अधिकार पत्र प्रेषित किया गया है शनिवार को कुलपति ने मुख्य आयुक्त प्रोफेसर शंभू राम को मुख्य आयुक्त का अधिकार प्रमाण पत्र और प्रोफेसर मुक्ता राजे, सहकारी पीजी कॉलेज मेंहरावा को जिला आयुक्त रेंजर का अधिकार पत्र प्रदान किया। विश्वविद्यालय जिला संस्था अब अपने अन्य पदाधिकारी की नियुक्ति करते हुए आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगा। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य , स्वामीनाथ, अवशेष कुमार जायसवाल, अंजनी तिवारी प्रेमचंद आदि उपस्थित रहे।

# तेजी से बढ़ रहा गोमती का जलस्तर

- सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में हुई जबरदस्त बारिश का तेज असर गोमती नदी में दिखाई देने लगा है। पिछले चौबीस घंटे के भीतर छह तटवर्ती गांवों के दर्जनों किसानों की सौ बीघे से अधिक धान की फ़सल जलमग्न हो गई है। इसमें बीस एकड़ से अधिक फसलें पानी में डूब चुकी हैं। जिसको लेकर किसानों की चिंता बढ़ने लगी है।

शाहपुर सानी गांव में गोमती नदी से निकला मोहारेबीर नाले में शुक्रवार की सुबह तक नदी का पानी आना शुरू हो गया था। नदी का पानी इतना तेजी से बढ़ रहा है कि चौबीस घंटों के भीतर सैकड़ों बीघा फसल को अपनी आगोश में ले लिया। शाहपुर सानी, अहियापुर,गढ़ा गोपालापुर, बड़ेरी,सियरावासी, महमदपुर, गुलरा आदि गांवों के किसानों को चिंता सताने लगी है कि यदि बढ़ाव ऐसे ही रहा तो खून पसीने से कमाई गई फसलो को बचा पाना मुश्किल हो जायेगा। यही हाल रहा तो रिहायशी बस्तियों तक पानी पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। किसान उस भयावह स्थिति की कल्पना मात्र से परेशान हैं। पानी इसी गति से बढ़ता रहा तो रविवार तक नाले की पुलिया के पास बना रमाशंकर यादव इंटर कालेज में भी प्रवेश कर जायेगा। गांवों के किसान हर्षू पाठक, गिरजा याद,शंकर सिंह,मुरारी मिश्रा, रमाशंकर यादव, अमरनाथ तिवारी, लालबहादुर यादव आदि किसान फसलों की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि फसले डूब जाने के बाद भी प्रशासनिक अमले का कोई जिम्मेदार किसानों की सुध लेने मौके पर नहीं आया।

## उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने की प्रधानाचार्य पर हमले की निंदा

**प्रयागराज।** एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज प्रयागराज के प्रधानाचार्य स्वास्तिक बोस पर हुए हमले की उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री सभापति तिवारी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। महामंत्री श्री तिवारी ने कहा कि छात्र द्वारा की गयी आत्महत्या एक दुखद पहलू है। परिषद छात्र की असामयिक मृत्यु पर शोक प्रकट करती है परंतु छात्र की आत्महत्या में प्रधानाचार्य व कक्षाध्यापक कहीं से भी दोषी नहीं हैं। मृतक के घर संवेदना प्रकट करने गए प्रधानाचार्य पर हमला एक निंदनीय कार्य है। छात्र 1अप्रैल 2023 से 10 सितंबर 2023 तक 6 माह के बीच बोर्ड परीक्षा शुल्क नहीं जमा कर पाया। विद्यालय से अनुपस्थित रहा। इसमें माता पिता को भी ध्यान देना चाहिए। जब बोर्ड परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर बीत गयी तो छात्र की फीस कैसे जमा हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व विभाग की बैठक में डीएम ने दिया निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में हुई जहां उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा आरसी वसूली की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करते हुये आरसी वसूली में मडियाहूं व शाहगंज की स्थिति खराब पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आरसी वसूली की प्रक्रिया की गति को बढ़ाने एवं इसकी फीडिंग पोर्टल पर कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी आरसी वसूली की स्थिति पेंडिंग है, उसे निस्तारित कराएं। समस्त उपजिलाधिकारी लगातार इसकी समीक्षा भी करें। नदियों के किनारे स्थित ऐसे गांव जो प्रत्येक वर्ष बाढ़ के पानी से प्रभावित होते हैं, वहां पर निरीक्षण करायें। साथ ही उन्होंने ई-खसरा तथा जल जीवन मिशन की भी समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**जौनपुर।** सरायख्वाजा थानान्तर्गत एक वाछिंत अभियुक्त को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के निर्देश पर जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं वाछिंत अपराधियो के विरुद्ध अभियान के तहत थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह व उप निरिक्षक गिरीश कुमार मिश्र ने पुलिस टीम के साथ रविशंकर के साथ वसूली वारण्टी अभियुक्त राजेश सरोज ( 32 ) वर्ष पुत्र रामबली निवासी थाना सरायख्वाजा पदुमपुर गांव में उसके घर से शनिवार की सुबह सात बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई की जा रही।

### किशोरी भगा ले जाने के मामले में दो महिलाएं सहित तीन पर केस

**जौनपुर (खुटहन)** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की माता के आरोप के आधार पर पुलिस ने आरोपित युवक सहित उसकी माता और भाभी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी किशोरी की माता का आरोप है कि अंगुली गांव निवासी दिलीप निषाद का उसके घर आना जाना था। बीते 5 सितंबर की शाम दिलीप उसकी 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। उसकी माता विमला देवी और भाभी अंतिमा का भी उसे भगाने में सहयोग किया गया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश में संभावित जगहों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। तीनों आरोपित फरार बताए जा रहे हैं।

### महात्मा गाँधी जी की नई मूर्ति का सौन्दर्यीकरण कार्य संपन्न



**जौनपुर।** थाना कोतवाली शाहगंज जनपद जौनपुर में माँ दुर्गा मंदिर,जनसुनवाई, प्रभारी निरीक्षक, सी0सी0टी0एन0एस0 एवं थाना कार्यालय कक्ष तथा महात्मा गाँधी जी की नई मूर्ति का सौन्दर्यीकरण व जीर्णोदार पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा के कर कमलो द्वारा सम्पन्न हुआ। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर शैलेन्द्र कुमार सिंह , क्षेत्राधिकारी शाहगंज शुभम तोदी, प्रभारी निरीक्षक शाहगंज आदेश त्यागी, थाना शाहगंज के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं थानाक्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम चौकीदार को अंगवस्त्र उपहार में दिया गया। पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी शाहगंज महोदय द्वारा थाना शाहगंज के सौन्दर्यीकरण के लिए प्रभारी निरीक्षक शाहगंज की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# प्रयागराज पहुंचा कृषि वैज्ञानिकों का उच्च स्तरीय दल

- सुर्खा अमरूद फल पट्टी में अमरूद के निर्यात को बढ़ाने के लिए बैगिंग अभियान की हुई शुरुआत



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कुंभ नगरी प्रयागराज की अगर धार्मिक पहचान यहां तीन पावन नदियों का मिलन स्थल संगम है तो इसकी दूसरी पहचान यहां का सुर्खा अमरूद जिसने अपने ख़ास स्वाद और रंग की वजह से देश भर मे फलों के बीच अपनी पहचान कायम रखी है। योगी सरकार ने प्रयागराज और कौशांबी की अमरूद फल पट्टी में इसकी बागवानी करने वाले किसानों को इनके फल का निर्यात बढ़ाने के लिए पहल की है। राज्य सरकार ने हार्टिकल्चर के वैज्ञानिकों का एक दल यहां भेजा है जिसने स्थानीय किसानों की अमरूद के उत्पादन और निर्यात से जुड़ी समस्याओं की जमीनी हकीकत जानने के बाद उसका समाधान सामने रखा है।

प्रयागराज की पहचान सुर्खा अमरुद के किसानो को योगी सरकार नया जीवन देने के प्रयास कर रही है। मौसम की मार के साथ फरूट फ्लाई और उकठा रोग के प्रकोप के चलते अमरुद की बागवानी करने वाले इन किसानों की आधी फसल खराब हो गई थी। इसके बाद इस अमरूद की बागवानी करने वाले किसानों ने योगी सरकार से इसके लिए मदद मांगी। दोआब अमरूद उत्पादक संघ के अध्यक्ष मुन्नू पटेल बताते हैं कि अमरूद किसानों की तरफ से अपनी समस्याओं को लेकर सरकार को पत्राचार किया गया था जिसके तुरंत बाद सरकार ने कृषि वैज्ञानिकों का एक दल इनकी समस्या के निदान के लिए यहां भेजा गया है।

कृषि वैज्ञानिकों के इस दल ने इस अमरूद फल पट्टी के किसानों के बागानों का स्थलीय निरीक्षण किया और वहां की हकीकत समझी। अमरूद की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयागराज आई इस उच्च स्तरीय तकनीकी समिति में केंद्रीय पोषण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पी के शुक्ला एवं डॉ के के श्रीवास्तव ने अमरूद के बागान का निरीक्षण किया: वैज्ञानिक डॉ.पी के शुक्ला का कहना है कि किसानों के बागान में अमरूद में फरूट फ्लाई और फरूट बोरर फल भक्षी कीट का प्रकोप मिला है इसके निदान की तकनीकी जानकारी किसानों को दे दी गई है।

### अमरूद का निर्यात बढ़ाने के लिए उठाए गए कदम

**प्रयागराज।** लखनऊ से आए कृषि वैज्ञानिकों के दल ने हार्टिकल्चर के स्थानीय अधिकारियों से भी विचार विमर्श किया। विचार विमर्श के बाद सुर्खा अमरूद का निर्यात बढ़ाने के लिए सबसे पहले फल के साइज और चमक को बढ़ाने पर जोर दिया गया। अमरुद की बागवानी करने वाले किसानो को अधिकाधिक लाभ दिलाने के लिए जरुरी है कि सुर्खा अमरूद का अधिक निर्यात किया जाय। किसानो के बागानों में अभी भी एक्सपोर्ट क्वालिटी के अमरुद के पर्याप्त फल नहीं है। लिहाजा एक्सपोर्ट क्वालिटी के अमरुद के फलों के उत्पादन के लिए किये गए शोध के बाद वैज्ञानिकों ने अमरुद की बैगिंग का अभियान शुरु किया है। उपनिदेशक हॉर्टिकल्चर कृष्ण मोहन चौधरी बताते हैं कि बैगिंग अमरुद को एक ख़ास तरह के बैग से ढकने की विधि है। अमरुद जब फूल से फल में तब्दील होने लगता है तब उसे एक विशेष आकार के पेपर बैग के अंदर रखकर बाँध दिया जाता है। इस ख़ास पैकिंग से अमरुद के फल को पर्याप्त मात्रा में प्रकाश तो मिलता ही है साथ ही बाहर से होने वाले प्रदूषण तथा कीट बीमारियों के प्रकोप से फल को बचाया जा सकता है। इससे बड़े साइज का चमकदार बड़ा फल मिलता है जिसे विदेशों में निर्यात करना उपयोगी है। हॉर्टिकल्चर विभाग की तरफ से अमरूद की बैगिंग का अभियान भी शुरु कर दिया गया है। जिससे यहां की अमरूद फल पट्टी का विदेशों में अधिक निर्यात का रास्ता खुल सकेगा। फिलहाल गल्फ के कुछ देशों में ही इसका निर्यात हो रहा है।


## सूचना

मैं बुद्धिराम अशरफी पुत्र अशरफी निवासी ग्राम केवटलिया पो0 उसका बाजार तप्पा ऊंटापार थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर सपथ लेकर कहता हूँ कि मेरे लड़के शिव चन्द मौर्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं है। अगर किसी गलत कार्यो में लिप्त पाया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शिव चन्द मौर्य की होगी। इनको सम्पूर्ण चल अचल संपत्ति से बहिष्कृत किया जाता है।


# अखिल भारतीय ठठेरा समाज ने दिया धरना

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** अखिल भारतीय ठठेरा, कसेरा, ताम्रकार महासभा, एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा कि संयुक्त एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन डॉ, भीमराव अम्बेडकर कलेक्ट्री कचहरी पर आहूत की गई सधरना प्रदर्शन का कार्यक्रम पूर्वांचल जन् मोर्चा एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमोहन शिल्पकार के नेतृत्व में संपन्न हुआ और धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आज धरना प्रदर्शन किया जा रहा है स जल्द से जल्द हमारे मांग पत्रों पर विचार नहीं किया गया तो निश्चित रूप से सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जाएगा स इसी कड़ी में श्री शिल्पकार ने कहा कि आज हम लोग महासभा एवं मोर्चा के संयुक्त बैनर पर 21 सूत्री मांग पत्र जिला मजिस्ट्रेट सक्षम अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित पत्र में निम्नलिखित मांग की गई जैसे 17 सितंबर श्री भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन उत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश, फुटपाथों पर ठेला खोमचा आदि लगाकर अपने परिवार का जीवन यापन करने वालों के विरुद्ध नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों की कार्यशैली के विरुद्ध विधिक कानूनी कार्रवाई की मांग एवं फुटपाथ पर कारोबार करने वालों को यथा स्थिति बन कर रखा जाए जब तक कोई नई मार्केट निर्मित ना कर सके।


## सूचना

मैं एखलाकुर्रहमान खाँ पुत्र स्व. रिफाउर्रहमान खाँ निवासी मोहल्ला- काजीपुरा दक्षिणी, पो0 सदर, थाना कोतवाली, जिला-बहराइच शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरा निकाह दिनांक 21 फरवरी, 2021 को श्रीमती सना खान पुत्री मंजूर आलम नि. काजीकटरा, थाना दरगाह शरीफ, जनपद-बहराइच के साथ हुआ है। हम दोनों से एक पुत्री का जन्म 15 अप्रैल, 2022 जिसका नाम आयरा रहमान खान है इसके अलावा मेरी कोई अन्य पुत्र/पुत्री नहीं है, न ही इसके अलावा मेरा किसी अन्य महिला से विवाह हुआ है।

# ग्राम पंचायत-उडवलिया वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

## अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 16.09.2023 से 20.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 20.09.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**हीरा सिंह**
**सचिव**
**ग्रा.पं. उड़वलिया**

**अमरावती**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. उड़वलिया**

## इंडियन बैंक ने लॉन्च की 'आईबी साथी' पहल

**नई दिल्ली।** अपने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए इंडियन बैंक ने आज आईबी साथी पहल शुरू करने की घोषणा की। इस पहल की शुरुआत इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ एस एल जैन ने की। बैंक ने कहा कि आईबी सस्टेनेबल एक्सेस एंड एलाइनिंग टेक्नोलॉजी फॉर होलिस्टिक इंक्लूजन पहल सभी केंद्रों पर हर दिन (छुट्टियों को छोड़कर) कम से कम चार घंटे के लिए निश्चित शाखाओं में अपनी सेवाएं प्रदान करेगी, जबकि बैंक अधिकारी बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने के लिए ग्राहकों के उनके घर तक जाएंगे। बैंक ने कहा कि इंडियन बैंक की आईबी साथी योजना का उद्देश्य बिजनेस रूट के माध्यम से वित्तीय क्षेत्र में ग्राहकों के लिए एक एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है। बैंक ग्राहकों को बुनियादी और वैल्यू एडेड दोनों तरह की पेशकशों को शामिल करते हुए सेवाओं की आसानी से डिलीवरी के माध्यम से बेहतर यूजर्स एक्सपीरियंस प्रदान करना है। अपनी पहुंच का विस्तार करने और पहुंच बढ़ाने के लिए, इंडियन बैंक ने मार्च 2024 तक लगभग 5,000 बैंकिंग संवाददाताओं को तैनात करने की योजना बनाई है। इंडियन बैंक के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बैंक के पास वर्तमान में 10,750 बैंकिंग संवाददाता और 10 कॉर्पोरेट व्यवसाय संवाददाता हैं। बैंक को उम्मीद है कि बैंकिंग संवाददाताओं की संख्या 15,000 और कॉर्पोरेट व्यापार संवाददाताओं की संख्या 15 से अधिक हो जाएगी। इंडियन बैंक की प्रेस रिलीज के मुताबिक वर्तमान में यह बैंकिंग संवाददाता चैनल के माध्यम से ग्राहकों को 36 विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है और वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 60 से अधिक सेवाएं जोड़ी जाएंगी। इंडियन बैंक 5 मार्च, 1907 को शुरू हुआ था। इंडियन बैंक का आईपीओ फरवरी 2007 में आया था और 2009 में, भारत सरकार ने इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक में विलय की घोषणा की थी।

2022 में, इंडियन बैंक का वैश्विक कारोबार 10 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया, जबकि 2023 में यह 10.95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। बैंक का वैश्विक कारोबार त्ता स्न्ब्ब्24 में 11 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। इंडियन बैंक के कारोबार में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो जून22 में 1009454 करोड़ रुपये से बढ़कर जून23 में 1100943 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## एसबीआई ने होम लोन के नियमों में किया बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** देश का सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने होम लोन के नियमों में कुछ बदलाव किया है। एसबीआई ने आवासीय परियोजनाओं के लिए रूफटॉप सोलर इंस्टालेशन को होम लोन प्लान में अनिवार्य कर दिया है।

आसान भाषा में कहें तो ऐसी परियोजनाओं के लिए बिल्डर को निर्माणाधीन घर की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करना जरूरी होगा। यह उन लोन पर लागू होगा जिन्होंने एसबीआई ग्रीन फाइनेंस के तहत होम लोन लिया है।

एसबीआई ने जून तक 6.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के लोन को मंजूर किया है। एसबीआई पर वर्ल्ड बैंक, एशियाई विकास बैंक और जर्मनी के केएफडब्ल्यू जैसे बहुपक्षीय संस्थानों का 2.3 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा लोन बकाया है। एसबीआई के प्रबंध निदेशक, जोखिम, अनुपालन और तनावग्रस्त संपत्ति, अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा कि यदि परियोजना हमारे ग्रीन फंड से वित्त पोषित है तो हम बिल्डरों के लिए छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करना अनिवार्य बनाने की योजना बना रहे हैं ये लोन 10 साल या 20 साल अवधि के साथ आते हैं जिससे उधार लेने वाले बैंकों के लिए विदेशी मुद्रा जोखिम पैदा होता है। लंबी अवधि के विदेशी मुद्रा लोन में शामिल जोखिमों को देखते हुए, अश्विनी कुमार तिवारी ने बहुपक्षीय बैंकों से आग्रह किया कि वे उधार लेने वाले बैंकों को अपने एक्सपोजर को हेज करने की अनुमति दें ताकि ग्रीन और वित्तीय समावेशन फंडिंग अधिक टिकाऊ हो सके।

# गणेश चतुर्थी पर 18 या 19 सितंबर, कब बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** देशभर में फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो चुकी है। गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश के जन्मदिन मनाया जाता है। इस दिन देशभर के ज्यादातर राज्यों में बैंकों की छुट्टी रहती है। लेकिन इस बार बैंक में छुट्टी को लेकर लोगों के मन में कन्फ्यूजन बना हुआ कि आखिर गणेश चतुर्थी की छुट्टी पर बैंक कब बंद रहेंगे? गणेश चतुर्थी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाई जाती है। इस साल शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 18 सितंबर की दोपहर से 19 सितंबर की दोपहर तक चलेगी। देश के ज्यादातर शहरों में गणेश चतुर्थी 19 सितंबर को मनाई जाएगी। आरबीआई के छुट्टियों के कैलेंडर के मुताबिक,गणेश चतुर्थी के मौके पर कुछ शहरों में बैंक बंद रहेंगे। वरसिद्धि विनायक व्रत/विनायक चतुर्थी के मौके पर 18 सितंबर को बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में बैंक बंद रहेंगे। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी/संवत्सरी (चतुर्थी पक्ष) के दिन अहमदाबाद, बेलापुर, भुवनेश्वर, मुंबई, नागपुर और पणजी बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 20 सितंबर को गणेश चतुर्थी (दूसरा दिन)/ नुआखाई के अवसर पर भुवनेश्वर और पणजी पर बैंक बंद होंगे।

अक्टूबर में बैंक 15 दिन बंद रहेंगे। दो अक्टूबर को महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस पर करीब पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। वहीं, महालय के मौके पर 14 अक्टूबर को कोलकाता में बैंकों का अवकाश रहेगा। कटि बिहु के मौके पर 18 अक्टूबर को गुवाहाटी में बैंक बंद रहेंगे। 21 अक्टूबर को दुर्गा पूजा (महा सप्तमी) के अवसर पर अगरतला, गुवाहाटी, इंफाल और कोलकाता में बैंक बंद रहेंगे। दशहरा (महानवमी)/आयुध पूजा/दुर्गा पूजा/विजयादशमी के अवसर पर 23 अक्टूबर को अगरतला, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, कानपुर, कोच्चि, कोहिमा, लखनऊ, पटना, रांची, शिलांग और तिरुवनंतपुरम में बैंक बंद रहेंगे। दशहरा/दशहरा (विजयादशमी)/दुर्गा पूजा के अवसर पर 24 अक्टूबर को बैंक बंद रहेंगे। 25 अक्टूबर के अवसर पर गंगटोक में दुर्गा पूजा (दसई) के मौके पर बंद रहेंगे। 26 अक्टूबर के मौके पर दुर्गा पूजा (दसई) के अवसर पर गंगटोक, जयपुर और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे। दुर्गा पूजा (दसई) के अवसर पर गंगटोक में 27 अक्टूबर को बैंकों का अवकाश रहेगा। लक्ष्मी पूजा के मौके पर 28 अक्टूबर को कोलकाता में बैंक बंद रहेंगे। 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर अहमदाबाद में बैंक बंद रहेंगे।

# नई ई-कॉमर्स पॉलिसी में छोटे कारोबारियों को प्राथमिकता, सरकार लेकर आएगी ओएनडीसी प्लेटफार्म

नई दिल्ली, जेएनएन। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कोरोना काल में उपभोक्ताओं का ध्यान रखने वाले छोटे व ऑफलाइन कारोबारियों की ई-कॉमर्स पॉलिसी में अनदेखी नहीं की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरकार जल्द ही ई-कॉमर्स पॉलिसी का एलान कर सकती है, जिसमें इस बात की कोशिश की गई है कि ये सभी के लिए लाभकारी हो और ई-कॉमर्स कंपनियां व छोटे व्यापारी एक-दूसरे के पूरक बनें।

आपको बता दें कि पिछले महीने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में ई-कॉमर्स पॉलिसी से जुड़े सभी हितधारकों की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। सरकार पिछले तीन साल से ई-कॉमर्स पालिसी लाने पर चल रहा है, लेकिन अब तक इसका एलान नहीं किया जा सका है। गोयल ने कहा कि खुदरा व्यापार और एमएसएमई को संरक्षण देना



सरकार की नीति में शामिल हैं और ये व्यापारी हमारी प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब ई-कामर्स कंपनियां लोगों तक सामान पहुंचाने में असफल रही थीं, तब इन छोटे व्यापारियों ने अपनी जान पर खेलकर और अपनी सेहत को दांव पर लगाकर ग्राहकों तक सामान पहुंचाने का काम किया। इन छोटे और ऑफलाइन खुदरा व्यापारियों का योगदान अद्भुत है। हम ई-कॉमर्स पॉलिसी में इन व्यापारियों पर किसी तरह की आंच नहीं आने देंगे। ऑफलाइन व्यापार करने वाले छोटे कारोबारियों के लिए ही सरकार ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) प्लेटफार्म लेकर आई है। गोयल ने कहा कि घोषित होने वाली ई-कॉमर्स नीति में सभी के हित की बात है। सभी के लाभ का ख्याल रखा गया है। ई-कॉमर्स कंपनियां ऑफलाइन खुदरा कारोबारी पिछले कई सालों से ई-कॉमर्स कंपनियों की तरफ से भारी छूट के साथ सामान बेचने का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे उनकी बिक्री लगातार कम हो रही है। सूत्रों के मुताबिक नई ई-कॉमर्स पॉलिसी में लागत से कम दाम पर सामान बेचने की इजाजत नहीं होगी। सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को सरकार के यहां अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर सभी विक्रेताओं की पूरी जानकारी होगी। मार्केट प्लेस व इन्वेंट्री मॉडल के बीच ई-कॉमर्स कंपनियों को स्पष्ट अंतर बताना होगा। डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल कर सामान बेचने वाली सभी कंपनियों को ई-कॉमर्स पॉलिसी के दायरे में लाया जा सकता है। उपभोक्ता उनके खिलाफ शिकायत कर सकेंगे। इसका निपटान तुरंत किया जाएगा।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को भारतीय मसाला उद्योग के सदस्यों को 2030 तक 10 अरब डालर के निर्यात का लक्ष्य रखने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्ल्ड स्पाइस कांग्रेस 2023 को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें बड़े पैमाने पर मूल्यवर्धन पर विचार करना चाहिए।

हमें एक बड़ा बाजार बनाना शुरू करना होगा। उन्होंने कहा कि मैंने एक बहुत ही मामूली लक्ष्य निर्धारित किया है और उम्मीद है कि आप इसे पार करने की कोशिश करेंगे। हमें दुनिया भर में मौजूद मसालों के सभी पुराने आकर्षण को वापस लाना है। हमें अन्य देशों को मसालों का उपयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। भारतीय मसालों के प्रमुख आयातक चीन, अमेरिका, बांग्लादेश और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

## वोडाफोन आइडिया फाउंडेशन ने इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल युनिवर्सिटी फॉर वुमेन में आईओटी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के प्रथम बैच को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** चौथी औद्योगिक क्रांति आने के साथ प्रौद्योगिकी पूरी दुनिया में रोजगार के लिए मुख्य कारक बन गई है और आगे भी बनी रहेगी। जैसा कि दुनिया 5जी, एआई/एमएल, आईओटी जैसी नई प्रौद्योगिकियों को अपना रही है, इसलिए सभी देशों के लिए भविष्य में तैयार कार्यबल एक प्रमुख ध्यान का क्षेत्र बन गया है। कुशल कार्यबल की जरूरत पूरी करने और उद्योग की जरूरतें और आवश्यक कौशल के बीच अंतर पाटने के लिए अग्रणी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया की सीएसआर इकाई वोडाफोन आइडिया फाउंडेशन ने टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल (टीएसएससी) के साथ साझीदार कर इस वर्ष जुलाई में दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल युनिवर्सिटी फॉर वुमेन में आईओटी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित किया। वोडाफोन आइडिया फाउंडेशन के प्रमुख श्री दीपेन्दर कुमार की उपस्थिति में इस युनिवर्सिटी के प्रथम बैच से 40 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, युनिवर्सिटी की कुलपति डाक्टर अमिता देव, टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ श्री अरविंद बाली और कौशल



विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय में संयुक्त सचिव केके द्विवेदी भी मौजूद थे। इस आईओटी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के आगामी दूसरे बैच के लिए इस पाठ्यक्रम को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और 300 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण के लिए रुचि दिखाई है। इस अवसर पर, वोडाफोन आइडिया फाउंडेशन के निदेशक और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के मुख्य नियामकीय एवं कंपनी मामलों के अधिकारी पी. बालाजी ने कहा, ÷भारत सरकार ने अगले कुछ वर्षों में 1 ट्रिलियन डॉलर के डिजिटल योगदान की रूपरेखा स्पष्ट की है। तेजी से उभरता यह परिदृश्य हमारे युवाओं को रोजगार के जबरदस्त अवसरों विशेषकर इंटरनेट अर्थव्यवस्था, डिजिटलीकरण और आईओटी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ इन अवसरों की पेशकश करता है जहां नवप्रवर्तन और करियर के लिए नए मोर्चे खुल रहे हैं।

## तेल कंपनियों पर कैलिफोर्निया ने किया केस, जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न जोखिमों को कम करके दिखाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, कैलिफोर्निया राज्य ने एक्सॉन मोबिल कॉर्प , शेल पीएलसी और शेवरॉन कॉर्प सहित जलवायु संबंधी आपदाओं के कारण भविष्य में होने वाले नुकसान के भुगतान के लिए एक राहत कोष बनाने की मांग की है। यह कानूनी



प्रमुख तेल कंपनियों पर जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न जोखिमों को कम करके दिखाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा बीपी और कोनोकोफिलिप्स पर भी दायर किया गया है। इसमें आरोप है कि ऊर्जा दिग्गजों के कार्यों से दसियों अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है और उन पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक उद्योग व्यापार समूह अमेरिकी पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट को भी मामले में प्रतिवादी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें कहा गया है कि कैलिफोर्निया ने राज्य में कार्रवाई हाल के वर्षों में संयुक्त राज्य भर में राज्यों और नगर पालिकाओं द्वारा जीवाश्म ईंधन उद्योग के खिलाफ दायर किए गए दर्जनों मुकदमों के बाद हुई है, जिसमें मोटे तौर पर चरम मौसम सहित जलवायु प्रभावों से होने वाले नुकसान का आरोप लगाया गया है। अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान और तेल कंपनियों ने उन मुकदमों के जवाब में कहा है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नीतियां संघीय कार्यकारी शाखा और कांग्रेस से आनी चाहिए, यू.एस. भर में अदालती मामलों में निर्णयों के पैचवर्क के माध्यम से नहीं।

## सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए लेकर आया एक प्रेरणादायक आईएएस अधिकारी की दिलचस्प कहानी - काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून

**नई दिल्ली।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ऐसे दमदार किरदारों की कहानियां पेश करने में सबसे आगे रहा है, जो देश में प्रचलित रूढ़िवादिता को चुनौती देते हैं। और अब,काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून% के साथ, यह चैनल दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायक किरदार काव्या - एक आईएएस अधिकारी की एक दिलचस्प कहानी लेकर आया है, जिसकी महत्वाकांक्षा देश की सेवा करना और आम आदमी के लिए सही काम करना है। टेलीविजन स्टार सुम्बुल तौकीर खान ने इस शो में मुख्य भूमिका निभाई है, जो एक दृढ़ और भावुक महिला है, जो एक आईएएस अधिकारी होने के अपने उद्देश्य के प्रति सच्चे रहने के लिए निडर होकर कठिन विकल्प चुनती है। उनके साथ मिश्कत वर्मा भी हैं, जो नारीवाद के सच्चे समर्थक आदिराज प्रधान की भूमिका निभा रहे हैं, जो पूरे दिल से अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं और सिविल सेवा अकादमी में काव्या से मिलते हैं। ये दोनों सितारे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध नवाबों के शहर में एक आउटडोर लोकेशन पर शूटिंग के लिए मौजूद थे क्योंकि यह शो लखनऊ के परिवेश पर आधारित है। इस शो की पृष्ठभूमि कहानी में और ज्यादा किरदार जोड़ती है और इसलिए, शो की सेटिंग के साथ अपने अनोखे संबंध को देखते हुए, लखनऊ की यह यात्रा सुम्बुल और मिश्कत के दिलों में एक खास



जगह रखती है। काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून÷ का प्रीमियर 25 सितंबर को होगा और यह हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7.30 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा। जिस बात ने मुझे काव्या की ओर आकर्षित किया, वो यह है कि वह एक प्रेरणादायक किरदार है। काव्या की जिंदगी का एक मकसद है÷ एक आईएएस अधिकारी बनना और यह मकसद उसे जीवन में आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करने की हिम्मत देता है। काव्या सिर्फ एक किरदार नहीं है, वो ऐसी कई महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती है जो ऐसे अनुभवों से गुजरती हैं जो उनके सब्र का इम्तेहान लेते हैं, लेकिन यह उनका अटूट उद्देश्य है जो उन्हें बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। इस शानदार शहर में शो की शूटिंग करते हुए हमने बहुत अच्छा वक्त बिताया और लखनऊ के गर्मजोशी से भरे मिलनसार लोग, जो अपने शिष्टाचार और तहज़ीब? के लिए जाने जाते हैं, ने हमें घर जैसा महसूस कराया।

## क्रेडिट कार्ड का नहीं करते हैं इस्तेमाल, जानिए बंद होने पर कितना हो सकता है नुकसान?

**नई दिल्ली।** आज के टाइम पर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल बहुत लोग करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से क्रेडिट कार्ड लेने का प्रोसेस काफी आसान हो गया है। इस वजह से क्रेडिट कार्ड के यूजर्स की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कई क्रेडिट कार्ड पर कई खास ऑफर भी मिलते हैं। ऐसे में लोग इन ऑफर से आकर्षित हो जाते हैं और वो कई तरह के क्रेडिट कार्ड खरीद लेते हैं। जब हमारे पास एक से ज्यादा कार्ड होता है तो एक बार हमारे मन में सवाल उठता है कि हम कोई कार्ड को बंद करवा दें। इसके अलावा यह भी जानना जरूरी है कि क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल ना करने पर हमें क्या नुकसान हो सकता है। अगर आप अपने क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल नहीं करते हैं तब भी आपको कार्ड पर लगने वाले एनुअल फीस का भुगतान करना होगा। वहीं, अगर आपके कार्ड पर जीरो एनुअल फीस लगती है तब आपको क्रेडिट कार्ड को बंद करवाने की जरूरत नहीं है।

## दिव्यांगो ने प्रेषित किया 1.25 कि.मी. लम्बा विशालतम बधाई पत्र

**लखनऊ।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर दिव्यांग बच्चों द्वारा 1.25 कि.मी. विश्व का लम्बा विशालतम बधाई पत्र,नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के 400 नेत्रहीन बच्चों ने 2 माह की कठिन




तपस्या के पश्चात् माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किये गए 9 वर्षो के सरानीह कार्यों को प्रेम पुष्प एवं मोती की माला के भाति एक बधाई पत्र में सजाया.

इस मौके पर राजेश सिंह दयाल अध्यक्ष नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड, ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के प्रति बच्चो का प्रेम और स्नेह ही है जो बच्चों ने उनके जन्मदिन के मंगल एवं शुभ दिन पर दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा उनको बधाई एवं शुभकामना स्वरुप 1.25 कि.मी. विश्व का लम्बा विशालतम बधाई सन्देश पत्र समर्पित किया

कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रधानमंत्री को समर्पित गीत की प्रस्तुति मनमोहक थी. जिसे देखना ह्रदय को अत्यंत आनंदित कर रहा था. बच्चों की प्रस्तुति ने सभी जनमानस को मंत्र मुग्ध कर दिया

बदलते मौसम और बारिश भी दिव्यांग बच्चों के हौंसलों को रोक नहीं पाई7यह पल इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में सुसज्जित एवं अंकित हो गया यह श्रृंखला विश्व रिकॉर्ड में भी दर्ज किया जाएगा

इस शुभ कार्यक्रम का शुभारम्भ लखनऊ के गोमती नगर में स्थित दयाल चौराहे से आज सैकड़ो नेत्रहीन एवं दिव्यांग बच्चों द्वारा इस बधाई पत्र श्रृंखला का अनावरण हुआ जोकि उनके योगदान एवं त्याग की कृतज्ञता व्यक्त करने की एक छोटी कोशिश हेतु संपन्न हुआ .

इस सरानीह पहल में सुभाष भल्ला संस्थापक अवार्ड ट्रस्ट काउन्सिल ऑफ़ इंडिया लखनऊ एवं दिव्यांग चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं मुख्य अतिथि श्री डालरभाई कोटेचा, अध्यक्ष राष्ट्रीय सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक महासंघ (गुजरात) आदि की गरिमामय उपस्थिति थी7 दिव्यांग इंडियन चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के रघुनाथ येमुल भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे

## पासपोर्ट का नया वर्जन है डिजिटल पासपोर्ट, इन देशों में हो रहे हैं इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** हर किसी का सपना होता है कि वह एक बार विदेश घूमें। विदेश घूमने के लिए हमारे पास पासपोर्ट होना बहुत जरूरी है। आप पासपोर्ट का इस्तेमाल अपने आईडी-प्रूफ के तौर पर भी कर सकते हैं। आज के समय में दुनिया डिजिटलीकरण के ओर बढ़ रही है। ऐसे में कई देश अब अपने नागरिक को डिजिटल पासपोर्ट की भी सुविधा दे रहे हैं।

डिजिटल पासपोर्ट की सबसे पहले शुरुआत फिनलैंड द्वारा किया गया है। फिनलैंड दुनिया का पहला देश है जहां डिजिटल पासपोर्ट को लॉन्च किया गया है। यह ट्रैवल को आसान और सुरक्षित करने के उद्देश्य बनाया गया है। फिनलैंड के साथ यूरोपीय संघ भी डिजिटल पासपोर्ट को बढ़ावा दे रहे हैं। यूरोपीय संघ चाहता है कि वर्ष 2030 तक 27 देशों में 80 फीसदी से ज्यादा ग्राहकों के पास डिजिटल पासपोर्ट का इस्तेमाल करें। आइ, पहले यह समझना जरूरी है कि डिजिटल पासपोर्ट क्या होता है? डिजिटल ट्रैवल क्रेडेंशियल भौतिक पासपोर्ट का एक डिजिटल वर्जन है। इसे आसानी से स्मार्टफोन पर डाउनलोड किया जा सकता है। यह पासपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के नियमों का पालन कर देती हूं। दुनिया में अभी केवल फिनलैंड के नागरिक ही डिजिटल पासपोर्ट के लिए आवेदन दे सकते हैं। किसी भी चीज के डिजिटल होने का उद्देश्य होता है लोगों के काम को आसान करना। आज हर कोई डिजिटल पेमेंट करना पसंद करते हैं इसकी वजह यह है कि जब कैश में लेनदेन होता था तो छुट्टे पैसों की दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं, डिजिटल पेमेंट में आप सेकेंड में कहीं भी कभी भी पेमेंट कर सकते हैं। इसी तरह डिजिटल पासपोर्ट भी लोगों को सुविधा देने के लिए काफी जरूरी है। अक्सर एयरपोर्ट पर बोर्डिंग पास के लिए लंबी लाइन में लगना पड़ता है। ऐसे में डिजिटल पासपोर्ट समय बचाने में काफी मदद करेगा। इसके अलावा यह आपकी जानकारी को सुरक्षित भी रखेगा। ऐसे में हो आईडी-प्रूफ से हो रहे फ्रॉड भी कम हो जाएंगे।

## एनएसडीसी इंटरनेशनल ने यूरोप में ट्रेलर ड्राइवरों की अपस्किलिंग और प्लेसमेंट के लिए एनीव्हेयरजॉब्स और कार्गोगो के साथ साझेदारी की है

**नई दिल्ली।** कुशल भारतीयों के लिए वैश्विक अवसरों को अनलॉक करने के विज़न से, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की 100त्न सब्सिडियरी कंपनी एनएसडीसीआई इंटरनेशनल (एनएसडीसीआई) ने, स्किल इंडिया इंटरनेशनल के उद्देश्यों को सक्षम करते हुए इच्छुक ट्रेलर ड्राइवरों को यूरोप में काम करने के लिए प्रासंगिक कौशल और अवसरों के साथ सशक्त बनाने हेतु एनीवेयरजॉब्स, स्किलिंग और एम्प्लॉयमेंट प्लेटफ़ॉर्म और यूरोप की प्रमुख लॉजिस्टिक्स कंपनी कार्गोगो के साथ साझेदारी की है।

एनएसडीसीआई, एनीवेयरजॉब्स और कार्गोगो के बीच साझेदारी का उद्देश्य कुशल ट्रेलर ड्राइवरों और यूरोपीय बाजार में ट्रांसपोर्टेशन प्रोफेशनल की बढ़ती मांग के बीच अंतर को पाटना है। यूरोपीय स्टैंडर्ड और कोड-95 पर ध्यान केंद्रित करने वाला पहला ड्राइवर प्रशिक्षण स्कूल 18 सितंबर 2023 को तीनों संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में अजमेर में खुलेगा। उद्घाटन समारोह में राजस्थान से यूरोप के लिए 20 ड्राइवरों के एक बैच को नियुक्त करने के लिए एक भर्ती अभियान भी चलाया जाएगा।

19 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में एनएसडीसी मुख्यालय में एनएसडीसी के सीईओ व एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी, एनीवेयरजॉब्स के संस्थापक और सीईओ श्री दीपक गर्ग और कार्गोगो के चीफ ड्राइवर्स ऑफिसर श्री प्रणस पर्नारविसियस की उपस्थिति में एक समझौते पर साइनिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी। साझेदारी पर बोलते हुए, एनएसडीसी के सीईओ व एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने कहा, ÷इंटरनेशनल रोड ट्रांसपोर्ट यूनियन (आईआरयू) के अनुसार, दुनिया में 2.6 मिलियन ट्रक ड्राइवरों की कमी देखी जा रही है, जिसे भारत द्वारा हाई स्किल्ड ट्रक ड्राइवरों की आपूर्ति से पूरा किया जा सकता है। और यह वास्तव में हमारे युवाओं और महत्वाकांक्षी वर्कफोर्स के लिए एक अवसर है। एनएसडीसीआई में, हमारा प्रयास विदेशी अवसरों के लिए अपने विश्वसनीय भागीदारों के साथ सक्रिय सिस्टम बनाने का है। हम सक्रिय रूप से विभिन्न ट्रेडों में वैश्विक नौकरी आवश्यकताओं की मैपिंग कर रहे हैं, उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्टैंडर्ड के अनुरूप बना रहे हैं और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं की मदद कर रहे हैं। और इस सहयोग से, अपने अनुभवी साझेदारों- एनीवेयरजॉब्स और कार्गोगो के साथ, हम एक ऐसे इकोसिस्टम की कल्पना कर रहे हैं जहां हमारे कुशल उम्मीदवारों को यूरोपीय बाजारों में ढेर सारी संभावनाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे उनके कौशल और आजीविका में वृद्धि होगी।÷ इस डेवलपमेंट के बारे में बोलते हुए, एनीवेयरजॉब्स के संस्थापक और सीईओ श्री दीपक गर्ग ने कहा, ÷पिछले 10 वर्षों में हम भारतीय ट्रक ड्राइवरों के साथ पहले रिविगो और अब एनीवेयरजॉब्स के हिस्से के रूप में जो काम कर रहे हैं उस पर हमें गर्व है।। एनीव्हेयरजॉब्स एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जो हजारों ड्राइवरों को कौशल प्रदान करने और यूरोप और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्लेसमेंट प्राप्त करने में मदद करता है। एनएसडीसीआई और कार्गोगो हमारे लंबे समय से साझेदार रहे हैं और हमने इस साल कार्गोगो यूरोप ऑपरेशन के लिए पहले ही 50 से अधिक ड्राइवरों को स्किल्ड और प्लेस किया है।

कार्गोगो के चीफ ड्राइवर्स ऑफिसर श्री प्रणस पर्नारविसियस ने कहा, ÷यूरोप के लिए भारतीय ड्राइवरों को नियुक्त करने का हमारा अनुभव अच्छा रहा है। हम एनीव्हेयरजॉब्स के साथ अपनी साझेदारी से खुश हैं जिन्होंने भारत से ड्राइवरों को नियुक्त करने में हमारी मदद करने के लिए प्रोफेशनली रूप से काम किया है। हम एनएसडीसीआई के साथ साझेदारी में अजमेर ड्राइवर प्रशिक्षण स्कूल के माध्यम से भारतीय युवाओं की मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

## करोड़पति बनने का सपना होगा पूरा! इस तरह करें अपने पीपीएफ अकाउंट में निवेश

**नई दिल्ली।** हम जब भी कोई निवेश करते हैं तो यही सोच कर करते हैं कि हम उससे ज्यादा से ज्यादा रिटर्न प्राप्त कर सके। हालांकि काफी लोग ज्यादा रिटर्न तो चाहते हैं लेकिन रिक्स नहीं लेना चाहते। ऐसी स्थिति में लोग उन स्कीम में पैसा लगाना चाहते हैं जो उन्हें रिटर्न भी अच्छा दे और ज्यादा रिक्स भी न हो। पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) निवेशकों की ये दोनों शर्तों को पूरा करता है। पीपीएफ सरकार द्वारा समर्थित निवेश योजना है और इसपर 1 अप्रैल 2023 से 7.1 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है। लोग पीपीएफ में लॉन्गटर्म के लिए निवेश करते हैं। पीपीएफ खाते को आप किसी भी बैंक या नजदीकी डाकघर में जाकर खोल सकते हैं। इस खाते में आपको हर साल न्यूनतम 500 रुपये जमा करना जरूरी होता है। वहीं पीपीएफ खाते में आप अधिकतम 1.5 लाख रुपये निवेश कर सकते हैं। पीपीएफ खाते को मैच्योर होने में 15 साल का समय लगता है। करोड़पति बनने का सपना हर कोई देखता है लेकिन इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप धैर्य और सही प्लानिंग के साथ लॉन्गटर्म इंवेस्टर बने। एक करोड़ कमाना काफी मुश्किल है लेकिन कंपाउंडिंग की ताकत इतनी होती है कि वो किसी भी मध्यम वर्ग परिवार को आसानी से करोड़पति बना सकता है।

# कुशीनगर में डबल मर्डर: पत्नी और बेटी की हत्या कर पति फरार

अवधनामा ब्यूरो


मृतक मां व बेटी की फाइल फोटो



**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक अधेड़ व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी और बेटी की निर्मम हत्या कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया है।

मामला रामकोला थानाक्षेत्र के फुलवरिया मगरिब गांव की है। यहां इंद्रजीत अली (52) पुत्र अमीर अली ने अपनी पत्नी जखीरून निशा (50) और बेटी रुबीना (19) पर रॉड से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया और अपनी बेटी के लड़के (नाती) को साथ लेकर फरार हो गया। दरवाजे से खून बहता देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस मौके पर पहुंचकर एसओ एके सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

### भारी हथियार से सोते समय किया हमला: एएसपी

एएसपी ने बताया कि घर में ही मां बेटी की भारी हथियार से हमला करके हत्या की गई है। ऐसा लग रहा हे कि हत्यारोपी ने सोते समय वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल आरोपी मौके से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगाया गया है।

**मामूली बात को लेकर नाराज था पति इंद्रजीत**

आरोपी की घटना के बाद से ही फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह ने मौके वारदात का जायजा लिया। आरोपी पति को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित कर दिया गया है। **बच्चों को बाहर खेलने को लेकर हुआ था विवाद:** बताया जा रहा है कि फुलवरिया मगरिब गांव में अधेड़ उम्र का इंद्रजीत अली अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। पड़ोसियों ने बताया कि बीती रात इंद्रजीत अली का अपनी पत्नी जखीरून निशा (50) और बेटी रुबीना (19) से बच्चों को बाहर खेलने को लेकर विवाद हुआ था। रात करीब 3 बजे आरोपी ने सोते समय अपनी पत्नी और बेटी के सिर पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ कई प्रहार किया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले के दौरान उसने जागने और चिल्लाने का मौका भी नहीं दिया।

## विवाहिता की इलाज के दौरान हुई मौत

**मुंशीगंज (अमेठी)।** थाना क्षेत्र मुंशीगंज अंतर्गत एक अस्पताल में पथरी के उपचार के लिए भर्ती एक विवाहिता की हालत नाजुक होने पर उसे रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई परिजनों ने चिकित्सक पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अनुज शुक्ल निवासी गांव राम शाहपुर कोतवाली मुसाफिरखाना अपनी पत्नी दिव्या शुक्ला उम्र 23 वर्ष को पथरी के आपरेशन के लिए मुंशीगंज के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिये थे। जिसे ऑपरेशन से पूर्व डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन दिया गया, आरोप है की जिसकी वजह से वह कोमा में चली गई। 24 घंटा से अधिक समय बीत जाने के बाद जब कोई सुधार नहीं दिखा तो परिजनो ने अस्पताल में हंगामा काटना शुरू कर दिया। कोतवाली मुंशीगंज में डॉक्टर की लापरवाही के खिलाफ तहरीर दिया। परिजन के आक्रोश को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने विवाहिता को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना से परिजन में कोहराम मच गया।

# कुशीनगर में रिश्वत लेते पीएनबी के शाखा प्रबंधक को सीबीआई ने रंगे हाथों पकड़ा

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पंजाब नेशनल बैंक की शाखा छितौनी में ब्रांच मैनेजर को लखनऊ से आई सीबीआई की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा बैंक में

- **मुद्रालोन को बढ़ाने के लिए शाखा प्रबंधक मांग रहे थे रिश्वत**
- **पीड़ित ने सीबीआई लखनऊ से की थी शिकायत, चार घंटे तक चली छापामारी**

सीबीआई की टीम 4 घंटे तक छापेमारी कर बैंक मैनेजर के भ्रष्टाचार के करतूत की जांच की सूत्रों की माने तो बैंक मैनेजर के बैग से लाखों रूपए नगदी व रिश्वतखोरी अन्य सबूत भी सीबीआई को जांच दौरान मिला है।

नगर पंचायत छितौनी में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक सौरभ रघुवंशी के द्वारा खाताधारकों से विभिन्न कार्यो के लिए अवैध वसूली किया जा रहा था नगर पंचायत छितौनी निवासी प्रदीप पुत्र राजकुमार कुशवाहा बीते 6 माह पूर्व मुद्रा लोन के लिए बैंक में आवेदन किया लेकिन मैनेजर बहाना बनाकर लोन देने के लिए दौड़ते रहे प्रदीप जब दौड़ते दौड़ते थक गया तो मैनेजर ने सितंबर माह में लोन देने की बात कही लेकिन 27 हजार रूपए रिश्वत की मांग कर दी।

रिश्वत की मांग सुनकर प्रदीप ने रिश्वत देने के लिए हामी तो भर दी लेकिन इसकी शिकायत सीबीआई लखनऊ में कर दी और शनिवार को दोपहर रिश्वत की रकम लेकर ब्रांच मैनेजर को देने पहुंचा इस दौरान सीबीआई टीम ने ब्रांच मैनेजर को घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया और 4 घंटे बैंक में छापेमारी कर भ्रष्ट मैनेजर के भ्रष्टाचार के सबूतों को जुटाया। इस दौरान सीबीआई को ब्रांच मैनेजर के पास से लाखों रूपए नगदी व अन्य सबूत भी बरामद हुआ टीम ने दोपहर बाद ब्रांच मैनेजर को हिरासत में लेकर अपने साथ चली गई। इस दौरान सीबीआई मीडिया के सामने बयान देने से बचती रही सीबीआई सूत्रों की माने तो भ्रष्ट मैनेजर सौरभ के घर तथा उसके विभिन्न ठिकानों पर सीबीआई छापेमारी करेगी।

## नहीं थम रहा आवारा पशुओं का कहर

**अमेठी।** जिले के गांव और नगर में आवारा पशुओं का कहर बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह आवारा पशु झुंड के झुंड नज़र आते हैं कहीं-कहीं तो इनकी संख्या बहुत ज्यादा रहती है, इस समय तो बरसात होने की वजह से जगह-जगह जल भराव हो जाने के कारण ज्यादातर आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर भी देखा जा रहा है। जिससे आवागमन भी पूरी तरीके से बाधित हो जाता है इन्हीं आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है किसानों को रात-रात भर जाकर अपनी फसलों की सुरक्षा इन आवारा पशुओं से करनी पड़ रही है, इन सभी समस्याओं से जूझ रही आम जनता की बातों को कोई भी सुनने वाला नहीं है। जिम्मेदार इन समस्याओं से मुंह फेरते नजर आते है जो की चिंता का विषय है। अन्नदाता विभिन्न तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है और शासन प्रशासन मूक दर्शक बने हैं। किसान आए दिन आवारा पशुओं की समस्याओं को सांसद विधायक जिलाधिकारी सहित तमाम बडे अधिकारियों के समक्ष रखते हैं।

# पीड़ित की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर करें निस्तारण: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं।

# अन्तर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग का खुलासा, तीन गिरफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले की साइबर क्राइम ब्रांच व सेवरही पुलिस की संयुक्त टीम ने अन्तर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश कर दिया। इन लोगों द्वारा सीएससी सेंटरों से मिलकर भोले भाले लोगों को लालच देकर उनके आधार कार्ड व फिंगर इस्तेमाल कर धोखाधड़ी का शिकार बनाते थे।

इस कार्य में लिप्त पुलिस ने तीन ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए एसपी धवल जयसवाल ने बताया कि अपराध एवं अपराधियो एवं जनपद में हो रही साइबर ठगी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल मनोज कुमार पन्त मय टीम व प्रभारी निरीक्षक सेवरही हर्षवर्धन सिंह मय टीम द्वारा बिन टोलिया कस्बा सेवरही के पास से साइबर अपराध में संलिप्त तीन अभियुक्तों बुलेट कुमार चौरसिया पुत्र अमरजीत चौरसिया निवासी पखोपाली थाना ऊचगांव पोस्ट थावे जिला गोपालगंज बिहार, अमित चौरसिया पुत्र जगदीश चौरसिया निवासी सब्जी मण्डी तमकुही रोड थाना सेवरही जनपद कुशीनगर व करन जायसवाल पुत्र राकेश जायसवाल निवासी सब्जी मण्डी तमकुही रोड थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध रुप से भोले-भाले व्यक्तियों के खातों का प्रयोग कर अर्जित किए गए कुल 51,000/- रुपए, 64 फर्जी सिम कार्ड (भिन्न-भिन्न टेलीकाम कंपनियों के), 20 आधार कार्ड (भिन्न-भिन्न फर्जीवाड़े के), 11 पासबुक (भिन्न भिन्न बैंको के सादे), घटना में प्रयुक्त 5 मोबाइल (डेटा सहित मय 8 फर्जी वाले अकाउंट में लिए लगभग एक करोड़ 20 लाख रूपयो की विवरण सहित), अपराध में प्रयुक्त एक चोरी की मोटर साइकिल (एचएफ डीलक्स काले रंग बिना नम्बर प्लेट) की बरामदगी की गई है। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

**पुलिस ने सब्जी मण्डी तमकुही रोड से तीनों ठगों को दबोचा**

### ऐसे करते थे अपराध

अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग के द्वारा सीएससी सेंटरों से मिलकर गांव के भोले-भाले गरीब लोगों को पैसों का लालच देकर खाता खुलवाने हेतु उनके आधार व फिंगर के इस्तेमाल से नई सिम निर्गत करते हुए इकट्ठा करते हैं तथा उनके नाम से अकाउंट खुलवाकर खाते में बिना उनकी जानकारी के फर्जी सिम से अकाउंट लिंक करवा देते हैं तथा उसी सिम नम्बर के प्रयोग से उन खातों में बिना उनकी जानकारी के आनलाइन (अधिक से अधिक धनराशि) फर्जी पैसों का लेन-देन करते हैं तथा उन भोले-भाले व्यक्तियों के खातों से संबंधित पासबुक, चेकबुक व एटीएम कार्ड प्राप्त कर लेते हैं जिसका उन लोगों को पता नहीं लग पाता है और इन अंतर्राज्यीय साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन हैकरो को वही अकाउंट 14000 में बेचकर उसमें भिन्न-भिन्न प्रदेशों और जनपदों से साइबर फ्रॉड किए गए रूपयों को मंगाकर तथा अपने पक्ष में निर्गत कर लिया जाता है तथा इन साइबर ठगों द्वारा अब तक कुल आठ खातों में प्रथम दृष्ट्या एक करोड़ 20 लाख का ट्रांजेक्शन ऑनलाइन प्राप्त हुआ है। इन साइबर अंतर्राज्यीय गैंग के अन्य सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें सक्रिय हैं।

# न जानें कौन सी दौलत है उसकी नजरों में...



**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर की साहित्यिक संस्था प्रभात साहित्य सेवा समिति की मासिक काव्य गोष्ठी 359 वीं डा इम्तियाज समर के आवास पर मधुसूदन पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि समाचार कुशीनगर के डी के पांडेय रहे। संचालन इंद्रजीत इंद्र ने किया। मां शारदे के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पार्चन के बाद कन्हैया लाल करुण ने सरस्वती वंदना से काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ किया। इसके बाद नूरुद्दीन नूर ने सुनाया-इश्क ए दरिया में जो लोग उतर जाते हैं। कवि विनोद गुप्ता ने यह सुनाया गर्ज चरागो का मेरे घर को भी है मगर...इसके बाद जावेद शहाबुद्दीन सुनाया-न जाने कौन सी दौलत है उसकी लहजों में बात कर के दिल खरीद लेती है। असलम निज़ामी-घिरा हूं भीड़ में रिश्तों के लेकिन मेरे हिस्से में तन्हाई बहुत है। बेचू बीए-अपनों से दूर जो हुए, हरदम मजबूर वो हुए। शायर फिरोज अश्क एक उन्वान पे कोई भी लिख सकता है। किसी के बाप का कोई उन्वान थोड़ी है। अरमान मंसूरी ने सुनाया- इक शिकायत है मुझको मेरे दिल से दी...मेजबान डा इम्तियाज समर ने खूब सुनाया- अश्क ग़म पी के मुस्कुराती है,जिंदगी जब फरेब खाती है। इसके अलावा इंद्रजीत इंद्र, अर्शी बस्तवी, बलराम राय, मधुसूदन पांडेय ने भी रचना पाठ किया। इस मौके पर हरेराम गुप्त, अभय मधेशिया, मंजूर हसन, अनिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# पीएम से संवाद करेंगे अटल आवासीय विद्यालय के बच्चे




अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** योगी सरकार की पहल पर निशुल्क सरकारी बोर्डिंग स्कूल सरीखे अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ाई शुरू करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करने का मौका मिलने जा रहा है।

प्रधानमंत्री 23 सितंबर को वाराणसी से प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर स्थापित अटल आवासीय विद्यालयों का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वह वाराणसी में प्रत्यक्ष तो अन्य मंडलों के बच्चों से ऑनलाइन संवाद करेंगे। प्रारंभिक तैयारियों में पीएम मोदी से वर्चुअल संवाद के लिए गोरखपुर स्थित अटल आवासीय विद्यालय को भी शामिल किया गया है। प्रदेश में श्रमिकों के पाल्यों तथा कोरोना से बेसहारा हुए बच्चों को उत्कृष्ट आवासीय व्यवस्था के तहत पूर्णतः निशुल्क व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अटल आवासीय विद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभिनव पहल है। योगी सरकार की तरफ से प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय में पहले शैक्षिक सत्र में पठन पाठन प्रारंभ हो चुका है। पहले सत्र में ऐसे सभी विद्यालयों में मंडल स्तरीय प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर कक्षा छह में 80 विद्यार्थियों (40 बालक व 40 बालिका) को प्रवेश मिला है।

# भाषण प्रतियोगिता में अभिजीत रहे अव्वल

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** शनिवार को प्रदेश स्तर पर भाषण प्रतियोगिता के लिए नगर स्थित एनवाईके कार्यालय पर 22 प्रतिभागियों के मध्य भाषण प्रतियोगिता कर स्क्रीनिंग की गई। जिसमें अभिजीत त्रिपाठी अव्वल रहे और प्रदेश स्तर के लिए उनका चयन हुआ।

आज नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा दो अक्टूबर को महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर संसद भवन में भाषण देने हेतु जिला स्तर पर प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग हुई। वर्तमान विश्व में गाँधीवादी विचारों की प्रासंगिकता तथा लाल बहादुर शास्त्री अमृतकाल के परिप्रेक्ष्य में उनका जीवन और विरासत विषय पर कुल 22 प्रतिभागियों ने अपना भाषण प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों की विषयवस्तु, प्रस्तुति कौशल और हावभाव के आधार पर कुल तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया। निर्णायक की भूमिका राजकीय हाईस्कूल अमेठी के प्रधानाचार्य डा. अनुज कुमार मौर्य, आरआरपीजी कॉलेज के शिक्षक-शिक्षा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अंगद सिंह और समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धनंजय सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता में अभिजित त्रिपाठी ने प्रथम, तनु शर्मा ने द्वितीय एवं अंजली मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डा आराधना राज ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने बताया, कि दो अक्टूबर को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में भाषण देने हेतु आज जनपद स्तर पर प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग की गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अभिजित त्रिपाठी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करेंगे। जिसमें चयनित होने पर उनको संसद भवन में अपना वक्तव्य प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# पटेल स्मारक इंटर कालेज में बालीबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शनिवार को माध्यमिक विद्यालययी जनपद स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 14 व 19 वर्षीय बालक वर्ग की पटेल स्मारक इण्टर कालेज भटहट ,गोरखपुर के आयोजकत्व में संपन्न हुई। इसके मुख्य अतिथि पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह व विशिष्ठ अथिति ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह ने पटेल जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद वही मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर खेल का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच 19 वर्षीय बालक वर्ग में महानगर तथा गोला के बीच हुआ जिसमें महानगर ने गोला को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। दूसरा मैच कैंपियरगंज सहजनवा के बीच हुआ जिसमें कैंपियरगंज विजेता रही। तीसरा मैच सदर पूर्वी और बांसगांव के बीच खेला गया। जिसमें बांसगांव विजेता रहा। चौथे बार में चौरी चौरा और खजनी के बीच मैच खेला गया। जिसमें चौरी चौरा की टीम विजेता हुई। पहला सेमीफाइनल महानगर और बांसगांव के बीच खेला गया जिसमें महानगर विजेता हुआ। और फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच चौरी चौरा और कैंपियरगंज के बीच खेला गया 14 वर्षीय बालक वर्ग में सदर पूर्वी और चौरी चौरा के बीच मैच खेला गया। जिसमें चौरी चौरा विजेता रही दूसरा मैच बांसगांव और कैंपियरगंज के बीच खेला गया जिसमें कैंपियरगंज की टीम विजेता रही। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन के दौरान वर्ष 2017-18 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ज़मीनी स्तर के एथलीटों को एक मंच प्रदान करने तथा संपूर्ण भारत में खेल के बुनियादी ढाँचे का निर्माण करने के खेलों इण्डिया के परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए,सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ावा देने पर जोर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय कुमार पांडेय ने अपने स्वागत भाषण के दौरान मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

**विधायक महेन्द्र ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन**

## विश्व ओजोन दिवस पर व्याख्यान व स्वच्छता अभियान

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शनिवार को विश्व ओजोन दिवस एव स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत व्याख्यान एवं परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में कृषि संकाय के डॉ. हरि कृष्ण ने गाजर घास के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए बताया कि यह वातावरण, मनुष्य व पशुओं के लिए नुकसानदेह है। उन्होंने इससे बचने और इसके नियंत्रण की विधियों का भी सविस्तार वर्णन किया। व्याख्यान की थीम पर ही विश्वविद्यालय परिसर को गाजर घास मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता अभियान चलकर सफाई की गई।

स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे ने की। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महायोगी आदिनाथ इकाई के प्रभारी डॉ विकास कुमार यादव, कृषि संकाय के समस्त शिक्षकों व स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें: डीएम

## खड्डा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियाद

अवधनामा ब्यूरो


खड्डा तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनते डीएम उमेश मिश्र

**कुशीनगर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य समस्याओं का समाधान विश्वसनीय ढंग से हो, ताकि शिकायत कर्ता को बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। हम सभी के अंदर आवेदनकर्ता के प्रति सम्मान की भावना व संवेदनशीलता होनी चाहिए। खड्डा तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने उक्त बातें कही।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा जनता की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने विभाग से सम्बंधित आवेदन पत्र आज ही प्राप्त कर लें, तथा बेहतर होगा कि आज सभी अधिकारीगण इस क्षेत्र में आए हैं तो मामले का स्थलीय निरीक्षण कर आज ही निस्तारण करने का प्रयास करें, ताकि शिकायतकर्ता का आपके प्रति/विभाग के प्रति विश्वास बढ़े। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुरूप गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो समस्याएं जिस स्तर की हैं उनका समाधान उसी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए, तथा मामले के निस्तारण पश्चात शिकायत कर्ता से बात कर जानकारी लें कि संतुष्ट है कि नही।पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी संदर्भ में निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया।

### 59 में से 8 मामलों का मौके से निस्तारण

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 59 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के पुलिस विभाग, विकास विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभाग के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 08 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

अवशेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस अवसर पर तोरिया की मिनी किट का वितरण जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, उप कृषि निदेशक आशीष कुमार एवं जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर मेनका द्वारा 07 कृषकों में किया गया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील सदर बहराइच में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजय शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।



सीडीओ कविता मीना ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण में गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरता पूर्वक सुनवायी कर उसका सयमबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। सीडीओ ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे।

सीडीओ कविता मीना ने जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ भी दिलाने का प्रयास किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व अन्य स्तरों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण 01 सप्ताह में कर दें ताकि आवेदन-पत्र लम्बित अथवा डिफाल्ट की श्रेणी में आयें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया विभागीय कार्यों में डिजीटल लेने को अपनाया जाय तथा आमजन को प्रेरित किया जाय कि वे मुद्रा का लेन-देन डिजीटली करें।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, अधि.अभि. जल निगम, जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य जिला सतरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष व सीडीपीओ भी मौजूद रहे।

तहसील सदर बहराइच में आयोजित हुए समाधान दिवस में प्राप्त 41 आवेदन पत्रों में 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराये गये की प्रार्थना पत्रों का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। इसी प्रकार तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 09 में 01, कैसरगंज में प्राप्त 68 में 05, नानपारा में प्राप्त 41 में 05, पयागपुर में 40 में 04 तथा तहसील महसी में प्राप्त 14 में 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## कृषकों को वितरित किये गये लाही बीज मिनी किट

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** तहसील सदर बहराइच में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने एसडीएम सदर डॉ. पूजा यादव व अन्य अधिकारियों के साथ ग्राम जौहरा के कृषक अश्विनी कुमार वर्मा पुत्र स्वामी लाल वर्मा, धनी लाल पुत्र बड़कऊ, योगेश कुमार पुत्र जुगल किशोर, गोदनी बसाही के जितेन्द्र चौहान पुत्र भोला चौहान, मसीहाबाद के सतीश पाल पुत्र राम दयाल व राम दास पाल पुत्र बैजू, अजातापुर के राजेश कुमार पुत्र गुरूवचन, श्यामू पुत्र शिव मंगल, बड़ागांव के अबरार अहमद पुत्र मो. यूसुफ व बरहिया के चन्द्रसेन पुत्र सियाराम को लाही बीज मिनी किट का वितरण किया तथा 03 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा 03 बच्चों को अन्नप्रासन कराया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजय शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## एम्बुलेंस के ड्राइवर ने मानवता को किया तार- तार

**सुल्तानपुर।** वरिष्ठ नागरिक 68 वर्ष ओमप्रकाश तिवारी हार्ट अटैक के बाद स्वशासी मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर के आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में भर्ती हुए।यहां से प्राथमिक उपचार करके यहां के चिकित्सकों ने एलएस एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम की एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लारी में इलाज के लिए रेफर किया। रास्ते में हैदरगढ़ के पास उनकी मृत्यु हो जाती है। एंबुलेंस के ड्राइवर मानवता की सारी हदो को पार करते हुए उनकी लाश को एंबुलेंस से उतार देता है परिवरीजनों एवं जनपद वासियों ने सुल्तानपुर की लोकप्रिय सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री मेनका संजय गांधी से उक्त प्रकरण में हस्ताक्षर कर जांच कराए जाने की मांग करते हुए उक्त ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## अनियंत्रित ट्रक पलटी, नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** थाना बंधुआ कला के अंतर्गत लखनऊ- वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग हसनपुर गुमटी के पास बनारस की ओर से आ रही डीसीएम के अचानक पलट जाने से महाराजगंज हसनपुर पेठा कारोबारी संतराम मौर्य चपेट में आ गया, और चक्का के नीचे दब गया। तत्काल आनंन फानन में लोग लखनऊ की ओर लेकर भागे,घायल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। हसनपुर महाराजगंज में संतराम मौर्य का एक पेठे का कारखाना है।शनिवार को दोपहर 2:00 बजे करीब वह अपने घर रायबरेली जाने के लिए सवारी के इंतजार में हसनपुर रेलवे क्रासिंग के पास रोड पर खड़े थे।बनारस की ओर से स्पीड में आ रही डीसीएम ने उसे अपने चपेट में ले लिया और डीसीएम पलट गई।जिसके नीचे संतराम मौर्य दब गए, बड़े मुश्किल से नागरिकों ने निकाल करके एंबुलेंस में बैठाया और लखनऊ की ओर ले जाने लगे, थोड़ी दूर जाने पर उनकी मौत हो गई।



## 104 लोगों ने किया रक्तदान

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** इंडिया एंटी करप्शन फोर्स के तत्वाधान में सीओ लंभुआ सहित 104 लोगो ने रक्तदान किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कार्यक्रम की शुरुवात की ।सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र पी0पी0 कमैचा में 81लोगों ने व जिला चिकित्सालय में 23 लोगो द्वारा रक्तदान किया सुल्तानपुर।गया। संगठन के सभी सदस्यों का योगदान के साथ-साथ ब्लड बैंक सुल्तानपुर की टीम का योगदान सराहनीय रहा। संगठन के अध्यक्ष विकास मिश्र ,महासचिव विपिन मिश्र एडवोकेट, प्रवक्ता देवेन्द्र पाठक, उपाध्यक्ष राजीव तिवारी ने मीडिया को बताया कि संगठन ऐसे ही अनेको सराहनीय कार्य करता रहेगा। इस मौके पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आर के मिश्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ आर सी यादव, कोतवाल चांदा धीरज कुमार के साथ-साथ संगठन के मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, सह सचिव पंकज तिवारी, विमल शुक्ला, डॉ शिव शंकर पांडे, संरक्षक एवं मार्गदर्शक कैलाश दुबे ,विद्याभूषण पांडे ,रमाशंकर पांडे शालिग्राम मिश्र, संतोष मिश्र सूचित मिश्र ,अंजनी मिश्र, महेंद्र मिश्रा, डॉ विपिन शर्मा, नागेंद्र यादव , इंद्रेश यादव,के साथ-साथ संगठन के तमाम लोग मौजूद रहे। साथ-साथ पुलिस विभाग के कई रक्तदानियों ने भी रक्तदान किया।



## सिक्योर इंडिया कंपनी के कर्मचारी बनकर हड़पे करोड़ों रुपए

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** बैंक के एटीएम मशीन से सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़ कर जमा पैसा निकालने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए उनके पास से एक 32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया कि कूरेभार पुलिस को मुखबिर की सूचना से पता चला कि दो लोग धनपतगंज थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव निवासी जयशंकर तिवारी उर्फ सुमन्त तिवारी पुत्र ओमप्रकाश, तथा दूसरे साथी संजीव सिंह पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह निवासी भौंषा थाना कूरेभार को चेकिंग के दौरान पकड़ लिया।पुलिस की जामा तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल 32 बोर, 2 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह पिछले कई माह से आरसी सिक्योर इंडिया वैल्यू कंपनी का कर्मचारी बनकर पहले कुछ समय तक कंपनी में काम करता था। जहां पर भारी मात्रा में पैसे का लेनदेन हुआ करता था। पकड़े गए अभियुक्त जयशंकर ने बताया कि एटीएम मशीनों के सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़ कर भारी मात्रा में पैसे का फ्रॉड होता था। हम सब एटीएम मे जमा पैसे पर खासकर निगाह रखते है। उसने पुलिस को बताया कि पैसा एटीएम में पार्टी जमा करती है।निकासी का पैसा बैंक कर्मी स्वयं एटीएम मशीन में जमा करते हैं। बैंक खाते में लेखा-जोखा पूरा हो जाता था। हम लोग इस पैसे को निकाल लेते थे। पुलिस की सख्ती के बाद जयशंकर तिवारी के पास से 5,50,000 लाख, पल्सर मोटरसाइकिल एक एंड्राइड मोबाइल सैमसंग कंपनी तथा दूसरे अभियुक्त संजीव सिंह के पास से एक लाख नगदी बरामद हुए। घटना का अनावरण करने के लिए पहले से ही पुलिस फिराक में थी। पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि इस खेल में अन्य लोग भी शामिल हैं।कंपनी कर्मचारियों को डराने के लिए यह पिस्टल खरीदी गई थी। एटीएम खाते से हुए फ्रॉड पर कंपनी ने अपने ही कुछ कर्मचारियों पर जिम्मेदारी थोप रखी थी। पुलिस जिनकी सर गर्मी से तलाश कर रही है। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर उन्हे जेल भेज दिया गया।



एटीएम मशीनों से सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़ कर निकाले गए 6,50 लख रुपए द्य हुए बरामद ,पकड़े गए अपराधियों के पास से एक पिस्टल दो जिंदा कारतूस बरामद

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व स्थित कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त रूद्र नगर से किया गया स्थान का बदलाव

**सुल्तानपुर।** नगर का श्रमायुक्त कार्यालय नवीन स्थल तारा कंपलेक्स गनपत सहाय पीजी कॉलेज के सामने पयागीपुर सुल्तानपुर में शिफ्ट हो गया है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा औचित्य प्रमाण पत्र के आधार पर श्रम आयुक्त महोदय अयोध्या मंडल ,अयोध्या द्वारा स्वीकृत के क्रम में उप श्रम आयुक्त अयोध्या क्षेत्र, अयोध्या द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पूर्व स्थित कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त रुद्र नगर सुल्तानपुर से नवीन स्थल तारा कंपलेक्स गनपत सहाय पीजी कॉलेज के सामने पयागीपुर सुल्तानपुर स्थानांतरित हो गया है। यह जानकारी सहायक श्रम आयुक्त सुल्तानपुर ने दी है।

### सांसद ने निकाली कलश यात्रा, रोपे पौधे

**सीतापुर।** मेरी माटी मेरा देश के तहत सांसद रेखा वर्मा ने उदयपुर गांव मे विकास कार्यों का शिलन्यास किया। वहीं ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली। इस दौरान देश की फौज से सेवानिवृत्त हुये जवनों का सम्मान किया। सासंद ने ग्रामीणों के साथ पंच प्रंण की शपथ ली। जिसके बाद वीर सावरकर अमृत सरोवर पर पहुंच पंचवाटिका के तहत पौध रोंपण किया। शनिवार को सांसद अरूण रेखा वर्मा उदय पुर गांव के पहुंची। जहां पर वीर सावरकर अमृत सरोवर , श्री गोविंद गऊ अन्न क्षेत्र, खेल के मैदान आदि का शिल्नयास किया। इस अवसर पर उन्होंने कलश यात्रा निकाल कर फौज से सेवा निवृत्त हो कर आये बृज किशोर शुक्ला का सम्मान किया। कलश लेकर घरों से मिट्टी एकत्र की। जिसके बाद उन्होंने अमृत सरोवर पर पंच वाटिका के तहत पौधे रोपे। ग्रामीणों के साथ पंच प्रण की शपथ ली। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे देश के विकास के साथ देश का सम्मान अन्य देशों मे हो रहा है। बताया भारत जी 20 की अध्यक्षता दो दिन मे समाप्त की गयी। आज विश्व भारत के आगे नतमस्तक है। उन्होंने कहा कि इंडी एरलाईस के लोग हिंदू समाज व सनातन तथा हमारी संस्कृति को नष्ट करने का काम कर रहें है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव, खंड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी, शिव प्रताप सिंह, महेंद्र वर्मा, अरूण मिश्रा, ब्रजेंद्र कुमार, मनोज मिश्रा, पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### पैसों लेनदेन में मारपीट

**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोरैया रावतपुर निवासी प्रमोद और उसके सगे भाई महेश में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। तकरार इतनी बढ़ी कि दोनों में जमकर लाठी डंडे चले। इस घटना में घर की महिलाएं भी शामिल हो गई। विवाद में दोनों पक्षों को चोटें आई है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफपुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच की बात कह रही है।

### बुखार से दो लोगों की मौत के बाद ख ुली स्वास्थ्य विभाग की नींद

**सीतापुर।** पिसावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ग्राम ठाकुरपुर में संदिग्ध बुखार से दो लोगों की मौत हो गई। तब जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक की नींद खुली। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। यहां बता दें कि पिसावां क्षेत्र के ग्राम ठाकुरपुर में संदिग्ध बुखार फैला हुआ है। बुखार की वजह से गांव के अजय सिंह 17 कोमल सिंह 16 की मौत हो गई। बुखार की वजह से गांव में दो लोगों की मौत की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया। सीएससी अधीक्षक डॉक्टर संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण में जुट गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में 22 लोगों की स्लाइड बनाई। जिन में जांच के दौरान एक मरीज गंभीर मिला। बाकी लोगों को सामान्य बुखार बताया गया। टीम में डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर सुबोध, डॉ अनुराग, अरुण कुमार शुक्ला, मनीष, दयाशंकर आदि शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगा रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पहले ही स्वास्थ्य विभाग सजग होता, तो गांव में दो लोगों की जान न जाती।

### सरायन नदी में डूबा युवक, मौत

**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध हालात में सरायन नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने मामा के घर आया था। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। देहात कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामकृष्णपुरी निवासी आदित्य 19 वर्ष अपने मामा शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मछली मंडी निवासी भीम सिंह के यहां आया था। यहां पर संदिग्ध हालात में वह सरायन नदी में गिर गया।

## श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी का पहला प्रकाश पर्व

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व गुरुद्वारा लक्ष्मीपुरा में बड़े ही श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साप्ताहिक पाठ साहिब की समाप्ति सरदार हरजीत सिंह अरोड़ा परिवार की ओर से हुई वा निशान साहिब के चोले की सेवा सरदार सुरेंद्र सिंह अरोड़ा परिवार की ओर से हुई। मुख्य ग्रंथि ज्ञानी अरविंदर सिंह ने गुरुबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। उन्होंने कहा की आज ही के दिन अमृतसर में सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देवजी ने 1604 में आज ही के दिन दरबार साहिब में पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था। 1430 अंग (पन्ने) वाले इस ग्रंथ के पहले प्रकाश पर संगत ने कीर्तन दीवान सजाए और बाबा बुड्ढाजी ने बाणी पढने की शुरुआत की। पहली पातशाही से छठी पातशाही तक अपना जीवन सिख धर्म की सेवा को समर्पित करने वाले बाबा बुड्ढा जी इस ग्रंथ के पहले ग्रंथी बने। आगे चलकर इसी के संबंध में दशम गुरु गोविंद सिंह ने हुक्म जारी किया। सब सिखन को हुकम है गुरु मान्यो ग्रंथ। गुरु अर्जन देव बोलते गए, भाई गुरदास लिखते गए। 1603 में 5वें गुरु अर्जन देव ने भाई गुरदास से गुरु ग्रंथ साहिब को लिखवाना शुरू करवाया, जो 1604 में संपन्न हुआ। नाम दिया आदि ग्रंथ। 1705 में गुरु गोबिंद सिंह ने दमदमा साहिब में गुरु तेग बहादुर के 116 शबद जोड़कर इन्हें पूर्ण किया। समूची मानवता को एक लड़ी में पिरोने का संदेश है गुरु ग्रंथ साहिब सिक्खों में जीवंत गुरु के रूप में मान्य श्रीगुरु ग्रंथ साहिब केवल सिख कौम ही नहीं बल्कि समूची मानवता के लिए आदर्श व पथ प्रदर्शक हैं। दुनिया में यह इकलौते ऐसे पावन ग्रंथ हैं जो तमाम तरह के भेदभाव से ऊपर उठकर आपसी सद्भाव, भाईचारे, मानवता व समरसता का संदेश देते हैं। आज के माहौल में अगर इनकी बाणियों में छिपे संदेश, उद्देश्य व आदेश को माना जाए तो समूची धरती स्वर्ग बन जाए। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज बाणी की विशेषता है कि इसमें समूची मानवता को एक लड़ी में पिरोने का संदेश दिया गया है। 6 गुरु साहिबानों के साथ समय-समय पर हुए भगतों, भट्टों और महापुरुषों की बाणी दर्ज है। गुरबाणी के इस अनमोल खजाने का संपादन गुरु अर्जन देव ने करवाया। गुरुद्वारा रामसर साहिब वाली जगह गुरु साहिब ने 1603 में भाई गुरदास से बाणी लिखवाने का काम शुरू किया था। गुरु साहिब ने इसमें बिना कोई भेदभाव किए तमाम विद्धानों ओर भगतों की बाणी शामिल की। 1604 में गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश दरबार साहिब में किया गया। इस अवसर पर लंगर की सेवा सरदार हरजीत सिंह अरोड़ा परिवार की ओर से हुई। कार्यक्रम में गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, बलजीत सिंह,बलदेव सिंह, पर्सन सिंह, मेजर सिंह, गुरबचन सिंह सलूजा, मनजीत सिंह एड., जगजीत सिंह, दलजीत सिंह, मनमीत सिंह सलूजा, तरणदीप सिंह, किरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह सलूजा, गुरमुख सिंह, अवतार सिंह, ज्ञानी जसविंदर सिंह, गुनबीर सिंह, बिंदु कालरा, गुरप्रीत कौर, अमरजीत कौर, जसविंदर कौर, अमरजीत कौर बक्शी, मनजीत कौर,जसप्रीत कौर आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।



### तेज हवाओं के साथ हुई बारिश, उमस से मिली राहत

**सीतापुर।** मौसम के लिहाज से शनिवार का दिन राहत भरा रहा। सुबह से तेज व शीतल हवाएं चलती रहीं। दोपहर ढलते ही झूमकर बादल बरसे। इससे लोगों को उमस से काफी राहत मिली। हालांकि इस बारिश से कहीं जगह जलभराव व कीचड़ की समस्या जरूर हुई।

यहां बता दें कि बीते कई दिनों से लोग उमस से बेहाल थे। इस बीच शुक्रवार की रात से ही तेज हवाएं चलने लगीं। शनिवार की सुबह जब लोगों की नींद खुली, तो आसमान में बादल छाए हुए थे। हालांकि इस बीच धूपछाव का खेल शुरू हो गया।

## सुपर मार्केट की गैलरी पर अवैध कब्जा



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सुपर मार्केट में दुकानों के बीच से आवागमन के लिए बनायी गयी गैलरी में दोनों ओर से शटर लगाकर किये गये अवैध कब्जे के खिलाफ समाजसेवी हरीबाबू शर्मा धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। प्रदर्शन के दूसरे दिन उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से शटर लगाकर गैलरी पर किये जा रहे कब्जे के खिलाफ उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सुपर मार्केट के ठीक सामने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.ब्रजनंदन शर्मा की प्रतिमा भी लगी हुयी है। शटर लग जाने के बाद गैलरी पर हुये अवैध कब्जे के खिलाफ यदि समय रहते आवाज नहीं उठायी गयी तो वह दिन दूर नहीं जब महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रतिमा को भी विस्थापित करने का षडयंत्र रच दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब तक अवैध तरीके से किये गये कब्जे को हटाया नहीं जाता है, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाते हुये दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग उठायी है। इस मौके पर हरीबाबू शर्मा, ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष शक्ति पाठक, प्रमोद बबेले, नीलेश प्यासा, महेश चौबे, देवेद्र पाठक, ब्रजबिहारी मिश्रा, हजारी रजक, पवन प्रताप, गौरव पुरोहित, इंद्रपाल सिंह, कमलेश दुबे, ब्रजेंद्र सिंह, मु.जावेद, कमल, सुरेश कौशिक, अल्ली जैन, पार्षद मनमोहन चौबे सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## नशे से बचकर शरीर व मन को स्वस्थ्य बनाने के लिए करें योगः सचिव

कारागार में निरूद्ध बंदियों के साथ लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार सचिव सुरेखा की अध्यक्षता में जिला कारागार जेल में निरूद्ध बन्दियों को प्रदत्त सुविधाओं, उनके विधिक अधिकार विषयक एवं उनके परिवार को विधिक सहायता हेतु एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सचिव सुरेखा कारागार अधीक्षक लाल रत्नाकर मिश्र, कारापाल जीवन सिंह द्वारा जेल में निरूद्ध बन्दियों को अवगत कराया गया कि अच्छे वातावरण में मनुष्य सर्वागींण विकास होता है। हमें स्वयं अच्छे वातावरण में रहना चाहिये तथा अपने आसपास का भी वातावरण अच्छा रखने का प्रयास करना चाहिये। जेल में रहते हुये हमें अपने मानसिक स्तर को संतुलित रखना चाहिये न कि हौंसला छोड़ दें। हमें अपने शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से योग व ध्यान करना चाहिये। जेल में आप अपना व्यवहार शान्त, संयमित, अच्छा रखें। आप अपने व्यवहार से किसी को परेशान न करें। हमें सभी प्रकार के नशों से बचना चाहिये। जेल में रहते हुए आपके मानवाधिकार सुरक्षित हैं। शिविर के दौरान बन्दियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की एवं उनकी समस्या के निवारण हेतु उपाय बतलाए गये। कुछ बन्दियों द्वारा न्यायालय में लंबित अपने मामलों में पैरवी हेतु अधिवक्ता की मांग की गयी जिस पर सचिव द्वारा कारागार अधिकारियों के माध्यम से प्रार्थना पत्र न्यायालय भिजवाने हेतु कहा गया। बंदियों को अवगत कराया गया कि आपको नियुक्त अधिवक्ता द्वारा प्रकरण की उचित पैरवी न की जा रही हो तो इस संबंध में कारागार प्रशासन के माध्यम से अवगत करायें। शिविर के अन्त में कारापाल जीवन सिंह द्वारा सभी आगुन्तकों का आभार जताया। इस अवसर पर कारापाल जीवन सिंह तथा जेल में निरूद्ध पुरूष बन्दीगण एवं जिला कारागार के कर्मचारीगण एवं न्यायालय की ओर से रोहित राठौर, राजीव पटेल, विकास उपस्थित हुये।



वधिक साक्षरता शिविर में संबोधित करते न्यायिक अधिकारी


# ग्राम पंचायत-सखुई खुर्द वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

## अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 16.09.2023 से 19.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 19.09.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**ऊषा दुबे**
**सचिव**
**ग्रा.पं. सखुई खुर्द**

**बाबूलाल**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. सखुई खुर्द**

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाठक जब हमीरपुर पहुंचे तो पार्टी के नेतागण व कार्यकर्ताओं के अवाला सदर विधायक डाक्टर मनोज प्रजापति नें जोर दार स्वागत किया तथा माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएँ दीं। सैकड़ों की तादात में जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत किया।

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी ने सुनी फरियाद



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** दिनांक-16/09/2023 को हमीरपुर के तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा नें आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया। शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। इस अवसर उप जिला मजिस्ट्रेट सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, सर्किल के समस्त प्रभारी निरीक्षक व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया अभियंता दिवस



**सोनभद्र/विंध्यनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल में डॉ. मोक्षगुंडम विस्वेश्वरैया जी के जन्मदिवस को एनटीपीसी कार्यपालक संघ विंध्याचल (नीव) द्वारा प्रशासनिक भवन परिसर के भू-तल सभागार में अभियंता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मोक्षगुंडम विस्वेश्वरैया जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) एनसीएल, विशिष्ट अतिथि परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार, एनसीएल महाप्रबंधक (सिविल) श्री अशोक कुमार सिंह एवं महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री संजीव कुमार के साथ-साथ विंध्याचल परियोजना के महाप्रबंधगण, अपर महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** जिलाध्यक्ष जी ने मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन के उपरान्त जनपद मे प्रवेश किये कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया उसी क्रम में करमा, केकराही, हिन्दुवारी, चण्डी होटल, शीतला चौक व स्वर्ण जयन्ती चौक पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उसके बाद जिला कार्यालय पर स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सभी कार्यकर्ताओ ने माल्यार्पण व स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है। जिलाध्यक्ष बनने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एनटीपीसी सिंगरौली में विश्व ओज़ोन दिवस मना

**सोनभद्र/शक्तिनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी सिंगरौली में



पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता के तहत विश्व ओज़ोन दिवस-2023 बड़े स्तर पर मनाया गया। इस अवसर पर श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा प्रशासनिक भवन परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दिवस पर श्री राजीव अकोटकर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एनटीपीसी सिंगरौली की प्रथम प्राथमिकता है। भविष्य में भी सिंगरौली निरंतर पर्यावरण के लिए नवनीतम एवं आधुनिकतम तकनीकी को अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सफल और सार्थक प्रयास किये जायेगें। ओजोन दिवस के मौके पर पर्यावरण प्रबंध समूह की ओर से ओर्नामेंटल पौधे भेट किये गये।

# राठ में फर्जी स्कूलों की भरमार, नियमों को ताक पर रखकर हो रहे संचालित

अवधनामा संवाददाता

**राठ- हमीरपुर।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में फर्जी स्कूलों की भरमार हो गई है। कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर खुले निजी तथाकथित स्कूलों से लगातार शिक्षा का स्तर गिरने लगा है। इस बात से अभिभावक परिचित हैं, लेकिन महंगाई के इस दौर में उनके पास और कोई चारा नहीं है। अभिभावक स्कूल के खिलाफ विरोध जताने के बजाए बच्चों को पढ़ाने के लिए मजबूर हैं। वहीं स्कूलों में मानको को ताक पर रखकर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इसका प्रभाव सीधे-सीधे बच्चों के शैक्षिक स्तर पर पड़ रहा है। कहीं मंदिरों में तो कहीं छोटे से चार कमरों में ऐसे तथाकथित स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिसमें बहुतेरे स्कूलों पर प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की खासी मेहरबानी किस कारण बनी हुई है जो समझ से परे है। ये स्कूल तमाम नियमों का उल्लंघन करने वाले पब्लिक स्कूलों में अधिकांश कम शैक्षिक योग्यता वाली शिक्षिकाएं व शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इससे शिक्षा का स्तर तेजी से गिर रहा है। राठ कस्बे व देहात क्षेत्र के कई पब्लिक स्कूल ऐसे हैं, जहां 12वीं पास छात्र छात्राएं ही शिक्षक के रूप में काम कर रही है। वहीं निजी स्कूलों में शिक्षकों के लिए बीटीसी या बीएड उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। वहीं देहात क्षेत्र के अधिकांश स्कूल घरों में संचालित हो रहे हैं। स्कूल की मान्यता लेने, बच्चों से फीस के नाम पर आने वाले शुल्क की 80 प्रतिशत राशि स्कूल के स्टाफ पर खर्च करना, स्कूल की बिल्डिंग भूकंपरोधी होना आदि भी नियमों में शामिल किया गया है। विभागीय मिलीभगत से यहां निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। जो मासूम बच्चों के लिए उनके आगामी भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं। कस्बे में ऐसे फर्जी स्कूलों की बाढ़ आ गई है। जो कस्बे के सागर तालाब के पास, सैना रोड, हमीरपुर रोड, चरखारी रोड, कुर्रा रोड सहित तमाम जगह संचालित हो रहे हैं। अगर जांच कराई जाए तो बहुतेरे स्कूल बिना मान्यता और मानकों को ताक पर रख कर संचालित हो रहे हैं। जिनपर प्रशासन अज्ञात कारण से मेहरबान बना है तो कुछेक स्कूलों में कार्यवाही से डरता भी है। इस सम्बंध में एबीएसए राठ ने बताया कि वो अब कार्यवाही करेंगे।

# समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्रवाई: डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बरहज सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**कुल 41 शिकायती प्रार्थना पत्र हुए प्राप्त, जिसमें से चार का हुआ निस्तारण**

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में माह सितंबर के तृतीय शनिवार को तहसील बरहज सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनता की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

बरहज तहसील के खोड़ा निवासी कमला प्रसाद यादव पुत्र स्वर्गीय छेदी यादव ने विद्युत कनेक्शन मिलने में हो रहे अनावश्यक विलंब की शिकायत की। जिलाधिकारी को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि गत 19 अगस्त को उन्होंने झटपट कनेक्शन के लिए आनलाइन आवेदन किया था। किंतु विद्युत विभाग द्वारा अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। उन्होंने जेई पर पैसे की अपेक्षा रखने का आरोप लगाया। जिस पर डीएम ने जेई पंकज गुप्ता से सख्ती से पूछताछ की। किंतु संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उन्हें पुलिस ऑब्जर्वेशन में भेजने का निर्देश दिया।ग्राम पुरैना शुक्ला निवासी मिथिलेश शुक्ल ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की मांग की, जिसे डीएम के निर्देश के क्रम में तत्काल उपलब्ध करा दिया गया। नन्दना वार्ड वेस्ट निवासी अनीस आलम पुत्र अंसार आलम को दिव्यांगता का प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया गया। 14 वर्षीय अनीस आलम का वजन लगभग 117 किलोग्राम है और वे 70 प्रतिशत लोकोमेटिव डिसेबिलिटी से प्रभावित हैं। अत्यधिक वजन के कारण वे तहसील आने में असमर्थ थे। उन्हें जिलाधिकारी के निर्देश पर एंबुलेंस घर भेज कर बुलाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल अपने हलके में नियमित रूप से भ्रमणशील रहें। भूमि विवादों का समाधान कराएं। खलिहान की भूमि, चकरोड अथवा नाला सहित सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटवाए तथा उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली अधिकांश शिकायतें पैमाइश, पारिवारिक संपत्ति विवाद, खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़ी होती है यदि लेखपाल अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे तो शिकायतों की संख्या में भी कमी आएगी । उन्होंने कहा कि यदि किसी लेखपाल के द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# खानकाह इंटर कॉलेज में विधायक का हुआ सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** खानकाह इंटर कालेज में इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक बाबूलाल तिवारी का सम्मान समारोह प्रबंध समिति, शिक्षको और छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता हैं। बच्चों को चाहिए कि जब वह अपनी शिक्षा ग्रहण कर एक योग्य अधिकारी बन जाएं तथा उन्हें धन का संचय होने लगे तो उन्हें पिता तुल्य अपने शिक्षकों एवं विद्यालय का विकास सदैव करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि वह जनपद के विद्यालयों के लिए जो भी होगा, वह करेंगे। खानकाह इंटर कालेज के प्रबंधक मोहम्मद फारूक ने विधायक को स्मृति चिन्ह एवं शाल ओढ़ाकर कर उनका स्वागत किया। प्रबंध समिति के सदस्यों ने विधायक का बच्चों को समय देने के लिए धन्यवाद दिया। संस्था की प्रधानाचार्य शाहाना खान ने विधायक के साथ आए उनके प्रतिनिधियों एवं अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के सचिव कमरुद्दीन खां, मुशीर अहमद, हाजी जाहिद, आजम एडवोकेट, हाजी अजीजुजसमद, हमीद अहमद, अनवर सईद, हरिगुप्ता प्रबंधक डीएवी इंटर कालेज, राजू भाई, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, आलोक सिंह, शिक्षक मनोज त्रिपाठी, बलराम त्रिपाठी, दिनेश प्रसाद, दिनेश सिंह सहित संस्था के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में बुशरा, अल्फिया, शबाना ने स्वागत गीत, नात एवं देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किया छात्र-छात्राओं के द्वारा विधायक के आगमन पर पुष्प वर्षा की गई। विधायक ने विद्यालय की कबड्डी टीम से परिचय प्राप्त किया।

# विश्व ओजोन दिवस: पौधरोपण के जरिए ओजोन परत को बचाने का आह्वान

अवधनामा संवाददाता




**बांदा।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अफसरों ने समाज में फैल रहे वायु प्रदूषण को कम करने और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। कहा कि पौधरोपण के जरिए जहां जलवायु परिवर्तन को कम किया जा सकता है, वहीं प्रदूषण पर नियंत्रण करके ओजोन परत को बचाया जा सकता है। मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर बामदेव स्मार्ट साल्यूसंश द्वारा संचालित कामन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अवर अभियंता रामदास ने पालीथिन को पर्यावरण के लिए जहर बताया। पॉलीथिन के बैग का चलन बढ़ने के साथ ही ओजोन की परत और पृथ्वी की उर्वरा शक्ति के लिए खतरा भी बढ़ने लगा है। उन्होंने लोगों को कपड़े के झोले का प्रयोग करने और पालीथिन से तौबा करने की नसीहत दी। उन्होंने विभाग की ओर से कपड़े के झोले वितरित करके लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। बामदेव स्मार्ट साल्यूसंश के निदेशक डा.मनोज कुमार शिवहरे ने विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करने' की मौजूदा थीम पर प्रकाश डाला। कहा कि पृथ्वी और सूरज के बीच ओजोन परत अल्ट्रावायलेट किरणों से मनुष्य और वनस्पितयों को बचाने का काम करती है। उन्होंने ओजोन परत को बचाने के लिए लोगों को वाहन, फ्रिज, एसी आदि का इस्तेमाल कम करने, रबर, प्लास्टिक और वाहनों के टायरों को न जलाने की नसीहत दी। वाहन, एसी आदि से निकलने वाली गर्मी के साथ ही प्लास्टिक जलाने से निकलने वाला धुआं सीधे वायुमंडल में जाकर ओजोन परत को ही नुकसान पहुंचाता है। विभागीय अभियंता सुशील कुमार ने सूर्य से निकलने वाली अल्ट्रावायलेट किरणों से होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। बताया कि यदि सूर्य और पृथ्वी के बीच से ओजोन परत हट जाए तो लोगों में कैंसर समेत विभिन्न बीमारियां हो सकती हैं।

## अवैध रुप से संचालित हॉस्पिटलो पर डीएम ने कसा नकेल, करायी जांच

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** नगर के राघव नगर मुहल्ले में अवैध रुप से संचालित पल्स हॉस्पिटल के पंजीकरण को 11 सितम्बर 2023 से निलम्बित कर दिया गया है तथा हॉस्पिटल प्रबंधक को यह हिदायद दी गयी है कि निलंबित तिथि के 03 कार्य दिवसो के अन्दर हॉस्पिटल में भर्ती सभी मरीजों को डिस्चार्ज कर दें तथा किसी भी प्रकार की नये मरीज को भर्ती व उपचार न करें। अन्यथा की दशा में नियमानुसार कडी कार्रवाई की जायेगी। जनपद में प्रायः अवैध व अनियमितता पूर्ण से हॉस्पिटल संचालित होने की प्रायः आ रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने गंभीर रुप अख्तियार किया है तथा ऐसे हॉस्पिटलो पर सघन व सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिया है। इसी क्रम में राघव नगर में संचालित पल्स हॉस्पिटल का निरीक्षण उप जिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में उप मुख्य चिकित्साधिकारी, औषधि निरीक्षक, अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र, सदर, स्थानीय पुलिस एवं अग्निशमन अधिकारी द्वारा गत माह में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी सदर विनियमित क्षेत्र द्वारा उल्लिखित किया गया है कि अवर अभियंता की आख्या के अनुसार सुरेन्द्र राव पुत्र स्व स्वामीनाथ एवं ब्रजेश, अनिल, प्रभाकर, दिवाकर पुत्र गण स्व. कृष्णमोहन राव द्वारा अलग-अलग 02 आवासीय निर्माण मानचित्र क्रमश संख्या 671 व 672 दिनांक 22.08.2020 को स्वीकृत कराया गया है, किन्तु इसके विपरित दोनो भूखण्डों को सम्मिलित कर पल्स हॉस्पिटल का निर्माण बिना किसी स्वीकृति को किया गया है, जिसके विरुद्व आरबीओ एक्ट 10 के अधीन कार्यवाही की गयी है तथा भवन स्वामी को कारण बताओं नाटिस जारी किया गया।

# बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सरकार तत्पर है: भूपेश चौबे

अवधनामा ब्यूरो



**बेरोजगारों को छोटे-छोटे उद्योग करने का एक प्रगाढ़ माध्यम है, जिससे लाभार्थी इस रोजगार को करते हुए आत्मनिर्भर बन सकेगा**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विश्वकर्मा जयन्ती पर हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं अभियन्ताओं सहित सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इसी योजना के तहत विधायक राबर्ट्सगंज श्री भूपेश चौबे, मुख्य विकास अधिकारी श्री सौरभ गंगवार, ब्लाक प्रमुख राबर्ट्सगंज श्री अजीत रावत, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सोनभद्र श्री आर0पी0गौतम की मौजूदगी में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत कलेक्ट्रेट सभागार सोनभद्र में रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से दर्जी ट्रेड के 10 व बढ़ई ट्रेड के 5 लाभर्थियों को टूलकिट तथा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर माननीय विधायक सदर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए केंद्र प्रदेश सरकार तत्पर है, इसी के मद्देनजर आज इस सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जिससे बेरोजगारों को छोटे-छोटे उद्योग करने का एक प्रगाढ़ माध्यम है, जिससे लाभार्थी इस रोजगार को करते हुए आत्मनिर्भर बन सकेगा। मुख्यमंत्री का यह उद्देश्य है की आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान होता है, जिससे प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर एवं हस्तशिल्पी पारम्परिक कार्यों के माध्यम से जीविकोपार्जन करते हैं। यह हस्तशिल्पी और कारीगर पारम्परिक कार्यों में अत्यन्त प्रतिभाशाली हैं। पारम्परिक कारीगरों की प्रतिभा को निखारने के लिए इनके प्रशिक्षण तथा व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से डबल इंजन सरकार द्वारा 'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना तथा 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' योजना संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयन्ती सृजन व निर्माण के प्रति हम सभी को प्रतिबद्ध होने का अवसर प्रदान करती है।

# भाजपा कार्यकर्ता आधारित लोकतांत्रिक पार्टी

## अभूतपूर्व सहयोग के लिये सभी कार्यकर्ताओं का आभार: अंतर्यामी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के अभिनन्दन समारोह का आयोजन औरा चौरी पार्टी कार्यालय पर हुआ। जहा जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का माला पहना स्वागत किया। अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित करते हुये कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित एक लोकतांत्रिक पार्टी है, कोई परिवारवादी पार्टी नही। यह भाजपा में ही सम्भव है की बूथ स्तर से काम करने वाला कार्यकर्ता अपने मेहनत, संघर्ष, निष्ठा से भाजपा का जिलाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष बनता है, जिसका उदाहरण है कि एक सामान्य से कार्यकर्ता के रूप में पार्टी का काम शुरू करने वाले भूपेन्द्र सिंह आज जिलाध्यक्ष है।

सांसद सलेमपुर रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि देश मे भाजपा ही एक ऐसा दल है जो अपने कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान देती है।मुझे विश्वास है कि भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में भाजपा जनपद में एक नयी ऊंचाई को प्राप्त करेगी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने अपने कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के सहयोग के लिये आभार जताया और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह को शुभकामनाएं देते हुये यह विश्वास जताया कि पार्टी जनपद में और मजबूत होगी। जोरदार स्वागत और अभिनंदन से अभिभूत जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरे जैसे एक सामान्य से कार्यकर्ता को पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है,उसका पूरी ईमानदारी,निष्ठा से कार्यकर्ताओं के सहयोग से निर्वहन करते हुये पार्टी को और मजबूत करने का काम करूंगा।

अभिनन्दन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी, विधायक जयप्रकाश निषाद, नपाध्यक्ष अलका सिंह, जिला प्रभारी सुनील गुप्ता, पूर्व एमएलसी महेन्द्र यादव, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठेलाल निगम, क्षेत्रीय मंत्री हरिचरन कुशवाहा, चेयरमैन गौरीबाजार प्रदीप मद्धेशिया,चेयरमैन बैतालपुर सरिता पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडेय शाही, राजेश कुमार मिश्रा, संतोष त्रिगुणायक, संजय सिंह,अजय शाही, गंगा कुशवाहा, श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, रविन्द्र किशोर कौशल,निर्मला गौतम, हेमन्त मिश्रा, शिवकुमार राजभर, अम्बिकेश पाण्डेय, पवन कुमार मिश्रा,राजन सोनकर, रामदास मिश्रा,नवीन सिंह, धनुषधारी मणि,दुर्गेश पाण्डेय,अंकुर राय, अजय दूबे वत्स, शैलेंद्र सिंह आजाद, सतेन्द्र मणि, संजय पाण्डेय, जितेंद्र सिंह,बृजेश गुप्ता, दीनबन्धु सिंह, योगेश प्रजापति,अशोक पाण्डेय, संजय राव,जयनाथ कुशवाहा आदि रहें।

# मौदहा सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 67 शिकायतों, एक निस्तारित

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा-हमीरपुर।** तहसील मौदहा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 67 शिकायतें आई। इनमें से एक शिकायत को मौके पर ही निस्तारित किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश के साथ संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

शनिवार को तहसील मौदहा सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सब से अधिक शिकायतें राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की आयीं। विद्युत निगम संबंधी 03, समाज कल्याण विभाग 03 अल्पसंख्यक विभाग और चिकित्सा विभाग संबंधी एक-एक शिकायतें आई। इसके अलावा इनमें से एक का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। शेष शिकायतों को त्वरित निस्तारण के निर्देश के साथ संबंधित विभाग को भेज दिया गया। नेत्रहीन अहमद कमाल नें अपनी शिकायत में लिखा कि मों मुजीब निवासी मोहल्ला मांदा गदाई कस्बा मौदहा नें उस की भूमी पर अवैध रूप से कब्ज कर रखा है और अब गोली मारने की धमकी दे रहा है। उसने आगे अपनी शिकायत में लिखा कि यही शिकायत दिनाँक 12/9/2023 को क्षेत्राधिकारी मौदहा के यहां दी थी परन्तु कोई कार्रवाई नही हुई इस पर क्षेत्राधिकारी नें तहसीलदार मौदहा व थाना प्रभारी को जांच आख्या देनें का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिकायत का निस्तारण होने पर शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाएगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी मौदहा राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी विवेक यादव तहसीलदार बलराम गुप्ता व बी डी ओ गोपाल यादव सहित विभिन्न विभागों के तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जरूरतमंदों को वितरित किए चश्मे

अवधनामा ब्यूरो

राजनाथ ने अंबर फाउंडेशन को 5 लाख डोनेशन देने की घोषणा की



लखनऊ। देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने चौक के ज्योतिबा फूले लान में मिशन अंबर फाउंडेशन द्वारा आयोजित दृष्टि से उज्जवल भविष्य तक कार्यक्रम में कहा कि इस कार्यक्रम में आकर सचमुच में मेरे दिल को बड़ा सुकून मिला है कि हमारे लखनऊ में ऐसे लोग हैं जो जनता और विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद जनता की सेवा के लिए अपनी जिंदगी खपाने को तैयार हैं। यह फाऊंडेशन कैसे लोगों की इस हद तक जाकर ऐसे लोगों की सेवा कर रहा है, क्योंकि सेवा करने के लिए भी संसाधन की आवश्यकता होती है संसाधनों की भी एक सीमा होती है मैं लखनऊ की जनता से भी आह्वान करना चाहता हूं कि ऐसे फाउंडेशन जो देश के समाज की और जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रहे हैं ऐसे फाउंडेशन की लोगों के द्वारा मदद भी की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ ने अंबर फाउंडेशन को 5 लाख डोनेशन देने की घोषणा की।

रक्षा मंत्री ने कहा अंबर फाउंडेशन के सामने लगे बोर्ड में लिखा है दृष्टि से उज्जवल भविष्य तक का यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है यह नाम ही इस फाउंडेशन की सोच और अप्रोच को पूरी तरह से दर्शाता है। निशुल्क बच्चों की शिक्षा देना, निशुल्क नेत्र शिविर लगाकर लोगों को दृष्टि देना, जरूरतमंद परिवारों की मदद करना यह सब काम करके अंबर फाउंडेशन भारत की नई पीढ़ी को मजबूत करने का काम कर रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा लखनऊ बड़े दिल वालों का शहर माना जाता है, बड़े मन वालों का शहर कहा जाता है ।अटल बिहारी वाजपेई कहते थे छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। लखनऊ में ऐसे बड़े मन के लोगों की कमी नहीं है।

राजनाथ ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में जो सरकार चल रही है ऐसे जरूरतमंद लोगों को सहायता पहुंचा रही है ताकि उनका भी सशक्तिकरण हो सके ताकि वह भी मजबूत हो सके अति गरीबी के संकट से उनको निकाला जा सके इसके लिए जाति पंथ मजहब से अलग करके वह देश की सेवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने देश के जरूरतमंद लोगों के लिए जो काम किए हैं उससे देश के 13.5 करोड लोग अति गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं।

उन्होंने कहा जाति पंथ मजहब की बात की जाती है मुझे लगता है इंसानियत से बड़ा धर्म और इंसानियत से बड़ा दूसरा कोई मजहब नहीं हो सकता । हमारी सरकार ने भी ऐसे ही कार्य किया है आपका खाता खोलते समय यह नहीं देखा है कि कौन छोटा है कौन बड़ा है कौन किस जाति का है कौन किस पंथ का है कौन किस मजहब का है। उज्जवला योजना में सिलेंडर देते समय नहीं सोचा कौन किस जाति का है, धर्म का मजहब का है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी घर देते समय नहीं सोचा कि कौन किस जाति का है, धर्म का है, मजहब का है। अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भी जो योजनाएं चलाई गई उसमें कोई भी व्यक्ति भेदभाव का और हमारी सरकार पर नहीं लगा सकता है।

उन्होंने कहा कोरोना संकट काल में हिंदू ,मुसलमान, सिख, ईसाई, यहूदी सबको बिना भेदभाव के करोना टीके की दो डोज लगी हैं। दुनिया के किसी अन्य देशों में सभी को कोरोना की डोज उपलब्ध नहीं हो पाई। जब लोगों के कामकाज बंद हो गए थे, कमाने का संकट था उस समय हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के सबके लिए पांच-पांच किलो राशन निशुल्क मुहैया कराने का काम किया।

# लखनऊ मेट्रो ने सुरक्षा व्यवस्था का पेश किया उदाहरण

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। लखनऊ मेट्रो की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था ने एक बार फिर सुरक्षित यात्री सेवा का उदाहरण पेश किया है। एक अमरीकी मूल निवासी लखनऊ मेट्रो में सीसीएस एयरपोर्ट से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन तक यात्रा करने के दौरान अपना बैग भूल गया। जिसमें लैपटॉप, स्पीकर एवं अन्य जरूरी सामान था। लखनऊ मेट्रो के लॉस्ट एंड फाउंड सेल ने खोये बैग को खोज निकाला और विदेशी यात्री को सुरक्षित वापस कर दिया। अमरीकी यात्री 5 सितम्बर को एयरपोर्ट से यात्रा करते वक्त अपना बैग ट्रेन में भूल गया था। लखनऊ मेट्रो के लॉस्ट एंड फाउंड सेल ने मेट्रो में मिले लावारिस बैग को तुरंत अपनी कस्टडी में ले लिया। बैग की जांच पड़ताल करने पर उसमें लैपटॉप मिला जिसका पासवर्ड क्रैक कर बैग के असली मालिक को पहचान हुई। लॉस्ट एंड फाउंड सेल ने तुरंत यात्री को ई.मेल किया जिसकी मदद से अमरीकी यात्री से संपर्क बना और उनका खोया बैग उन्हें वापस मिल सका। मेट्रो के लॉस्ट एंड फाउंड सेल ने सेवाओं के प्रारंभ से अब तक करीब 30 लाख कैश, 153 लैपटॉप और 600 से अधिक मौबाइल फोन यात्रियों को सुरक्षित वापस किये हैं।

# कृषिः 19.41 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री से सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि किसान बिना किसी आर्थिक परेशानी के कृषि उपकरणों को खरीदकर उनको प्रयोग कर अपनी खेती-बाड़ी के कार्य को सुगमता से पूरा करें इस हेतु सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों के अनुदान के लिए कुल 18.36 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

इसके साथ ही वर्षा आधारित क्षेत्र में किसान भाई फसल उत्पादन के साथ-साथ ऐसी फसल पद्धति अपनायें जिससे फसलोत्पादन के साथ ही उन्हें एकीकृत फसल पद्धति प्रणाली से अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके इस हेतु नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर योजना के रेनफेड एरिया डेवलेपमेन्ट कार्यक्रम हेतु 01.05 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

# नगर विकास मंत्री ने की 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा अभियान की शुरुआत

## सभी निकायों में स्वच्छता, साफ सफाई, व्यवस्थापन, सुंदरीकरण, पौधारोपण के लिए चलेगा विशेष अभियान

- प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर को सभी निकायों में आयोजित होगा 'स्वच्छता लीग-02'
- प्रधानमंत्री के स्वच्छता के संकल्प को पूरा करने का होगा प्रयासः नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सभी 762 निकायों में 15 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, कचरा मुक्त, उत्तर प्रदेश की थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने सभी नगर आयुक्तों, अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए की गत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता, साफ-सफाई, व्यवस्थापन, सुंदरीकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। सफ़ाई व व्यवस्थापन के लिए मशीनों का भरपूर प्रयोग किया जाय। सफाई अभियान की मॉनिटरिंग के लिए नोडल ऑफिसर नियुक्त किए जाएं, डी ट्रिपल सी से भी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के लापरवाही पूर्ण कार्यों से ही व्यवस्था बदहाल होती है, जिसे हर-हाल में सुधारना होगा। नगर विकास मंत्री ए.के.शर्मा ने जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगम में निकाय अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की और स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गार्बेज फ्री इंडिया थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चला रही है। अभियान के दौरान नगरों की साफ सफाई का प्रयास किया जाए कहीं पर भी कूड़ा का ढेर न दिखाई दे। प्रातः कल 5:00 बजे से 8:00 बजे के बीच होने वाली साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दें। अभियान के दौरान बस व रेलवे स्टेसनो,पार्कों, उद्यानों, अस्पतालों तथा सार्वजनिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों एवम् चौराहों की साफ-सफाई पर ध्यान देंगे। चौराहों के सुंदरीकरण का कार्य भी कराया जाए, स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक भी किया जाए। ए.के. शर्मा ने कहा कि गत वर्ष इसी समय अभियान चलाकर सभी निकायों से 04 हजार कूड़ा स्थलों को साफ किया गया था। इस बार के अभियान में भी पुराने कूड़ा स्थलों के साथ नए बने कूड़ा स्थलों को साफ कर वहां पर सुंदरीकरण का कार्य कराए। लोग कूड़ा इधर-उधर न फेंके इसके लिए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को प्रभावी ढंग से चलाएं। लोगों को डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित करें। कूड़े के सोर्स सेग्रीगेशन के लिए भी जागरूक करें, हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण भी कराए।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के लिए अभियान में युवाओं, महिलाओं व आमजन की भागीदारी बढ़ाई जाए। शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता क्लब आयोजित कराए जाएं। निकायों के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता निगरानी समितियां गठित कराई जाएं। जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लिया जाए।

## उधमपुर रेलवे स्टेशन अब "शहीद कैप्टन तुषार महाजन" के नाम से जाना जायेगा

नई दिल्ली/लखनऊ। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में स्थित उधमपुर (यूएचपी) रेलवे स्टेशन का तत्काल प्रभाव से नाम बदलकर ''शहीद कैप्टन तुषार महाजन'' (एमसीटीएम) रेलवे स्टेशन कर दिया गया है।

## हिन्दी दिवस पर कवि हुए सम्मानित

लखनऊ। हिन्दी दिवस के अवसर पर जयपुर की साहित्य मंडल संस्था की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में में कवयित्री एवं शिक्षिका डॉ. कुसुम चौधरी व अनागत काव्य विधा के प्रवर्तक वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि डॉ.अजय प्रसून को हिन्दी काव्य भूषण सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। कवि डॉ.अजय प्रसून के नाथद्वारा राजस्थान न पहुंच पाने के कारण डॉ. कुसुम चौधरी द्वारा सम्मान ग्रहण किया गया।

## विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। हिन्दी पखवाड़ा समारोह के तहत पूर्वोत्तर रेलवे के ऐशबाग स्थित पॉलीक्लीनिक में विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीक्षा चौधरी ने की। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान संपादक हिन्दी संस्थान डॉ. अमिता दुबे ने अपना ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

## चंद्र मोहन मिश्र मार्ट पुलिसिंग अवार्ड से पुरस्कृत

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त चंद्र मोहन मिश्र को स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। अपराध नियंत्रण और स्थानीय लोगों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शामिल करने के लिए फेडेरेशन ऑफ इण्डियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड से उनको सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मिश्रा को दिल्ली में प्रदान किया गया। पुरस्कार पूरे देश के सभी राज्य पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र बलों के बीच वितरित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रतिवर्ष पुलिसिंग के क्षेत्र में योगदान देने वाले जवानों व अधिकारियों को दिया जाता है। आसनसोल मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रहने के दौरान चंद्र मोहन मिश्रा ने अंडाल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए सामुदायिक पुलिसिंग पर विशेष कार्य किया था। इसके अंतर्गत आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 800 लोगों की सूची तैयार की गई और उन्हें रोजगार के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए गये। रोजगार मिल जाने के कारण उन्होंने आपराधिक गतिविधियों से किनारा कर लिया। मिश्र के इस प्रयोग की प्रशंसा मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार और रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने भी की है।

## इरिटम ने हिन्दी दिवस मनाया

लखनऊ। भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान इरिटम ने हिन्दी दिवस कार्यक्रम मनाया। संस्थान के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आरपीएफ कमिश्नर हसन अस्करी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महानिदेशक हरि शंकर वर्मा और संकाय सदस्य, प्रशिक्षु और इरिटम के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पखवाड़े के दौरान इरिटम विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रोफेसर शिशिर सोमवंशी आदि मौजूद रहे।

# अंजुमन-ए-नय्यरुल इस्लाम की शब्बेदारी संपन्न



छोटे- छोटे बच्चों के हाथों में दिखे अलम और ताबूत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हुसैनाबाद स्थित हाता मिर्जा अली खा की अंजुमन ए नय्यरुल इस्लाम की तराही सालाना शब्बेदारी के तीसरे व अंतिम दिन मौलाना हैदर अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अंजुमन का काम सिर्फ 2 महीने मातम करना नहीं हैं बल्कि तमाम ऐसे काम हैं जो अजुमन को अंजाम देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कौम के हर बच्चे को शिक्षा देना दिलाना भी अंजुमन की जिम्मेदारी है। मजलिस को खिताब करने के दौरान मौलाना ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि अंजुमन ए नय्यरुल इस्लाम एजूकेशन सेंटर बनाने के लिए कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इल्म को बढ़ावा देना हम सब की जिम्मेदारी है। तीन दिन तक चली शब्बेदारी में शहर की मशहूर 15 अंजुमनों ने शिरकत की। अंजुमन के अलविदाई अलम से पहले मौलाना गुलाम रजा ने मजलिस को खिताब किया। इसके बाद अजाखाने से छोटे-छोटे बच्चों ने अलम और ताबूत के साथ या हुसैन या हुसैन के साथ अंजुमन के एजूकेशन सेंटर पहुंचे। इस मौके पर अंजुमन के जिम्मेदार इरशाद हुसैन उर्फ राज, कम्बर अली आगा अतहर इमाम, कमर इमाम, हैदर रिजवी, हुजूर अली, हैदर, अजादार हुसैन, हाशिम हुसैन, तकी हुसैन, आबिद बाकर, रईस आगा, मेराज, मूसी रजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## इमामबाड़ा बहिश्ते ज़हरा में मजलिसे खमसा आज से

लखनऊ। अय्याम ए अज़ा के आखिरी दिनों में मजलिसो मातम का सिलसिला तेज़ हो गया है।इसी सिलसिले को लेकर इमामबाड़ा बहिश्त ए ज़ेहरा कुमेदान की बगिया कब्रिस्तान अहमद गंज पजावा मुसाहब गंज में आज पहली रविअव्वल से मजलिसे खमसा का आयोजन किया जा रहा है। पहली मजलिस 17 सितंबर पहली रविअव्वल से शुरू होगी। मजलिस की शुरुआत शाम 5 बजे से तिलावते कुरआन ए पाक से होगी।पहली मजलिस मौलाना सैय्यद सादिकअ ब्बासआब्दी, दूसरी रवि अव्वल की मजलिस मौलाना मिर्ज़ा जाफर अब्बास,तीसरे रविअव्वल की मजलिस मौलाना सैय्यद अफजल रिज़वी नज़फी,चौथी रविअव्वल की मजलिस मौलाना शाह सैय्यद मोहम्मद अली रिज़वी,पांचवीं रविअव्वल की आखरी मजलिस मौलाना गुलरेज़ नकी मजलिस को खिताब फरमाएंगे।मजलिस का आयोजन कब्रिस्तान में दफन मरहूमीनो के वारिसान और मोमिन मुफ्तीगंज की जानिब से किया जा रहा है।

## रबीउल अव्वल का चाँद नज़र आया, ईदे मिलादुन्नबी 28 को

लखनऊ। रबीउल अव्वल का चाँद आज नज़र आ गया पहली रबीउल अव्वल कल 17 सितंबर को होगी। शिया चाँद कमेटी के सदर मौलाना सैफ अब्बास , मरकज़ीचाँद कमिटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगमहली , शहर क़ाज़ी अबुल इरफ़ान फिरंगमहली और आल इंडिया शिया चाँद कमेटी के जनरल सेक्रेटरी मौलाना तस्नीम महदी ने आज चाँद होने की तस्दीक़ की है। पहली रबीउल अव्वल कल 17 सितंबर को 8 रबीउल अव्वल यौमे शहादत इमाम हसन अस्करी अस 24 सितंबर , ईदे ज़ेहरा 9 रबीउल अव्वल 25 सितंबर , ईदे मिलादुन्नबी 12 रबीउल अव्वल यौमे विलादत पैग़म्बरे इस्लाम (बमुताबिक़ अहले सुन्नत )28 सितंबर , 17 रबीउल अव्वल यौमे विलादत पैग़म्बरे इस्लाम और यौमे विलादत इमाम जाफर सादिक़ अस 3 अक्टूबर को होगी।

## सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में शनिवार को उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। लविप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर आयोजित सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में सभी अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी मीटिंग हॉल में अपने अनुभागों की लम्बित फाइलों के साथ एकत्रित हुए। कार्रवाई के दौरान विभिन्न प्रकरणों से संबंधित कुल 189 फाइलों का निस्तारण किया गया। लविप्रा के विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर आयोजित सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में लम्बित फाइलों का निस्तारण किया जा रहा है। उपाध्यक्ष डॉ. त्रिपाठी ने लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए फाइलों पर तुरंत निर्णय लेकर कार्रवाई कराई।

# स्वच्छता जीवन शैली का मूलभूत सिद्धांतः हरदीप एस पुरी

पिछले नौ वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं, जिससे देश को खुले में शौच के अभिशाप से मुक्ति मिली हैः हरदीप एस

अवधनामा ब्यूरो




लखनऊ। स्वच्छ भारत मिशन भी अंत्योदय से सर्वोदय के दर्शन का एक ज्वलंत उदाहरण है। आवास एवं शहरी मामलों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ने हमारे शहरों के हाशिए पर रहने वाले और कमजोर वर्गों को प्राथमिकता दी है और शहरी गरीबों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रयास किया है। पुरी आज स्वच्छता ही सेवा-2023 के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे।

स्वच्छ भारत दिवस की प्रस्तावना के रूप में, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी और ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 के बीच वार्षिक स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य भारतीय स्वच्छता लीग 2.0, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और सामूहिक स्वच्छता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देश भर में करोड़ों नागरिकों की भागीदारी जुटाना है।

स्वच्छता ही सेवा-2023 को जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की सचिव श्रीमती विनी महाजन और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय में सचिव मनोज जोशी की उपस्थिति में एक वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए किया।

इस आयोजन के दौरान, लेह, लद्दाख; पिंपरी, महाराष्ट्र; मेरठ, उत्तर प्रदेश; लखीमपुर, असम के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने-अपने शहरों में स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों के सर्वोत्तम तरीके साझा किये।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ही सेवा-2023 पर एक वीडियो लॉन्च किया गया। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा-2023 का लोगो, वेबसाइट और पोर्टल भी लॉन्च किया गया। इस अवसर पर इंडियन स्वछता लीग (आईएसएल) 2.0, सफाईमित्र सुरक्षा शिविर लोगो और नागरिक पोर्टल का भी शुभारम्भ किया गया।स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता ही सेवा-2023 के शुभारम्भ के बारे में बात करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की आगामी नौवीं वर्षगांठ और स्वच्छता ही सेवा 2023 का शुभारंभ उत्सव का पल है। अब समय आ गया है कि हम अपने शहरों को साफ-सुथरा रखने के लक्ष्य के प्रति फिर से प्रतिबद्ध हों। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के शुभारम्भ के साथ, हम स्वच्छता के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं। आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब माननीय प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2014 को लाल किले की प्राचीर से स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा की, तो इतने बड़े पैमाने पर परिवर्तन की पहले कभी कल्पना नहीं की गई थी।

# किसी भी मजहब में इंसानियत सर्वोपरिः शाहनाज

हमे समाज में इंसानियत के पैगाम को मजबूत करना है : शाहनाज़

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। बज्म ए खवातीन के द्वारा इंसानियत तालीम और कौमी एकता विषय पर एक संगोष्ठी जनाना पार्क अमीनाबाद में हुआ, जिसकी सदारत करते हुए बेगम शाहनाज सिदरत ने कहा की किसी भी मजहब के मूल में इंसानियत ही है हमे समाज में इंसानियत के पैगाम को मजबूत करना है कोई किसी भी मजहब का हो हमे उसके साथ मानवता का व्यवहार करना चाहिए कभी भी इंसानियत के आड़े मजहब नहीं लाना चाहिए कुरान पाक और अन्य मजहब के ग्रंथो में भी इंसानियत का पैगाम दिया गया है जिस समाज में ये जज्बा आ जाए वहा कभी भी मजहब के नाम पर फसाद नही होगा सांप्रदायिक सौहार्द मजबूत होगा । उन्होंने यह भी कहा की इसके लिए तालीम एक जरूरी चीज है बेटियो को पढ़ाए ताकि वो घर ब समाज को आगे ले जाए वो गलत सही का फैसला कर सके अपने बच्चो को भी गुमराह होने और सोसलमिडिया के नुकसान को बता सके आज खुशी होती है ये देख कर कि बेटियां अन्तरिक्ष के मिशन में भी बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है लेकिन उन्हें अभी और तरक्की और मजबूत होने को प्रोत्साहित करना चाहिए । हमे हमेशा अपने बच्चो को देश के शहीदों की कुर्बानियों और उनके द्वारा आपसी भाई चारा ब एकता के प्रयासों के बारे बताना चाहिए आजादी हमारे पूर्वजों के त्याग और बलिदान से मिला है इसकी हिफाजत और मुल्क की तरक्की मजबूती बनाए रखना हमारी और आने। वाली नस्लों की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अनवर जहां, मेहरू निशा , रिजवाना मजीद, अजरा मुशीर अल्वी, सुलताना जाफरी एवं हिना बानो ने अपने विचार व्यक्त किए।

# डा. असना ने बढ़ाया देश का मान

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। डा. असना नकवी ने हाल ही में स्त्री रोग से संबंधित दुनिया की सबसे बड़ी परीक्षा M.R.C.O.G. उत्तीर्ण की है, जिसकी उपाधि कल शाम को लंदन में प्रदान की गई कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिभागी मौजूद थे रुदौली के डा निहाल रजा के बेटे डॉक्टर वासिफ रजा की पत्नी डॉ असना ज़ेहरा नक़वी ने एमएस बी एच यू से उत्तीर्ण किया था। एमआरसीओजी यानी यूनाइटेड किगडम के रायल कालेज आफ ओब्स्टेट्रिशियन एंड गायनेकोलॉजिस्ट का सदस्य होना किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के लिए बहुत गौरव की बात होती है। इस परीक्षा में शामिल होना और उसे उत्तीर्ण करना बहुत गौरव की बात है। इसे शीर्ष-श्रेणी योग्यता मानक के रूप में मान्यता प्राप्त है। जिस डॉक्टर के पास एमआरसीओजी की डिग्री होती है उसे बहुत विश्वसनीय माना जाता है। जिस अस्पताल में इस डिग्री वाले डॉक्टर होते हैं। उनकी साख भी काफी बढ़ जाती है। एमआरसीओजी डाक्टर चिकित्सा शिक्षा में अग्रणी हैं, और अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, भारत और मध्य पूर्व सहित दुनिया भर में मान्यता के साथ एक सम्मानित अंतरराष्ट्रीय संकाय के रूप में जाने जाते हैं। यह विशिष्टता और महान गौरव का प्रतीक है।

# कृषकों को मौसम संबन्धी परामर्श जारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की वर्ष 2023-24 की बारहवीं बैठक डा. संजीव कुमार, उप महानिदेशक उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद की अध्यक्षता में दिनांक 14 सितम्बर, 2023 को उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद में सम्पन्न हुई। प्रदेश में मौसम के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किसानों को अगले सप्ताह कृषि प्रबन्धन के लिए निम्नलिखित सुझाव दिये गये। आगामी सप्ताह (14 से 20 सितम्बर, 2023) के दौरान मुख्यतया प्रदेश के दक्षिणी भागों (बुंदेलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र) एवं संलग्न मध्यवर्ती इलाकों में अनेक स्थानों पर मेघगर्जन एवं वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जबकि प्रदेश के उत्तरी तराई इलाकों में छिटपुट बारिश होने की सम्भावना है। दिनांक 15 सितम्बर, 2023 के दौरान बुंदेलखण्ड क्षेत्र में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की भी संभावना है। द्वितीय सप्ताह (21 से 27 सितम्बर, 2023) के दौरान मुख्यतया प्रदेश के दक्षिणी एवं मध्यवर्ती भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन एवं वज्रपात के साथ सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, जबकि प्रदेश के उत्तरी तराई इलाकों में सामान्य से कम वर्षा होने की सम्भावना है।

बुंदेलखण्ड एवं विंध्य क्षेत्र में मध्यम से भारी वर्षा के पूर्वानुमान के दृष्टिगत खेतों से जल निकासी की उचित व्यवस्था करें। मानसून ऋतु में वर्षा एवं वज्रपात (आकाशीय विद्युत) से बचाव हेतु दिन-प्रतिदिन के मौसम पूर्वानुमान का विशेष ध्यान रखा जाय तथा तदनुसार बचाव के उचित उपाय किये जाय। वातावरण में तापक्रम एवं नमी की अधिकता रहने से रोग एवं कीट का प्रकोप बढ़ने की स्थिति में कीट नियंत्रण हेतु पर्यावरण हितैषी उपायों यथा प्रकाश-प्रपंच, बर्ड पर्चर, फेरोमोन टैप, ट्राइकोग्रामा तथा रोग नियंत्रण हेतु ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करें।

कीट एवं रोग नियंत्रण हेतु कीटनाशी रसायनों का प्रयोग अंतिम उपाय के रूप में करें। तेज हवा एवं वर्षा से गिरे गन्ने को उठाकर सीधा करें तथा उसकी यथाशीघ्र बंधाई कर दें जिससे कम से कम नुकसान हो। कृषकों/पशुपालकों के द्वारा पर पशु चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु विभाग के द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट योजना का संचालन किया जा रहा है।